

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, मानसून की विभीषिका से आखिर कैसे बचा जाए व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com


लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आषाढ़ शुक्ल पक्ष पूर्णिमा विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष -34, अंक -174, पृष्ठ -16+4, मूल्यः -5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार




**आज का मौसम** 38.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 05 : 27 सूर्यास्त 19 : 02


लखनऊ, रविवार, 21 जुलाई 2024



तीन विपक्षी दल ओली के खिलाफ देंगे मत...16


## सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर नीट-यूजी के नतीजे घोषित

नई दिल्ली, एजेंसी

- एनटीए ने वेबसाइट पर जारी किए परीक्षा परिणाम

एनटीए ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर नीट-यूजी के नतीजे शनिवार को शहरवार और केंद्रवार घोषित कर दिए। नतीजे अपनी आधिकारिक वेबसाइट एनटीए.एसी.इन पर जारी किए हैं।

नतीजों में विद्यार्थियों की पहचान उजागर नहीं की गई है। नीट-यूजी मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने 18 जुलाई को एनटीए को निर्देश दिया था कि वह नीट-यूजी के सभी विद्यार्थियों के नतीजे शनिवार को अपराह्न तक अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर जारी करे।

**571 शहरों में 4,750 केंद्रों पर हुई थी परीक्षा**

नीट यूजी की परीक्षा 5 मई को देश के 571 शहरों में 4,750 केंद्रों पर हुई थी। इसमें 23 .33 लाख से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए थे। नीट-यूजी की परीक्षा 14 विदेशी केंद्रों पर भी आयोजित की गयी थी, जिसमें लगभग 1,563 उम्मीदवार पुनः परीक्षा के लिए उपस्थित हुए।

## एनआईटी स्नातक और एमबीबीएस के दो छात्र गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने नीट-यूजी प्रश्नपत्र लीक मामले के सूत्रधारों में शामिल एनआईटी-जमशेदपुर से एक बी-टेक स्नातक और कथित तौर पर सॉल्वर के रूप में करने वाले एमबीबीएस के दो छात्रों को शनिवार को गिरफ्तार किया। एमबीबीएस के दोनों छात्रों को शनिवार को राजस्थान के भरतपुर के मेडिकल संस्थान से गिरफ्तार किया गया। एमबीबीएस के द्वितीय वर्ष के छात्र कुमार मंगलम बिश्नोई और प्रथम वर्ष के छात्र दीपेंद्र शर्मा पांच मई को झारखंड के हजारीबाग में मौजूद थे और इंजीनियर के साथ चुराये गए प्रश्नपत्र के लिए सॉल्वर के रूप में काम कर रहे थे।

## जीव सृष्टि के लिए ग्लोबल वार्मिंग नया संकट : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**कहा, पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जरूरी**

- मुख्यमंत्री ने लखनऊ, प्रयागराज व गोरखपुर में रोपा पौधा
- कुकरैल तट पर लगाया हरिशंकरी का पौधा

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग जीव सृष्टि के लिए नया संकट है, इसलिए पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण बहुत जरूरी है। मुख्यमंत्री ने यह बात शनिवार को कुकरैल नदी तट पर 36.50 करोड़ पौधरोपण महाअभियान की शुरुआत करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने कुकरैल तट पर अकबर नगर में हरिशंकरी का पौधा लगाया। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने प्रयागराज व गोरखपुर में भी पौधरोपण किया।



लखनऊ में कुकरैल नदी तट पर पौधरोपण महाअभियान की शुरुआत करते मुख्यमंत्री।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग को लेकर पर्यावरणविद् बहुत चिंतित हैं। यह संकट मनुष्य के स्वार्थ ने पैदा किया है। इसे रोकने की जिम्मेदारी भी मनुष्यों की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पौधरोपण को लेकर आह्वान हर देशवासी के लिए मंत्र बनना चाहिए। हमें पौधों को लगाना, बचाना व इसके जरिए पर्यावरण को संरक्षित करना है। पहली बार जुलाई के पहले सप्ताह में ही बाढ़ की विभीषिका झेलने को मजबूर होना पड़ा। प्रदेश की 20 लाख से अधिक की आबादी प्रभावित है। नेपाल व उत्तराखंड की अतिवृष्टि के कारण ये बाढ़ के चपेट में आए। यह ग्लोबल वार्मिंग का दुष्प्रभाव है।

**एक दिन में रोपे गए रिकॉर्ड 36.51 करोड़ से अधिक पौधे**

**लखनऊ :** पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ जनअभियान-2024 के तहत राज्य सरकार ने इतिहास रचा। प्रदेश में एक दिन में 36 .51 करोड़ से अधिक पौधे रोपे गये। शासन के अधिकारियों ने बताया कि शाम छह बजे तक 36,51,45,477 पौधरोपण कर प्रदेश ने कीर्तिमान बनाया। 36 .50 करोड़ के सापेक्ष 1,45,477 अधिक पौधे लगाए गए। अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश सरकार के सभी मंत्रियों ने भी अलग-अलग जिलों में पौधे रोपित किये। (पेज-3)

# यूपीएससी अध्यक्ष का इस्तीफा

### पिछले वर्ष अध्यक्ष बने थे मनोज सोनी, पांच वर्ष का कार्यकाल था बाकी

नई दिल्ली, एजेंसी

यूपीएससी के अध्यक्ष मनोज सोनी ने निजी कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। सोनी का कार्यकाल मई 2029 में समाप्त होना था। सूत्रों के मुताबिक सोनी के इस्तीफे का ट्रेनी आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर का मामला सामने आने के बाद संघ लोक सेवा आयोग पर उठ रहे सवालों से कोई लेना-देना नहीं है।

यूपीएससी अध्यक्ष ने निजी कारणों का हवाला देते हुए एक पखवाड़े पहले ही इस्तीफा सौंप दिया था। जिसे अभी तक स्वीकार नहीं किया गया है। प्रख्यात शिक्षाविद सोनी (59) ने 28 जून, 2017 को आयोग के सदस्य के रूप में पदभार संभाला था। उन्होंने 16 मई, 2023 को यूपीएससी अध्यक्ष के रूप में शपथ ली थी और उनका कार्यकाल 15 मई, 2029 को समाप्त होना था। यह घटनाक्रम इसलिए महत्व रखता है, क्योंकि यूपीएससी ने शुक्रवार को कहा था कि उसने परिवीक्षाधीन आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर के खिलाफ कई कार्रवाई शुरू की हैं, जिनमें फर्जी पहचान दस्तावेज के जरिये सिविल सेवा परीक्षा में शामिल होने के अधिक मौके पाने के आरोप में उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराना शामिल है। आयोग ने कदाचार के आरोपों की गहन जांच के बाद खेडकर के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज कराया। उसने सिविल सेवा परीक्षा-2022 के लिए उनकी उम्मीदवारी रद करने और भविष्य की परीक्षाओं में शामिल होने से रोकने के लिए उन्हें कारण बताओ नोटिस भी जारी किया। खेडकर द्वारा सत्ता और विशेषाधिकारों के कथित दुरुपयोग का मामला जब से सामने आया है, तब से सोशल मीडिया पर आईएएस और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारियों द्वारा फर्जी प्रमाण पत्रों के इस्तेमाल के दावों और प्रतिदावों की बाढ़ सी आ गई है।



- बोले- इसका पूजा खेडकर विवाद से संबंध नहीं

**कांग्रेस बोली- प्रधानमंत्री दें जवाब, घोटालों और इस्तीफे के बीच क्या संबंध**



**नई दिल्ली।** यूपीएससी के अध्यक्ष के इस्तीफे के बाद कांग्रेस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यूपीएससी से जुड़े विवाद पर स्पष्टीकरण देना चाहिए तथा सरकार को यह भी बताना चाहिए कि क्या इतने सारे घोटालों और इस्तीफे के बीच क्या संबंध है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि सोनी के इस्तीफे को एक महीने तक छिपाकर क्यों रखा गया ? पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह सवाल किया कि एनटीए के प्रमुख प्रदीप कुमार जोशी क्यों बचे हुए हैं ? यह स्पष्ट रूप से लग रहा था कि यूपीएससी के मौजूदा विवाद को देखते हुए सोनी को बाहर किया जाएगा। वहीं प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि यूपीएससी प्रक्रिया में गड़बड़ी की खबरें चौंकाने वाली हैं।

**यूपीएससी में अध्यक्ष पद की नियुक्ति से पहले कुलपति के रूप में तीन कार्यकाल पूरे किए**

यूपीएससी में अपनी नियुक्ति से पहले सोनी ने कुलपति के रूप में तीन कार्यकाल पूरे किए थे। उन्होंने एक अगस्त 2009 से 31 जुलाई 2015 तक डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर मुक्त विश्वविद्यालय (बीएओयू), गुजरात के कुलपति के रूप में लगातार दो कार्यकाल और अप्रैल 2005 से अप्रैल 2008 तक बड़ौदा के महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय (एमएसयू) के कुलपति के रूप में एक कार्यकाल पूरा किया। एमएसयू में नियुक्त होने के दौरान सोनी भारत में किसी विश्वविद्यालय के सबसे कम उम्र के कुलपति बने थे।

## बाढ़ प्रभावित जिलों के लिए 120 करोड़

**लखनऊ ।** प्रदेश के बाढ़ प्रभावित 40 जिलों में राहत के लिए 120 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। लखीमपुर खीरी, बलरामपुर, कुशीनगर, शाहजहांपुर, बाराबंकी, सीतापुर, गोंडा, बहराइच, सिद्धार्थनगर, बलिया, गोरखपुर, बरेली, आजमगढ़, हरदोई, अयोध्या, बदायूं, फर्रुखाबाद, बस्ती, देवरिया व उन्नाव को 5-5 करोड़ रुपये जारी किया गया है, जबकि महराजगंज, बिजनौर, गाजीपुर, मऊ, अम्बेडकरनगर, श्रावस्ती, संतकबीरनगर, पीलीभीत, सहारनपुर, शामली, अलीगढ़, हमीरपुर, गौतमबुद्धनगर, रामपुर, प्रयागराज, बुलंदशहर, मुरादाबाद, वाराणसी, लखनऊ व कासंगज को 1-1 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं।

## अमरोहा में मालगाड़ी के 10 डिब्बे पलटे

- घटनास्थल पर पहुंचकर रेलवे के अधिकारियों ने जांच शुरू की

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**दिल्ली-लखनऊ रेल लाइन पर संचालन बाधित**

**अमृत विचार :** अमरोहा में रेलवे स्टेशन से आगे कल्याणपुरा फाटक के पास शनिवार शाम मालगाड़ी के 10 डिब्बे पटरी से उतरकर पलट गए। घटना के बाद दिल्ली-लखनऊ रेल लाइन पर 16 ट्रेनें का संचालन बाधित हो गया। सूचना के बाद घटनास्थल पर पहुंचकर रेलवे के अधिकारियों ने जांच की।

सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि गोंडा कचहरी से गाजियाबाद जा रही मालगाड़ी शनिवार शाम 6:59 बजे अमरोहा रेलवे स्टेशन पहुंची। यहां से मालगाड़ी दिल्ली की ओर आगे बढ़ी तो अतरासी पुल से पहले मालगाड़ी बेपटरी हो गई। इस दौरान तेज धमाके की आवाज सुनकर स्थानीय लोग सहम गए। बताया गया कि दो डिब्बों में केमिकल भरा था, जबकि अन्य डिब्बे खाली थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि 500 मीटर दूर तक पटरी उखड़ गई है। इसके अलावा बिजली की ओवरहेड लाइन भी क्षतिग्रस्त हो गई। प्रारंभिक जांच में घटना की वजह साफ नहीं हुई है।



अमरोहा में मालगाड़ी के पलटे पड़े डिब्बे। ● अमृत विचार






### एक नजर

**आगरा में 20.5 किग्रा चरस के साथ दो गिरफ्तार**

**लखनऊ।** उप्र. एसटीएफ ने शनिवार को आगरा के ताजपुर थाना क्षेत्र से 20 .5 किग्रा चरस के साथ दो नेपाली नागरिकों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि यह चरस बिहार के चंपारण के लिए जानी थी। इसकी अंतर्राष्ट्रीय कीमत एक करोड़ रुपये बताई जा रही है। दोनों के पास दो भारतीय सिम भी मिले हैं। अपर पुलिस अधीक्षक आगरा राकेश ने बताया कि चरस की सप्लाई की सूचना मिल रही थी, इस दौरान जांच शुरू की गई।

**केंद्रीय विद्यालय को बम से उड़ा देने की धमकी**

**इंदौर।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) के परिसर में स्थित एक केंद्रीय विद्यालय को ईमेल पर विद्यालय भवन 15 अगस्त को बम से उड़ा देने की धमकी मिली है। पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) ने कहा कि सिमरोल थाने में प्राप्त शिकायत के मुताबिक आईएसआई नाम वाली एक आईडी से यह ईमेल विद्यालय के आधिकारिक ईमेल एड्रेस पर भेजा गया है।

**कवयित्री शबीना अदीब की प्रस्तुति पर जताई आपत्ति**

मेरठ : उत्तर भारत के ऐतिहासिक नौचंदी मेला के पटेल मंडप में शनिवार रात आयोजित होने वाले अखिल भारतीय मुशायरे में एक कवयित्री (शायरा) को यहां प्रस्तुति देने से कथित तौर पर इसलिए रोक दिया गया क्योंकि उन्होंने पूर्व में सरकार के खिलाफ एक आपत्तिजनक कविता पढ़ी थी। शबीना की प्रस्तुति पर भाजपा के स्थानीय सदस्यों ने आपत्ति जताई थी। मुशायरा आयोजित कर रहे रालोद के महासचिव मेराजुद्दीन अहमद ने कहा कि एक साजिश के तहत शबीना अदीब का शायरी पढ़ते हुए एक पुराना वीडियो प्रसारित किया गया।

## झोपड़ी पर पलटा डंपर दंपति व दो बेटों की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अयोध्या हाईवे पर बीबीडी विवि के सामने हुआ हादसा

**अमृत विचारः** अयोध्या हाईवे पर बीबीडी विश्वविद्यालय के सामने शुक्रवार देर रात तेज रफ्तार डंपर डिवाइडर तोड़ते हुए झोपड़ी पर पलट गया। हादसे में आठ माह की गर्भवती पत्नी, पति व दो बच्चों की मौत हो गई। डंपर चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

इंस्पेक्टर अजय नारायण के मुताबिक, टाइल्स कारीगर उमेश (35) बाराबंकी के शाहकटरा जैदपुर देहात का निवासी था। वह बीबीडी विश्वविद्यालय के सामने फुटपाथ पर झोपड़ी में पत्नी नीलम (35), बेटे सनी (13), गोलू (4) और बेटी वैष्णवी (10) के साथ रहता था। रात करीब 2 बजे तेज रफ्तार मौरंग से भरा डंपर झोपड़पट्टी पर पलट गया। डंपर झोपड़ी को समेटते हुए सड़क किनारे 10 फीट गहरी खाईं में जा गिरा। उमेश, पत्नी और बच्चे नीचे दब गए। धमाका सुन भाई अमर सिंह समेत आसपास के लोग पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने क्रेन से डंपर का पिछला हिस्सा उठाकर सभी को निकाल कर अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने उमेश, पत्नी नीलम, गोलू और सनी को मृत घोषित कर दिया।

## जानबूझकर कम कैलोरी ले रहे केजरीवाल : एलजी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने आरोप लगाया है तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल उन्हें दी जा रही भोजन की चिकित्सकीय खुराक और दवाएं जानबूझकर नहीं ले रहे।

उपराज्यपाल ने मुख्य सचिव नरेश कुमार को लिखे पत्र में केजरीवाल के स्वास्थ्य की स्थिति के बारे में जेल अधीक्षक की रिपोर्ट का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री द्वारा जानबूझकर कम कैलोरी लिए जाने के कई उदाहरण हैं। वहीं आप ने उपराज्यपाल के पत्र की आलोचना की। आप ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केजरीवाल को मारने की साजिश रच रही है।

## संसद का मानसून सत्र कल से

**12 अगस्त को सत्र समाप्त होने तक होंगी कुल 19 बैठकें, बजट 23 को**

नई दिल्ली, एजेंसी

- नीट पेपरलीक और रेल सुरक्षा पर सरकार को घेरेगा विपक्ष
- जम्मू-कश्मीर के बजट के लिए मंजूरी भी मिलने की संभावना

संसद का मानसून सत्र सोमवार से शुरू होगा। इसमें वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मंगलवार को केंद्रीय बजट पेश करेंगी। इस सत्र के दौरान विपक्ष नीट पेपरलीक और रेल सुरक्षा जैसे मुद्दों को लेकर सरकार को घेरने की तैयारी में हैं। मानसून सत्र 22 जुलाई से शुरू होकर 12 अगस्त को समाप्त होगा। इस दौरान कुल 19 बैठकें होंगी।

सरकार की ओर से छह विधेयक पेश किए जाने की उम्मीद है, जिनमें 90 साल पुराने विमान अधिनियम को बदलने वाला विधेयक भी है। इस सत्र में जम्मू-कश्मीर के बजट के लिए संसद की मंजूरी भी मिलने की संभावना है। सीतारमण सोमवार को संसद में आर्थिक सर्वेक्षण भी पेश करेंगी। वह 23 जुलाई को आम बजट पेश करने वाली हैं। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने 21 जुलाई को संसद में राजनीतिक दलों के नेताओं की एक बैठक बुलाई है।

**वंदे मातरम सहित अन्य नारे नहीं लगाने का अनुरोध**

**नई दिल्ली।** सोमवार से संसद सत्र शुरू होने से पहले सांसदों को याद दिलाया गया है कि सभापति के निर्णयों की सदन के अंदर या बाहर सीधे तौर पर या परोक्ष तौर पर आलोचना नहीं की जानी चाहिए। साथ ही सदस्यों को वंदे मातरम, जय हिंद सहित अन्य नारे नहीं लगाने चाहिए। संसद सदस्यों को यह भी याद दिलाया गया कि सदन में तख्तियां लेकर प्रदर्शन करने की भी नियम अनुमति नहीं देते हैं। राज्यसभा सचिवालय ने राज्यसभा सदस्यों के लिए पुस्तिका के कुछ अंश को 15 जुलाई को अपने बुलेटिन में प्रकाशित कर संसदीय परंपराओं और संसदीय शिष्टाचार के प्रति सदस्यों का ध्यान आकृष्ट किया है।

## एक नजर

### नीट एमडीएस काउंसिलिंग से पांच अभ्यर्थी बाहर

अमृत विचार, लखनऊ : नीट एमडीएस की काउंसिलिंग में पंजीकरण कराने वालों में पांच अभ्यर्थियों को कॉलेज की प्राथमिकता लॉक न करने की वजह से शनिवार को दाखिले की प्रक्रिया से बाहर कर दिया गया है। मालूम हो कि चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा नीट उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों की मेरिट जारी करने के बाद कॉलेज की प्राथमिकताएं भरने के निर्देश दिए गए थे। साथ ही अवगत कराया गया गया था कि कॉलेज की वरियता भरने के बाद सीट लॉक करना जरूरी है। अन्यथा प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

# महाकुंभ के लिए अक्टूबर तक सभी कार्य पूरे किए जाएं: योगी

- मुख्यमंत्री ने प्रयागराज में महाकुंभ की तैयारियों की ली जानकारी
- कर्मियों को नेमप्लेट और यूनिकोड उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ, प्रयागराज



प्रयागराज में जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ के लिए अक्टूबर तक सभी कार्य पूरे किये जायं। मुख्यमंत्री शनिवार को प्रयागराज में अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से महाकुंभ की तैयारियों की जानकारी ले रहे थे। उन्होंने सर्किट हाउस में अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। संगम किनारे स्थित लेटे हनुमान के मंदिर में पूजा-अर्चना की।

मुख्यमंत्री ने महाकुंभ को भव्य और दिव्य कराने के साथ स्वच्छ, सुरक्षित और हरित स्वरूप देने के निर्देश दिये। उन्होंने महाकुंभ में ड्यूटी करने वाले सभी कर्मियों को 'नेमप्लेट' और 'यूनिकोड' उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही ट्रेनिंग को समय पर पूरा कराने के निर्देश दिये। उन्होंने स्वच्छता पर विशेष जोर देते हुए कहा कि हरित महाकुंभ के मद्देनजर कुंभ क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूरी तरह से रोक होनी चाहिये। सभी कार्य गुणवत्ता के साथ समय पर पूरे कर लिये जायं। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने महाकुंभ के आयोजन से जुड़े सभी स्टेक होल्डर्स, साधु संतों, जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों और सभी संस्थाओं के साथ बेहतर तालमेल बनाकर उनसे सतत संवाद बनाए रखने के निर्देश दिए।

### बैठक में नहीं पहुंचे उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य

महाकुंभ को लेकर मुख्यमंत्री की बैठक में कई मंत्री व विभागीय अधिकारी शामिल हुए, पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य नहीं शामिल हुए। वह शनिवार को प्रयागराज में ही थे। मुख्यमंत्री व उप मुख्यमंत्री के पहुंचने का समय अलग-अलग था। केशव प्रसाद मौर्य मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी के पुत्र के प्रीतिभोज समारोह में भी शामिल हुए और वहां से कौशाम्बी के लिए रवाना हो गए।

# की-मैन ने दी थी ट्रैक में खराबी की जानकारी

- अवर अभियंता व की-मैन की बातचीत का ऑडियो हुआ वायरल

कार्यालय संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार:** चंडीगढ़- डिब्रूगढ़ रेल हादसे को लेकर एक बड़ा खुलासा सामने आया है। गुरुवार को जिस ट्रैक पर हादसा हुआ वह डेंजर जोन में था। ट्रैक की निगरानी करने वाले रेलवे के की-मैन ने एक दिन पहले ही अपने सीनियर्स को अलर्ट कर ट्रैक के खराब होने की जानकारी दी थी। हादसे वाले दिन भी ट्रेन के आने से आधे घंटे पहले भी वह चिल्लाता रहा कि ट्रैक खराब है, लेकिन किसी ने उसकी बात नहीं सुनी।

नतीजा चंडीगढ़ डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस डिरेल हो गई। कीमैन व जेई के बीच की बातचीत का ऑडियो वायरल हो रहा है। इस वायरल ऑडियो को लेकर रेल महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। वायरल ऑडियो में की-मैन अपने सीनियर अधिकारियों से चिल्ला चिल्ला कर कह रहा है कि ट्रैक खराब है, आगे खतरा हो सकता है, गाड़ी पटरी से उतर सकती है। लेकिन कर्मचारी की बात नहीं सुनी गई और चंडीगढ़ डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन इस जगह पर डिरेल हो गई।

रेल कर्मचारी आसने वर्ष 2008 से ही गोंडा रेल अनुभाग में की- मैन के पद पर तैनात है। ट्रैक निगरानी करने वाला कर्मचारी छुट्टी पर गया था। इसलिए 4 दिन पहले ही आसने की ड्यूटी ट्रैक निगरानी के लिए लगाई गई थी। आसने ने बताया कि उसने एक दिन पहले ही रेलवे के अवर अभियंता रंजन कुमार को इस ट्रैक की खराबी की जानकारी देते हुए उन्हें सतर्क किया था। उसने कहा कि हादसे के एक दिन पहले जब वह ट्रैक चेक कर रहा था तब उसे पटरियों के बीच बकलिंग (गैप) दिखाई दिया था।

उसने तत्काल इसकी जानकारी अपने सीनियर अफसर को दी। गुरुवार को भी दोपहर में वह ट्रैक देखने गया था। उसे ट्रैक में खराबी दिखाई दी। मामला गंभीर था और उसका मोबाइल स्विच ऑफ हो गया था। वह तुरंत भाग कर गेट पर पहुंचा और अपने अधिकारी को फोन किया। उन्हें ट्रैक के खराबी की जानकारी देते हुए पूछा कि कॉशन लगा है कि नहीं।

दूसरी तरफ से अधिकारी ने कहा कि कॉशन लगने वाला है। इस पर की- मैन ने कहा कि बहुत खतरनाक स्थिति है। आसने ने जेई से कॉशन लगाने के लिए कहा था लेकिन उसकी बात नहीं सुनी गयी।

### लगाया गया था कॉशन

रेल अधिकारियों का कहना है कि कॉशन लगाया गया था और ट्रेन को 30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गुजरना था। लेकिन जब चंडीगढ़ डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस घटनास्थल से गुजरी तो उसकी स्पीड 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से अधिक थी। ऐसे में माना जा रहा है कि रेलवे के अफसरों ने समय रहते कॉशन नहीं लगाया जिससे ट्रेन के चालक को ट्रैक में खराबी की जानकारी नहीं मिल सकी। रेलवे की जांच टीमें इन बिंदुओं की गहनता से पड़ताल कर रही हैं।

# तीन समितियों की निगरानी में होंगे सामूहिक विवाह

## एसओपी के तहत आयोजन के लिए अधिकृत संस्थाएं भी तय, विभाग रख रहा है फूंक-फूंक कर कदम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



- मुख्य विकास अधिकारी होंगे समिति के अध्यक्ष
- समारोह की व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी समिति की होगी

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में पिछले बार हुई गड़बड़ियों से सबक लेते हुए समाज कल्याण विभाग ने आयोजन के लिए, एसओपी (मानक ऑपरेटिंग प्रक्रिया) बनाई है। गड़बड़ियां रोकने के लिए विभाग अब फूंक-फूंक कर कदम रख रहा है। इसी के मद्देनजर विभाग ने विवाह आयोजनों को लेकर एसओपी जारी की है। एसओपी में कहा गया है कि जिला स्तर पर तीन समितियां पूरे सामूहिक विवाह कार्यक्रमों पर नजर रखेंगी।

एसओपी के अनुसार पहली विवाह कार्यक्रम समिति होगी। इस समिति का अध्यक्ष जिले के मुख्य विकास अधिकारी और सचिव सदस्य जिला समाज कल्याण अधिकारी होंगे। समिति सदस्यों में मुख्य कोषाधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, कार्यक्रम अधिकारी और पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी सहित समिति में सात सदस्य होंगे। समिति में दो सदस्य महिला अधिकारी होंगी। कार्यक्रम स्थल तय करने सहित समारोह की अन्य व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी इसी समिति की होगी। दूसरी होगी सामूहिक विवाह अनुदान स्वीकृति समिति और तीसरी समिति होगी जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति। इन दोनों समितियों के अध्यक्ष डीएम और सचिव जिला समाज कल्याण अधिकारी होंगे।

### चार संस्थाएं ही आयोजन को अधिकृत

**अमृत विचार:** एसओपी में सामूहिक विवाह कार्यक्रम के लिए चार संस्थाओं को अधिकृत किया गया है। पहली संस्था नगरीय निकाय (नगर पंचायत, नगर पालिका परिषद और नगर निगम) है। दूसरी संस्था क्षेत्र पंचायत और तीसरी संस्था जिला पंचायत कार्यक्रम के लिए अधिकृत की गई है। चौथी संस्था के रूप में डीएम और जिला समाज कल्याण अधिकारी को अधिकृत किया गया है। यह दोनों अधिकारी अपनी देखरेख में सामूहिक विवाह का आयोजन करा सकते हैं। तय किया गया है कि समाज कल्याण निदेशालय जिलों की आबादी और वहां अनुसूचित जाति के प्रतिशत के आधार पर हर वर्ष विवाह के लिए लाभार्थियों का लक्ष्य तय करेगा और आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष पचास फीसदी धन राशि अप्रैल महीने में ही जिले को मुहैया करा दी जाएगी।

### कम से कम 10 जोड़ें

**अमृत विचार:** एसओपी में स्पष्ट किया गया है कि सामूहिक विवाह समारोह में कम से कम दस जोड़ों की शादी या निकाह होंगे। साथ ही राय भी गई है कि एक आयोजन में अधिकतम सौ जोड़ों को ही रखा जाए। निर्देश दिए गए हैं कि प्रत्येक दस जोड़ों पर एक पुरोहित या मौलवी की व्यवस्था विवाह कार्यक्रम समिति की ओर से की जाएगी। एसओपी के साथ सभी संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम स्थल का एक संभावित मैप भी भेजा गया है। मैप के जरिए बताया गया है कि आयोजन में अतिथियों के बैठने की व्यवस्था कहां होगी। कहां जोड़ों की शादियां होंगी। किस स्थान पर अतिथियों के भोजन की व्यवस्था होगी और पंडाल में कितने प्रवेश और निकास के द्वार होंगे।

## गोंडा ट्रेन हादसे में मृत नाबालिग का शव ले गए परिजन

**अमृत विचार, लखनऊः** गोंडा में ट्रेन हादसे में घायलों में शामिल नाबालिग को गंभीर हालत में केजीएमयू लाया गया था। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। शनिवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया।

चौक पुलिस के मुताबिक, यादव नगर मुरह मधेपुरा बिहार निवासी राकेश कुमार (17) भी गोंडा में हुए ट्रेन हादसे में घायल हो गया था। यहां पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे फूफा मिथिलेश ने बताया राकेश अपने चाचा संतोष व पलेंद्र के साथ देहरादून में रहकर काम करता था। वह लोग ट्रेन से वापस घर जा रहे थे। तभी रास्ते में हादसा हो गया था। परिजन शव लेकर घर चले गये। राकेश के परिवार में पिता मंटू, मां ललिता और एक भाई विपिन है।

# मेजा व बारा की दो इकाइयां ठप, बिजली संकट जारी

- उमस के कारण लगातार बढ़ रही बिजली की मांग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मेजा व बारा बिजलीघरों की दो इकाइयां ठप होने से प्रदेश में बिजली संकट गहरा गया है। दोनों इकाइयों के जल्द चालू होने की संभावना जताई जा रही है। उधर, गांवों में छह घंटे की घोषित कटौती के कारण ग्रामीण परेशान रहे। स्थानीय खराबी के कारण प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित रही।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों ने बताया कि मेजा व बारा की 660 मेगावाट क्षमता की दो इकाइयां बंद हो गई हैं। इससे उत्पादन बिजलीघरों में 1122 मेगावाट बिजली का उत्पादन कम हो गया है, जबकि उमस के कारण बिजली की मांग लगातार बढ़ती जा रही है। शनिवार को बिजली की अधिकतम मांग 29303 मेगावाट दर्ज की गई, जबकि न्यूनतम मांग 19,481 मेगावाट रही। सूत्रों ने बताया कि शाम के वक्त राज्य के बिजलीघरों में 4746 मेगावाट तापीय उत्पादन व 685 मेगावाट पनबिजली उत्पादन होता रहा। मांग को पूरा करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्त्रोतों से बिजली आयात की जा रही थी। कॉरपोरेशन के अधिकारियों का कहना है कि भारी उमस के कारण राहत देने वाले बिजली उपकरणों एसी आदि का उपयोग ज्यादा हो रहा है, इस कारण मांग में लगातार बढ़ोतरी हो रही है।

## पहली तिमाही में घट गए ढाई लाख निराश्रित

**अमृत विचार, लखनऊः** पेंशन योजनाओं समेत अन्य को पारदर्शी बनाने और गड़बड़ियों को रोकने के लिए समाज कल्याण विभाग नियमों को सख्त करता जा रहा है। विभाग की सख्ती और पेंशन देने से पहले कराए गए सर्वे का ही नतीजा है कि वर्तमान वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में ही निराश्रित महिला पेंशन योजना में 2 लाख 49 हजार 934 निराश्रित पेंशनर्स घट गए। पिछले वित्तीय वर्ष 2023-2024 में 28,62,724 पात्रों को पेंशन का लाभ दिया गया।

2024-25 में विभागीय सर्वे कराया। विभागीय सर्वे के दौरान पेंशनरों की संख्या घटकर 26,12,786 रह गई। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि योजना का लाभ अपात्र न ले सकें इसके लिए कुछ और नियम बनाए जा रहे हैं।

# पीएचसी बनकर रह गए ढाई दर्जन से ज्यादा ट्रामा सेंटर

- दुर्घटना ग्रस्त मरीजों को नहीं मिल रही अपेक्षित आकस्मिक चिकित्सीय सेवाएं
- शासन स्तर के अधिकारियों द्वारा की जा रही विशेषज्ञ चिकित्सकों की तलाश

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में रोड एक्सीडेंट या अन्य किसी दुर्घटना में घायल मरीजों को इमरजेंसी में बेहतर इलाज उपलब्ध कराने की वृहद योजना है, राजधानी में केजीएमयू व पीजीआई के ट्रामा सेंटर के अलावा स्वास्थ्य विभाग के पास ट्रामा सेंटर्स की लंबी फेहरिस्त है। मगर, विशेषज्ञ चिकित्सकों के अभाव में स्वास्थ्य विभाग के कागजों में क्रियाशील 34 ट्रामा सेंटर, इलाज उपलब्ध कराने के मामले में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (पीएचसी) बनकर रह गए हैं। केवल नाम के ट्रामा सेंटर हैं।

सड़क सुरक्षा नियम अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदेश में 46 ट्रामा सेंटर्स स्थापित किए गए थे। हर जिला एक मेडिकल कॉलेज योजनातंर्गत इनमें 12 ट्रामा सेंटर्स चिकित्सा शिक्षा विभाग के आधीन चलाए गए हैं। इसके बाद शेष 34 ट्रामा सेंटर्स में लखनऊ, हापुड़, गाजीपुर और मैनपुरी जिलें में नव स्थापित ट्रामा सेंटर आंशिक रूप से चल रहे हैं, जबकि अन्य सभी 30 ट्रामा सेंटर्स के पूर्ण संचालित होने का दावा करता है स्वास्थ्य विभाग। अधिकारियों का कहना है कि विशेषज्ञ चिकित्सकों की भारी कमी को देखते हुए शासन स्तर के अधिकारियों द्वारा विशेषज्ञ चिकित्सकों के विकल्पों की तलाश की जा रही है।

### विशेषज्ञ चिकित्सकों का अभाव

विशेषज्ञ चिकित्सकों के 3620 स्वीकृत पदों के सापेक्ष स्वास्थ्य विभाग में आधी संख्या में भी विशेषज्ञ नहीं हैं। नए चिकित्सक मिल नहीं रहे हैं। मौजूदा स्पेशलिस्ट चिकित्सक, मंडलीय व जिला अस्पतालों में ही खप जा रहे हैं। जिसकी वजह से नवस्थापित ट्रामा सेंटर उद्देश्य पूर्ण सेवाएं नहीं दे पा रहे हैं। नतीजतन, अधिकांश ट्रामा सेंटर्स जिला चिकित्सालय या समीप स्थित मंडलीय अस्पताल से संबद्ध कर संचालित हो रहे हैं, इमरजेंसी में मरीजों को प्राथमिक इलाज मिल रहा है।

### चिकित्सा शिक्षा विभाग में शिफ्ट हो गए 12 ट्रामा सेंटर

जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज बनने के बाद संबन्धित 12 ट्रामा सेंटर चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधीन संचालित हो रहे हैं। इनमें अयोध्या, फतेहपुर, ललितपुर, हरदोई, फिरोजाबाद, सुल्तानपुर, सोनभद्र, कानुपर देहात, मिर्जापुर, बहराइच व लखनऊ का ट्रामा सेंटर शामिल हैं। मेडिकल कॉलेज के अधीन संचालित होने की वजह से इन ट्रामा सेंटर्स में अपेक्षाकृत बेहतर इलाज उपलब्ध है, विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता से गंभीर मरीजों के लिए ट्रामा सेंटर्स के बाद मेडिकल कॉलेज में भी इलाज है।

### एक ट्रामा सेंटर के लिए 50 पद स्वीकृत

नवस्थापित ट्रामा सेंटर संचालित करने के लिए शासन द्वारा चिकित्सक समेत पैरामेडिकल स्टाफ के कुल 50 पद, प्रति ट्रामा सेंटर सृजित किए गए हैं। हर ट्रामा सेंटर के लिए स्वीकृत पदों में तीन इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर (ईएमओ), जनरल सर्जन, एनेस्थेटिक व आर्थोपैडिक चिकित्सक में दो-दो पद, अर्थात कुल नौ चिकित्सक शामिल हैं। इसके अलावा 15 स्टाफ नर्स, तीन ओटी टेक्नीशियन, तीन एक्स-रे टेक्निशियन, दो लैब टेक्नीशियन, नौ नर्सिंग अटेंडेंट और इतने ही यानि नौ पद सेवा प्रदाता एजेंसी के माध्यम से बतौर मल्टी टास्क वर्कर के पद स्वीकृत किए गए हैं।

"विशेषज्ञ डॉक्टरों की विभाग में कमी है बात सही है। विशेषज्ञों की संख्या बढ़ाने के लिए वॉक इन इंटरव्यू के माध्यम से नियुक्ति दी जा रही है, पांच लाख रुपए प्रतिमाह वेतन का भी ऑफर दिया गया है। ट्रामा सेंटर्स में कितनी कमी है, आंकड़े देखकर संख्या बढ़ाने की नीति अपनाई जाएगी। –**शिव सहाय अवस्थी,** विशेष सचिव स्वास्थ्य व निदेशक प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग

# खेतों से कर सकेंगे 100 घन मीटर मिट्टी का खनन और परिवहन

- ऑनलाइन आवेदन पर जिलाधिकारी की ओर से दिया जाता है अनुमोदन
- 100 घन मीटर से अधिक के खनन पर लेना होगा परमिट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** जन सामान्य और किसानों को सीमित मात्रा में मिट्टी का खनन करने के लिए राज्य सरकार की हरी झंडी मिल गई है। इसके लिए ऑनलाइन सूचना प्रेषित करनी होगी और 100 घन मीटर मिट्टी स्वयं के खेतों से खनन व परिवहन के लिए उपयोग कर सकते हैं। इसके लिए राज्य सरकार ने शनिवार को सभी जिलाधिकारियों और पुलिस कमिश्नर व एसएसपी और एसपी को निर्देश दिए हैं।

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने निर्देश में कहा है कि भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग के द्वारा 100 घनमीटर तक खनन के परिवहन के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की व्यवस्था की गई है। इसके लिए व्यक्ति को upminemitra.in पर रजिस्टर करना है। मगर, 100 घनमीटर मिट्टी से अधिक खनन के लिए परमिट लेना होगा। उन्हें उसी पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना है।

मालूम हो कि सामान्यतः एक ट्रैक्टर ट्राली से तीन घनमीटर मिट्टी आती है, इस आधार पर लगभग 33 ट्रैक्टर ट्रालियों का प्रयोग किया जा सकता है।

दरअसल, शासन मे शिकायतें आ रही थीं कि जन-सामान्य द्वारा अपने खेत से अपने निजी कार्य के लिए मिट्टी खुदाई कर ले जाने पर पुलिस व प्रशासन के द्वारा परमिट की मांग करते हुए रोका जा रहा है।

किसानों को होने वाली दिक्कतों को खत्म करने के लिए निर्देश दिए गए हैं। उप्र.उपखनिज (परिहार) नियमावली 1963 के नियम-3 के अतंर्गत दो मीटर की गहराई तक सामान्य मिट्टी की खुदाई को खनन के अंतर्गत नहीं माना गया है।

## सपा सरकार में ही युवाओं का भविष्य है : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊः** सपा के अखिलेश यादव ने कहा कि उपचुनाव में पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) को सामने रखकर जनता के बीच जाकर फिर सपा को विजयी बनाना है। साथ ही 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी में अभी से जुट जाएं। चुनावों में युवाओं की निर्णायक और महत्वपूर्ण भूमिका होगी। बिना समाजवादी सरकार के युवाओं का कोई भविष्य नहीं है।

सपा प्रमुख, शनिवार को पार्टी मुख्यालय में समाजवादी युवा संगठनों के राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि युवाओं को सपा की सदस्यता दिलाने के लिए महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों में छात्र, नौजवान सदस्यता व जागरूकता अभियान चलाया जाए।

# वेतन न मिलने को लेकर किया विरोध



संविदा बिजली कर्मियों की मांगों से संबंधित ज्ञापन को पुलिस अधिकारी को सौंपते सपा मजदूर सभा के पदाधिकारी। अमृत विचार

- सपा मजदूर सभा ने मार्च निकाल कर किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** संविदा बिजली कर्मियों को 18 महीने से वेतन न मिलने के विरोध में सपा मजदूर सभा ने शनिवार को पार्टी कार्यालय से राजभवन तक मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने राज भवन से पहले रोक लिया।

सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल निगम ने कहा कि विभाग के अपर प्रमुख महासचिव एसपी गोयल ने कानपुर के त्रुटि से निलंबित कर्मियों को बहाल करने का वादा किया था। डेढ़ साल बाद भी बहाली नहीं हुई है। राहुल ने कहा कि प्रशासन ने दो दिन में राज्यपाल से मुलाकात कराने का आश्वासन दिया है। अगर प्रशासन ने वादा पूरा नहीं किया तो विशाल प्रदर्शन किया जाएगा।

## जिम्स में नए निदेशक की नहीं हुई नियुक्ति

**अमृत विचार, लखनऊः** राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ग्रेटर नोएडा (जिम्स) के निदेशक डॉ. (बिग्रे.) राकेश कुमार गुप्ता का कार्यकाल शनिवार को खत्म हो गया है, मगर नए निदेशक की नियुक्ति न होने की वजह से सीट पर बने रहेंगे।

चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा का कहना है विज्ञापन जारी होने पर सभी को जानकारी मिल जाएगी। जिम्स में डॉ.राकेश को 2018 में पांच साल के लिए निदेशक नियुक्त किया गया था। पिछले साल 20 जुलाई 2023 को पांच साल पूरे होने पर, कार्यकाल एक वर्ष बढ़ा था। इस बढ़े कार्यकाल के दौरान भी विभाग में नए निदेशक की नियुक्ति की प्रक्रिया नही शुरू हुई। वर्तमान में डॉ.राकेश, बतौर निदेशक छह वर्ष का कार्यकाल पूरा कर चुके हैं।

**चिंताजनक** | स्थानीय विधायक की पहल पर एसीएस ग्राम्य विकास ने किया फोन, सक्रिय हुईं एजेंसियां

# तो क्या घुसपैठियों के लिए बना दिए हजारों निवास प्रमाण पत्र

- असम की जेल में कथित पीएफआई सदस्य के पास मिला था सलोन का प्रमाणपत्र
- केरल की सुरक्षा एजेंसियों ने की थी जांच, अब एटीएस के बाद एनआईए सक्रिय

विनय सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार:** रायबरेली के सलोन स्थित पाल्हीपुर में 19 हजार के करीब निवास प्रमाणपत्र बन जाना सामान्य घटना नहीं है। यह देश को अस्थिर करने की एक सुनियोजित योजना लगती है। नींद में रहा रायबरेली प्रशासन उस समय जगा जब केरल की सुरक्षा एजेंसी के साथ देश की कई सुरक्षा एजेंसियों ने इस गांव में चहलकदमी शुरू कर दी। इस घटना के तार प्रतिबंधित संगठन पीएफआई से जुड़ते हुए नजर आ रहे हैं। खुलासे की धुंधली शुरुआत तबसे हुई जब असम की जेल में बंद एक कथित पीएफआई सदस्य की आईडी में सलोन के पाल्हीपुर गांव के नाम का जिक्र मिला और केरल की सुरक्षा एजेंसियां पाल्हीपुर गांव पहुंची।

**विधायक ने भांप लिया था हालातः** सलोन विधायक अशोक कुमार को घटना का अंदाजा उसी समय लग गया था, जब केरल की सुरक्षा एजेंसियों ने पूछताछ शुरू की थी। विधायक ने शक के आधार पर पहले रियाज नामक व्यक्ति को गिरफ्तार कराने का प्रयास किया, लेकिन बीडीओ और एसडीएम ने उस समय घटना की संवेदनशीलता नहीं समझी। रियाज जो कि ग्राम पंचायत अधिकारी विजय यादव के आईडी पर लगातार निवास प्रमाणपत्र बना रहा था, के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए कोई तैयार नहीं हो रहा था। बाद में विधायक स्वयं कोतवाली पहुंचे और मौके पर बीडीओ से विजय यादव और रियाज के खिलाफ तहरीर मंगाई और एफआईआर दर्ज कराया। उन्होंने डीएम, एसपी के अलावा एटीएस, एनआईए जैसी सुरक्षा एजेंसियों से संपर्क किया और पूरा प्रकरण अवगत कराया। एसएचओ द्वारा असहयोग करने पर फटकार भी लगाई। उन्होंने बताया कि इस घटना के प्रति स्थानीय प्रशासन का रवैया पता नहीं क्यों बहुत लचीला था। हालांकि जब शासन स्तर पर सूचना पहुंचाई गई तब जिला प्रशासन मुस्तैदी से सक्रिय हुआ।

### कहां से हुई चूक

जानकारी के मुताबकि ग्राम विकास अधिकारी विजय सिंह यादव उसी क्षेत्र में जीशान के घर पर किराए पर रहता था। विजय के मोबाइल पर ही ओटीपी आती थी। नासमझी में विजय ने जीशान को ओटीपी बता देता था। सूत्रों के मुताबिक जीशान प्रत्येक प्रमाणपत्र के लिए उसे पैसे देता था, लेकिन उसे यह नहीं पता था कि इसकी आड़ में देश विरोधी गतिविधियां चल रही हैं। हजारों की संख्या में अवैध प्रमाणपत्र जारी होकर गंतव्य तक पहुंच चुके हैं। एटीएस और एनआईए ने अपने स्तर पर जांच शुरू कर दी है। सभी रिकॉर्ड जांच के लिए मंगाए जा रहे हैं।

"इसमें अब कोई शक नहीं है कि यह सभी प्रमाणपत्र घुसपैठियों के लिए बनाए गए हैं। 3 दिन तक प्रयास करता रहा फिर जाकर कार्रवाई शुरू हुई। मैं विभिन्न जांच एजेंसियों में कार्यरत रहा हूं। काफी प्रयास के बाद जांच शुरू करा पाया हूं। सलोन में जो कांड हुआ है वह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बहुत बड़ी साजिश है। मैं सुरक्षा एजेंसियों के लगातार संपर्क में हूं। –**अशोक कुमार,** विधायक, सलोन

# राजा भैया की पत्नी भानवी पर एफआईआर

- प्रतापगढ़ निवासी द प्रापर्टीज कंपनी के पूर्व निदेशक ने लगाया धोखाधड़ी व साजिश का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** हजरतगंज कोतवाली में कुंडा सीट से विधायक रघुराज प्रताप सिंह की पत्नी भानवी सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी, साजिश समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामला प्रतापगढ़ भदरी हाउस में रहने वाले एवं द प्रापर्टीज कंपनी के पूर्व निदेशक आशुतोष सिंह ने दर्ज कराया है।

इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बताया कि भानवी हजरतगंज शाहनजफ रोड भदरी हाउस में रहती हैं। 17 नवंबर 2007 को भानवी ने अपने आवास को कार्यालय दिखाकर दा प्रापर्टीज कंपनी बनाई थी। कंपनी में भानवी व अन्य के साथ ही वह भी निदेशक नियुक्त हुए थे। कंपनी में लगातार वृद्धि एवं लाभ देखकर भानवी लालच आ गईं।

कंपनी पर एकाधिकार करने की मंशा से भानवी उन पर इस्तीफा देने का दबाव बनाने लगीं। विरोध पर धमकी देती थीं। भानवी ने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर साजिश कर कीमती शेयर की प्रकृति बदलकर फर्जी हस्ताक्षर बनाकर उनका त्यागपत्र तैयार किया। 27 फरवरी 2017 को भानवी ने भदरी हाउस कार्यालय में बोर्ड की बैठक में फर्जी त्यागपत्र दिखाते हुए प्रस्ताव पारित कर दिया।

प्रस्ताव को अनुमोदित कर अपनी पुत्री को निदेशक नियुक्त कर कंपनी रजिस्ट्रार कार्यालय को सूचना दे दी। 24 जुलाई 2017 को पोर्टल से उन्हें इसकी जानकारी हुई तो कंपनी रजिस्ट्रार कार्यालय कानपुर को फर्जी तरीके से बनाए गए त्यागपत्र को निरस्त कराने प्रार्थना पत्र दिया। तो भानवी व उनके सहयोगी जान से मारने की धमकी देने लगे। डर से पैरवी करनी बंद कर दी। अब कुछ माह से भानवी कंपनी के बचे शेयर भी सरेंडर करने का दबाव बना रही हैं।

### अन्य संपत्ति को भी नुकसान पहुंचाया

आशुतोष ने आरोप लगाया कि भानवी ने उनके जाली हस्ताक्षर से शेयर में हेराफेरी कर अन्य संपत्ति को भी नुकसान पहुंचाया है। पुलिस उपायुक्त मध्य रवीना त्यागी ने बताया मामले में भानवी सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
अपने आसपास की घटना, आयोजन की सूचना और फोटो हमें भेजें। इसे अखबार में प्रकाशित किया जाएगा।
इमेल
lkocityreporter@amritvichar.com
व्हाट्सएप
8112979390

## मौसम

धूप होगी और हल्के बादल छाए रहेंगे। उमस परेशान करेगी।

36.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान

## शहर में आज

- उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान के निराला सभागार में कविलोक साहित्यिक संस्थान एवं नवाब शाहाबादी परिवार की ओर से एक शाम नवाब शाहाबादी के नाम– 3:30 बजे।
- कैंट रोड स्थित सिंचाई विभाग के आफिसर्स क्लब में लोक संस्कृति शोध संस्थान की ओर से सावन के स्वागत में लोक चौपाल–4:00 बजे।
- कला स्रोत आर्ट गैलरी में वाल्यूम डॉट आर्टस्पेस की ओर से राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी– 5:00 बजे।
- संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में सफ़र फाउंडेशन की ओर से नाटक अंजान यात्री का मंचन –7:15 बजे।

# एक दिन में 36.5 करोड़ पौधे रोप रचा इतिहास

## मुख्यमंत्री ने राजधानी और मंत्रियों ने जिलों में की शुरुआत


राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ जनअभियान-2024 के तहत राज्य सरकार ने इतिहास रचा। प्रदेश में शनिवार को शाम छह बजे तक 36,51,45,477 पौधे रोपे गये। यह 36.50 करोड़ के लक्ष्य के सापेक्ष 1,45,477 अधिक है।

अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश सरकार के सभी मंत्रियों ने भी अलग-अलग जिलों में पौधे रोपे गए। मंत्री एके शर्मा ने मऊ व आजमगढ़, धर्मपाल सिंह ने बरेली व बदायूं, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही अयोध्या, वन मंत्री अरुण कुमार सक्सेना लखनऊ, आशीष पटेल सुल्तानपुर, राकेश सचान हमीरपुर व फतेहपुर, योगेंद्र उपाध्याय इटावा व फर्रुखाबाद, कपिल देव अग्रवाल कानपुर नगर, नरेंद्र कश्यप गाजियाबाद और बुलंदशहर, रजनी तिवारी ने झांसी में पौधरोपण किया। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने पुलिस मुख्यालय परिसर में अभियान शुभारंभ किया।

**मुख्यमंत्री ने दी बधाई**

मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' के जरिये उन्होंने कहा कि 'नए भारत' के 'नए उत्तर प्रदेश' में आज एक दिन में 36.50 करोड़ से अधिक पौधरोपण का लोक-कल्याणकारी संकल्प पूर्ण हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रकृति और धरती के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए कहा कि यह कीर्तिमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान 'एक पेड़ मां के नाम' से अपार जन जुड़ाव को प्रदर्शित करता है।



किसान को कार्बन क्रेडिट से हुई आय का प्रतीकात्मक चेक देते मुख्यमंत्री। अमृत विचार

### ग्राम्य विकास विभाग ने लगाए सबसे अधिक पौधे

शासन के अधिकारियों ने बताया कि ग्राम्य विकास विभाग ने सर्वाधिक 13 .54 करोड़ पौध लगवाए। जिलों में सोनभद्र ने बाजी मारी। यहां एक करोड़ 53 लाख पौधे लगाए गए। पौधरोपण में शीशम के सर्वाधिक 4 करोड़ 33 लाख 38723 पौधे लगे। सागौन के 4 करोड़ 33 लाख, सात हजार 858 पौधे लगे। जामुन के 2 करोड़ 19 लाख 10,650 पौधरोपण हुए। अर्जुन के एक करोड़ 67 लाख, 73913 और आंवला के 95 लाख, 32 हजार 275 पौधे लगाए गए।

## इको टूरिज्म के स्पॉट के रूप में कुकरैल क्षेत्र को विकसित किया जाएगा :योगी

**मुख्यमंत्री ने 10 किसानों को कार्बन क्रेडिट से हुई आय के प्रतीकात्मक चेक दिये**

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कुकरैल क्षेत्र को इको टूरिज्म के बेहतरीन स्पॉट के रूप में विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री शनिवार को कुकरैल नदी तट पर स्थित सौमित्र वन में पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ जन अभियान' कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने हरिशंकरी वृक्ष वाटिका स्थापित करते हुए छात्र-छात्राओं को पौध वितरित कीं और 10 किसानों को कार्बन क्रेडिट से हुई आय के प्रतीकात्मक चेक दिये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने तय किया है कि लखनऊ आने वाले अतिथियों, पर्यटकों के साथ-साथ लखनऊ व प्रदेशवासियों के लिए कुकरैल में नाइट सफारी की स्थापना की जाएगी। पूरे कुकरैल क्षेत्र को इको टूरिज्म के बेहतरीन स्पॉट के रूप में विकसित किया जाएगा। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश से यह जगह खाली कराई है। मकानों की रजिस्ट्री कराने वाले व आवास विहीन लोगों के 2,100 परिवारों का व्यवस्थित पुनर्वास किया गया है। कार्यक्रम को वन एवं पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अरुण कुमार सक्सेना, सांसद बृज लाल व पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम के दौरान कुकरैल नदी तट पर किये जाने वाले भावी विकास कार्यों व वृक्षारोपण अभियान पर आधारित लघु फिल्मों का प्रदर्शन किया गया।

# दो वर्ष में विकसित होंगे सौमित्र और शक्ति वन

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**56** प्रजाति के पौधे लगाएगा एलडीए

**10** हजार पौधे लगाने के साथ हुई शुरुआत

**अमृत विचार :** अयोध्या रोड पर कुकरैल नदी के किनारे एलडीए दो वर्ष में मियावाकी पद्धति से सौमित्र और शक्ति वन विकसित करेगा। सामान्य रूप से वन विकसित करने में 20 वर्ष का समय लगता है। दोनों वन क्षेत्रों में 56 प्रजाति के पौधे लगाए जाएंगे।

शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सौमित्र वन हरि शंकरी वाटिका में पीपल, पिलखन व बरगद के पौधे लगाकर इसकी शुरुआत की। इसके बाद अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं, सिविल डिफेंस व सामाजिक संगठनों के लोगों ने 10,000 से अधिक पौधे लगाये।

लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि वन क्षेत्र में पार्क भी विकसित किया जाएगा। उसमें बच्चों के लिए किड्स जोन, लॉन, ग्रीन एरिया, ओपन जिम व टहलने के लिए पाथ-वे बनाया जाएगा।

सहायक उद्यान अधिकारी कर्ण सिंह ने बताया कि वन क्षेत्र में आम, अमरूद, लीची, जामुन, सहजन और अमलताश, पलाश, नीलमोहर, गुलमोहर, चंपा आदि फूलों के पौधे लगाये जाएंगे। इसके अलावा रॉयल पॉल्म, टर्मीनेलिया मेंटली, बिस्मार्किया पॉल्म, रेजनॉल्ड, स्टार लाइट इत्यादि अलंकृत पौधे भी रोपे जाएंगे। सुगंधित फूलों के पौधे जैसे बेला, चमेली, रात रानी, जूही, मधुमालती आदि लगाये जाएंगे।

मालूम रहे कि इस क्षेत्र में बीते कई वर्षों से बसी आबादी को बीते दिनों सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर प्रशासन ने हटाया था। इसके एक हिस्से में रिवर फ्रंट बनाने की योजना बनाई गई थी।





अकबर नगर के विस्थापितों के साथ बसंतकुंज में धरने पर बैठे विधायक रविदास मेहरोत्रा।

# धरी रह गई अकबर नगर में विरोध प्रदर्शन की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ/काकोरी

**पुलिस ने बसंतकुंज में रोका आज करेंगे सत्याग्रह उपवास उठाएंगे मुआवजे की मांग**

**समर्थन में पहुंचे विधायक रविदास मेहरोत्रा, विधानसभा सत्र के पहले दिन उठाएंगे मुद्दा**

**अमृत विचार :** विपक्ष के उकसावे में मुख्यमंत्री के पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान अकबर नगर में प्रदर्शन की तैयारी धरी रह गई। प्रदर्शन के लिए अकबर नगर जा रहे विस्थापितों को पुलिस ने बसंतकुंज योजना में ही रोक लिया। इससे विस्थापित वहीं धरने पर बैठ गए। प्रदर्शनकारियों ने जमीन और मुआवजे की मांग की।

लखनऊ बचाओ संघर्ष समिति के नेतृत्व में बच्चे, बुजुर्ग और महिलाओं ने पोस्टर और बैनर लेकर प्रदर्शन किया। उनके समर्थन में समाजवादी पार्टी के विधायक रविदास मेहरोत्रा भी पहुंच गए। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने अकबर नगर के साथ दुश्मनों जैसा व्यवहार किया है। पूरी बस्ती को उजाड़ दिया। विधानसभा सत्र में पहले ही दिन इस मुद्दे को उठाएंगे। विधायक ने कहा कि विस्थापितों को ऐसी जगह मकान दिए गए, जहां कोई सुविधा नहीं है।

संघर्ष समिति संयोजक मंडल के सदस्य इमरान रजा ने कहा कि जमीन वापस लेने और मुआवजा पाने के लिए एक दिवसीय उपवास सत्याग्रह करेंगे। उन्होंने कहा कि अकबरनगर के निवासी सरकार से मांग करेंगे कि उन्हें अकबरनगर में पुनर्स्थापित किया जाए। साथ ही उनका जो नुकसान हुआ है, उसका उचित मुआवजा दिलाया जाए।

## एक नजर

### अमित वर्मा बने लखनऊ कमिश्नरेट के जेसीपी

**अमृत विचार :** शासन ने शनिवार को तीन आईपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। लखनऊ कमिश्नरेट के जेसीपी उपेंद्र अग्रवाल को ईओडब्ल्यू में भेजा गया है। वह मेडिकल लीव पर थे। जबकि अमित वर्मा को कमिश्नरेट का नया जेसीपी कानून-व्यवस्था बनाया गया है। आईपीएस संतोष मिश्रा को पुलिस अधीक्षक तकनीकी सेवा बनाया गया है।

### पुलिस उपायुक्त के आदेश पर 5 दिन बाद रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** पुलिस उपायुक्त के आदेश पर पांच दिन बाद रहीमाबाद पुलिस ने घर में घुसकर दुष्कर्म की धमकी देने के मामले की रिपोर्ट दर्ज की। पीड़िता का आरोप है कि दो भाइयों कमल व राहुल ने चरही पर कब्जा करने का विरोध करने पर घुसकर मारपीट कर कपड़े फाड़कर दुष्कर्म की धमकी दी। नाबालिग पुत्री ने मां को बचाने का प्रयास किया तो आरोपियों ने उसे भी पीट दिया। आरोप है कि शिकायत उसी दिन रहीमाबाद थाने पर की थी, लेकिन पुलिस ने दोनों पक्षों को शाम तक थाने पर बिठाया रखा। महिला का मेडिकल नहीं कराया। पीड़ित ने 19 जुलाई को पुलिस आयुक्त से गुहार लगाई। तब शनिवार को पुलिस ने आरोपियों पर छेड़छाड़ व मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की।

### उधारी लेकर नहीं लौटाई आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, आलमबाग :** आशियाना क्षेत्र में युवती से परिचित ने उधारी ली, अब लौटाने में टाल मटोल कर रहा है। एलडीए कॉलोनी निवासी संगीता यादव ने बताया एक वर्ष पहले मदनसेन यादव निवासी अयोध्या को कर्ज के रूप में एक लाख तीस हजार रुपये दिए थे। अब वह पैसे वापस करने में टाल मटोल कर रहा है। स्थानीय पुलिस के सुनवाई नहीं करने पर सहायक पुलिस आयुक्त कैण्ट से गुहार लगाई। तब पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# हॉस्टल बने भवनों के स्वामियों से वसूला जाए तीन गुना गृहकर

## जोन सात की समीक्षा बैठक में महापौर ने दिए अधिकारियों को निर्देश

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** नगर निगम मुख्यालय के राजकुमार सभागार में महापौर सुषमा खर्कवाल ने जोन सात की समीक्षा की। उन्होंने पार्षदों की समस्याएं सुनीं और उन्हें निस्तारण के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान उन्होंने हॉस्टल के रूप में इस्तेमाल होने वाले भवनों से हाउस टैक्स तीन गुना वसूलने के निर्देश भी दिए।

महापौर ने आवासीय सम्पत्तियों के साथ व्यावसायिक भवनों का भी सर्वे करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कुछ समय से आवासीय क्षेत्रों में हास्टल बनाकर व्यावसायिक इस्तेमाल की सूचना मिली रही थी। उन्होंने कहा कि वार्ड में कराए जा रहे कार्यों की सूचना क्षेत्रीय पार्षद को देने के साथ उनका सुझाव भी लिया जाए। अधिकारी या कर्मचारी द्वारा पार्षद से अभद्रता करने और उनकी समस्याओं, शिकायतों का संज्ञान न लेने वाले अधिकारी व कर्मचारी पर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जोन सात के वार्डों के पार्षद, अपर नगर आयुक्त व जोन सात के प्रभारी ललित कुमार, जोनल अधिकारी आकाश कुमार मौजूद रहे।



नगर निगम मुख्यालय के राजकुमार सभागार में जोन सात की समीक्षा करतीं महापौर।

## नगर निगम में कल सीवर सफाई और कूड़ा उठान पर मच सकता है घमासान

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**कार्यकारिणी की बैठक में उठेगा स्ट्रीट लाइटें लगाने में लापरवाही का भी मुद्दा**

**अमृत विचार :** नगर निगम कार्यकारिणी की 22 जुलाई को होने वाली बैठक में हंगामे के आसार हैं। बैठक में सीवर सफाई और कूड़ा उठान पर घमासान मच सकता है।

भाजपा सहित विपक्षी दलों के पार्षद एक सुर में ईईएसएल कंपनी को बाहर करने की मांग कर सकते हैं। पार्षदों का कहना है कि कंपनी शहर में स्ट्रीट लाइट उपलब्ध नहीं करा पा रही है। 40 से 70 वाट की स्ट्रीट लाइट लगाती है, जिससे सड़क पर रोशनी कम होती है। सीवर सफाई में लापरवाही बरत रही सुएज इंडिया को घेरने की तैयारी है। कई वार्डों में सीवर लाइन की ट्रंक लाइनें नहीं पड़ी हैं, जिससे सीवर का पानी नाले से सीधे गोमती नदी में गिर रहा है। कई वार्डों में पानी की किल्लत है। घरों में वाटर लाइन से पानी नहीं आ रहा है। वाटर लाइन पुरानी होने से कई इलाकों में गंदा और बदबूदार पानी आता है। इस गंभीर समस्या को लेकर कार्यकारिणी में जलकल विभाग के अधिकारियों को पार्षद घेर सकते हैं। शहर के डम्पिंग स्टेशनों से समय पर कूड़ा उठान न होने से गंदगी रहती है। जिस पर पार्षद रामकी कंपनी का विरोध कर सकते हैं।

**सफाई के लिए कंपनी का होगा चयन**

नगर निगम के तीन जोन में सफाई के लिए 22 को होने वाली कार्यकारिणी बैठक में कंपनी का चयन होगा। तीन जोन के 33 वार्डों में सफाई और डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए चार कंपनियां आयी हैं। कार्यकारिणी बैठक में कंपनियां प्रजेंटेशन देंगी। जिसके बाद एक कंपनी का चयन किया जाएगा। टेंडर के लिए बीबीजी इंडिया और धर्म मैनपावर बाहर की और लॉयन सिक्योरिटी गार्ड व लक्ष्मी सिक्योरिटी स्थानीय हैं।

## 25 तक पारा क्षेत्र में साढ़े पांच घंटे गुल रहेगी बिजली

**अमृत विचार, काकोरी :** मरम्मत कार्य के चलते पारा क्षेत्र के मौंदा, प्यारेपुर, गुलाब खेड़ा, अजीटन खेड़ा , डिघिया, समदा ,कालियाखेड़ा, अनौरा, टी०एस० मिश्रा के सामने तथा आर.के. मैरिज लान के आस पास के इलाके में पूर्वाह्न 11 बजे से अपराहन 4:30 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी विद्युत विभाग दुबग्गा के अधिशासी अभियन्ता ने दी।

# नौ बजे तक आठ उड़ानें रद, कई लेट

संवाददाता, सरोजनीनगर

**माइक्रोसॉफ्ट सॉफ्टवेयर में तकनीकी खराबी के दूसरे दिन भी विमान सेवाएं रहीं बाधित**

**अमृत विचार :** माइक्रोसॉफ्ट सॉफ्टवेयर में तकनीकी खराबी से लखनऊ एयरपोर्ट पर विमान सेवाओं में आई बाधा शनिवार को भी बरकरार रही। सुबह 9 बजे तक आठ उड़ानों को रद्द कर दिया गया जबकि कई विलंबित हुईं। 10 बजे के बाद उड़ानों का संचालन कुछ हद तक ठीक हो सका।

लखनऊ एयरपोर्ट से सुबह 6 बजे और 7 : 40 बजे दिल्ली और 7:15 बजे मुंबई जाने वाली इंडिगो की उड़ान रद्द की गई। इसके साथ ही 8:50 बजे फ्लाइनेस की रियाद जाने वाली उड़ान भी रद्द की गई। दूसरी ओर मुंबई से 6:45 बजे और दिल्ली से 6:55 बजे व 8:55 बजे लखनऊ आने वाली इंडिगो की उड़ान के साथ-साथ रियाद से सुबह 8 बजे लखनऊ आने वाली फ्लाइनेस की उड़ान भी रद्द रही।

इसके अलावा एयर इंडिया एक्सप्रेस की सुबह 7:10 पर दिल्ली जाने वाला विमान 8:48 बजे उड़ान भर सका। 9:10 बजे बेंगलुरु के लिए जाने वाली उड़ान सुबह 9:10 के बजाय 10:15 बजे रवाना हुई। इसी तरह मुंबई से अपराह्न 2 बजे लखनऊ आने वाला विमान 3:44 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचा।

एयर इंडिया एक्सप्रेस की दिल्ली से 6:35 बजे लखनऊ आने वाली उड़न 8:04 बजे, शारजाह से सुबह 7:10 बजे लखनऊ आने वाली इंडिगो की उड़ान 8:37 पर लखनऊ एयरपोर्ट पहुंची। इसी प्रकार बेंगलुरु से 8:35 बजे लखनऊ आने वाली इंडिगो की उड़ान 9:37 बजे लखनऊ पहुंची।



**तैयारी** शहीद स्मारक के पास स्थित कारगिल पार्क में शहीद जवानों की प्रतिमाओं की रंगाई-पुताई करता कारीगर।

## तलवार से केक काटने पर तीन को पकड़ा

**अमृत विचार, मलिहाबाद:** लकड़ी व्यापारी का दोस्त के साथ बर्थडे मनाते कार के बोनट पर बैठ तलवार से केक काटने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ। मलिहबाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर व्यापारी समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया हसनापुर निवासी व्यापारी मनीष, दुलारमऊ निवासी कुलदीप और मीठेनगर निवासी सूर्या उर्फ सुरेंद्र को पकड़ा गया। मनीष का 17 जुलाई को जन्मदिन था।

# बालिदानियों को नमन करने स्मृतिका पर जुट रही भीड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** छावनी में बना युद्ध स्मारक स्मृतिका में लोगों के लिए प्रतिदिन शाम को डेढ़ घंटे के लिए खोला जा रहा है। इसमें देश के लिए बलिदान होने और सेना के बारे में जानने वालों की भीड़ उमड़ रही है। शनिवार को भी स्मृतिका पर नमन करने बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।

मध्य कमान में बने युद्ध स्मारक स्मृतिका वीर सैनिकों के बलिदानों का प्रमाण है। यहां उत्तर प्रदेश के सभी 21 परमवीर चक्र और तीन अशोक चक्र विजेताओं की प्रतिमाएं प्रदर्शित हैं। इसमें परमवीर चक्र विजेता कैप्टन मनोज पांडे की प्रतिमा है। पिछले दिनों हुए पुष्पांजलि कार्यक्रम में मनोज के भाई मनमोहन पांडे शामिल हुए थे।उनके सुझाव पर स्मृतिका को नागरिकों के लिए शाम 05:30 बजे से 07:00 बजे तक खोला गया था। इसमें बड़ी संख्या में लोग बलिदानियों को नमन करने और उनके बारे में जानने के लिए पहुंचे। इसे देखते हुए स्मृतिका प्रतिदिन शाम को डेढ़ घंटे खोलने का निर्णय लिया गया है।



बलिदानियों के बारे में लोगों को जानकारी देता सेना का जवान। अमृत विचार

# अमरोहा डिरेलमेंट : बदले रूट से चलीं ट्रेनें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** अमरोहा यार्ड में मालगाड़ी के बेपटरी होने का असर लखनऊ तक नजर आया। मुरादाबाद होकर जाने वाली कई ट्रेनों के रूट रेलवे ने तत्काल बदल दिये। कई ट्रेनों को कानपुर होकर रवाना किया गया। बरेली और मुरादाबाद जैसे स्टेशनों के तमाम यात्रियों ने अपनी यात्रा निरस्त कर दी। देर रात तक कंट्रोल रूम में रूट परिवर्तन के आदेश आते रहे।

शनिवार को लखनऊ-नई दिल्ली एसी एक्सप्रेस, अयोध्या कैंट-दिल्ली एक्सप्रेस, काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस, पदमावत एक्सप्रेस, महामना एक्सप्रेस, लोकनायक एक्सप्रेस, सप्तक्रांति एक्सप्रेस, वाराणसी-साबरमती एक्सप्रेस, नौचंदी एक्सप्रेस और लखनऊ मेल को कानपुर-गाजियाबाद होकर चलाया गया। इसी तरह नई दिल्ली की ओर से आने वाली लखनऊ मेल, एसी एक्सप्रेस, पदमावत एक्सप्रेस, सुहेलदेव एक्सप्रेस कानपुर होकर लखनऊ के लिए रवाना की गईं। लखनऊ-मेरठ राज्यरानी एक्सप्रेस, आनंद विहार-मालदा टाउन एक्सप्रेस, दिल्ली-अयोध्या कैंट एक्सप्रेस, उदयपुर-नई जलपाईगुड़ी एक्सप्रेस, सहारनपुर-प्रयागराज संगम नौचंदी एक्सप्रेस, राजेंद्रनगर-नई दिल्ली श्रमजीवी एक्सप्रेस को बदले रूट से चलाया गया। रविवार को भी बदले रूटों से ट्रेनों के संचालन की तैयारी की गई है।

### बदले रूट से लखनऊ पहुंचेगी नौचंदी

**अमृत विचार , लखनऊ :** मुरादाबाद मंडल के शाहजहांपुर-लखनऊ और रोजा-सीतापुर सिटी डबल रेल लाइन पर यार्ड रिमॉडलिंग का काम किया जायेगा। ऐसे में पहले से निरस्त चल रही नौचंदी एक्सप्रेस को बहाल कर पांच अगस्त तक बदले रास्ते से लखनऊ पहुंचेगी। उत्तर रेलवे के सीनियर डीसीएम रेखा शर्मा ने कहा कि यात्रियों की सुविधा के लिए यह कदम उठाया गया है। ट्रेन नंबर 14242 नौचंदी एक्सप्रेस-सहारनपुर जं-प्रयागराज संगम शुरूआती स्टेशन से 23 जुलाई से चार अगस्त तक बदले मार्ग हापुड़-खुर्जा-कानपुर सेंट्रल होकर लखनऊ आएगी। यह पांच अगस्त से तय मार्ग पर चलेगी। ट्रेन नंबर 14241 नौचंदी प्रयागराज संगम-सहारनपुर जं से 22 जुलाई को अपने निर्धारित मार्ग से जाएगी। इसके बाद 23 जुलाई से चार अगस्त तक यह गाड़ी परिवर्तित मार्ग लखनऊ-कानपुर-खुर्जा-हापुड़ होकर जाएगी।

**अपने-अपने तर्क** | कांवड़ यात्रा मार्ग के होटलों व ढाबों पर नेमप्लेट लगाने का मामला गर्माया

# महंत बोले-सरकार सही, मौलाना बोले-आदेश असंवैधानिक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ/अयोध्या

**जमीअत उलेमा हिन्द इस मुद्दे पर कानूनी कमेटी से आज करेगी विचार विमर्श**

**मदनी ने इसे असंवैधानिक, साम्प्रदायिक व नफरत फ़ैलाने वाला बताया**

**अमृत विचार :** कांवड़ यात्रा के रास्ते में पड़ने वाले होटलों, ढाबों और ठेलों के मालिकों व इन पर काम करने वालों के नाम प्रदर्शित किये जाने के फैसले पर हिन्दू-मुस्लिम धर्मगुरुओं ने मिलीजुली प्रतिक्रिया दी है।

जमीअत के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने इस फैसले को भेदभावपूर्ण, साम्प्रदायिक और संविधान विरोधी बताया है। उन्होंने कहा कि यह नागरिकों के मौलिक अधिकारों के हनन का मामला है। जबकि रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश का समर्थन करते हुए कहा कि दुकानों पर नेम प्लेट लगने से यह सबको मालूम होगा कि किस व्यक्ति की दुकान है।



अरशद मदनी



अनीस मंसूरी

मौलाना अरशद मदनी ने कहा है कि जमीअत ने रविवार को अपनी कानूनी टीम की बैठक बुलाई है। उसमें इस असंवैधानिक और अवैध आदेश के कानूनी पहलुओं पर चर्चा होगी। पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनीस मंसूरी ने कहा कि कांवड़ यात्रा में दुकानदारों का नाम उजागर करने के बहाने सरकार व्यापार को हिन्दू-मुसलमान में बांटने जा रही है।

वहीं अयोध्या स्थित राम मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने मुख्यमंत्री योगी के आदेश का समर्थन करते हुए कहा कि दुकानों पर नेम प्लेट लगने से यह सबको मालूम होगा कि किस व्यक्ति की दुकान है, और कहां पर कौन सा सामान खरीदना है। बीते वर्षों में कई घटनाएं सामने आई थीं, ऐसे में उठाया गया यह कदम स्वागत योग्य है।



आचार्य सत्येंद्र दास



रामदिनेशाचार्य

अयोध्या के हरि धाम पीठ के महंत जगतगुरु रामदिनेशाचार्य ने कहा कि सावन पवित्र माह है और लोग बड़े ही पवित्रता के साथ अपने धार्मिक आयोजन और यात्रा को पूरा कर सकें। इसके लिए यह कदम स्वागत योग्य है। अयोध्या स्थित मणिराम दास छावनी के उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास ने कहा कि समाज में जिस प्रकार से हिंदू धर्म पर कुठाराघात हो रहा है। उस पर लगाम लगाने के लिए मुख्यमंत्री ने यह निर्णय लिया है। दुकानों पर नाम लगाए रखने से लोगों का विश्वास बना रहेगा।

लखनऊ स्थित लेटे हुए हनुमान मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. विवेक तांगड़ी ने इस मुद्दे पर कहा कि अगर यह फैसला प्रशासन का है तो उचित नहीं लगता। इस मामले को जाति-धर्म से ऊपर उठकर देखना चाहिए। मुसलमान भी धार्मिक यात्रा का सम्मान करें और हिन्दुओं को भी समझने की जरूरत है।

## एक नजर

### बेटे का शव देखते ही बेसुध हो गया बुजुर्ग पिता

**अमृत विचार, निगोहां :** निगोहां में सड़क हादसे में प्रॉपर्टी डीलर की मौत से चन्दी खेड़ा में सन्नाटा पसरा है। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचा तो परिजन में कोहराम मच गया। वृद्ध पिता भगौती शव देख कर बेसुध होकर गिर गये। इंस्पेक्टर अनुज तिवारी, एसीपी राधारमण सिंह की मौजूदगी में शव का अंतिम संस्कार कराया गया। बता दें कि शुक्रवार देर शाम निगोहां कस्बे में अनियंत्रित ट्रेलर के नीचे दबकर चन्दीखेड़ा निवासी प्रॉपर्टी डीलर श्याम प्रकाश यादव की मौत हो गई थी।

### प्रवक्ता के बंद मकान से चोरों ने पार किया सामान

**अमृत विचार निगोहां :** निगोहां कस्बे में प्रवक्ता के बंद मकान से चोरों ने सामान पार कर दिया। पीड़ित रामराजन द्विवेदी छतौनी स्थित इंटर कालेज में प्रवक्ता हैं। वह परिवार के साथ वृंदावन लखनऊ में रहते हैं। शनिवार और रविवार को निगोहां में बने पैतृक मकान में रहते हैं। रामराजन ने बताया कि शनिवार को निगोहां स्थित घर पहुंचे। तो मेन गेट और कमरों के दरवाजे टूटे मिले। अलमारी और बक्से से एक लाख के गहने और पचास हजार नगदी चोरी होने की जानकारी हुई। प्रार्थना-पत्र पर पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है।

### देवरानी-जेठानी ने एक दूसरे पर रिपोर्ट दर्ज कराई

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** ग्राम खडता निवासी सविता ने पति आशीष के खिलाफ प्रार्थनापत्र दिया था। इसमें ओमान से लौटने के बाद मारपीट और गला दबाने का आरोप लगाया था। आरोप है कि ससुराल आईं भाई, मां, मामी व भाभी के साथ भी मारपीट कर एक लाख रुपये मांगे। डेढ़ वर्षीय पुत्र को छीनकर सविता को घर से भगा दिया। देवरानी सौम्या ने सविता के मायकेवालों पर आशीष को पीटने की शिकायत दी है। पुलिस ने दोनों की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।



हजरतगंज स्थित सहकारिता भवन में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की महानगर इकाई को शपथ दिलाते संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल। अमृत विचार

# व्यापारी अर्थव्यवस्था की धुरी : ब्रजेश पाठक

## अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की महानगर इकाई के शपथ ग्रहण समारोह में बोले उप मुख्यमंत्री

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** व्यापारी अर्थव्यवस्था की धुरी है। बिना व्यापारी के कोई भी सरकार गति नहीं पकड़ सकती है। कारोबारियों को सम्मान देने में सरकार भी कभी पीछे नहीं रही। उनकी समस्याओं का निराकरण कराया जाएगा। ये बातें उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शनिवार को सहकारिता भवन में आयोजित अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की महानगर इकाई के शपथ ग्रहण समारोह में कहीं।

व्यापार मंडल के अध्यक्ष की ओर से उठाई गई कई मांगों पर उन्होंने कहा कि व्यापारियों ने जो विषय यहां पर रखे हैं उन्हें प्रदेश और केंद्र सरकार तक पहुंचाया जाएगा। नवनियुक्त पदाधिकारियों को डिप्टी सीएम ने बधाई दी। इससे पूर्व संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल ने कहा कि देश में व्यापारी वर्ग राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव से काम काम करता है। जब जरूरत पड़ी व्यापारी देश के साथ खड़ा हुआ।

इस दौरान उन्होंने तीन विषय उठाए। पहला, प्रदेश की तरह ही केंद्र में भी व्यापारी वर्ग के लिए राष्ट्रीय व्यापारी दिवस घोषित किया जाए। दूसरा, 6 लाख व्यापारियों के ऊपर एक व्यापारी प्रतिनिधि विधान परिषद सदस्य के रूप में दिया जाए। तीसरा, टैक्स की व्यवस्था को समग्रता में लाया जाए जिससे 150 करोड़ की जनता को कर देने में कष्ट न हो।

महापौर सुषमा खर्कवाल ने नवनियुक्त पदाधिकारी को बधाई दी। व्यवसायिक गतिविधियों को लेकर व्यापारियों द्वारा उठाई गई मांग पर महापौर ने कहा कि 18 से 24 मी चौड़ी सड़क पर व्यवसायिक गतिविधियों को अनुमति मिलने की बात से वह सहमत हैं।

इस दौरान व्यापार मंडल के राष्ट्रीय मंत्री प्रदीप अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष रिपन कंसल, जावेद बेग, आकाश गौतम, राजीव बंसल, प्रदेश महिला अध्यक्ष अनीता जायसवाल, महामंत्री एकता अग्रवाल, शिव अग्रवाल, अश्वन वर्मा, पतंजलि सिंह, संजय गुप्ता, ललित सक्सेना, सनत गुप्ता, महानगर महिला अध्यक्ष कजरा निगम, महामंत्री बीनू मिश्रा प्रमुख रहे। नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष सुरेश छाबलानी ने शहर के प्रत्येक बाजार में मजबूत टीम का गठन करने का संकल्प लिया।

### इन्होंने ली शपथ

महानगर अध्यक्ष सुरेश छाबलानी, वरिष्ठ महामंत्री राजीव कक्कड़, महामंत्री अनुज गौतम, दीपेश गुप्ता, हरीश मालानी, राजीव अरोड़ा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश सिंह, पदम जैन, डॉ संदीप अग्रवाल, राजेश गुप्ता, डॉ. शाश्वत विद्याधर, सुरेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मोहम्मद सालिम, उपाध्यक्ष मुकेश कुमार नाग शिशिर सिंह अमरनाथ चौधरी, पहलाद राजपूत, सरबजीत सिंह, नरेंद्र त्रिपाठी, फुरकान खुरेशी, पीयूष गुप्ता, ऋषि गुप्ता, विनय अग्रवाल, किशोर कुमार शर्मा, अरविंद मित्तल, विजय प्रकाश अग्रवाल, कमल गुलाटी, राजीव अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, संगठन मंत्री जय मिगलानी, सुनीत साहू, आरके मिश्रा, अंकित जैन, मनोज कुमार, मोहम्मद नसीम, अभिषेक प्रताप सिंह, राजीव रतन सिंह, आलोक एरन, मंत्री ललित शर्मा, वीरपाल सिंह, दीनानाथ प्रजापति, सचिन, प्रचार मंत्री लाल बहादुर जोरिया, छोटेलाल रामस्वरूप, सोशल मीडिया प्रभारी संजय निधि अग्रवाल, संरक्षक वेद रतन श्रीवास्तव, अरुण त्रिवेदी, ओम अग्रवाल, राजेंद्र गुप्ता, प्रभात गर्ग, अरुण कुमार तिवारी ने शपथ ली।

# सावन कल से, इस बार पड़ेंगे पांच सोमवार

## पहले दिन सुबह 5: 37 से रात 10: 21 बजे तक रहेगा सर्वार्थ सिद्धि योग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** शिव जी के प्रिय सावन महीने का आरंभ इस बार सोमवार (22 जुलाई) से हो रहा है। सावन का अंतिम दिन (19 जुलाई) भी सोमवार ही होगा। इस बार पांच सोमवार पड़ेंगे। सावन में शिवजी की विशेष पूजा अर्चना की जाती है। इसके लिए घरों से लेकर शिवालयों तक में तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं।

ज्योतिषाचार्य एसएस नागपाल ने बताया कि सावन हिंदू कैलेंडर का पांचवां महीना है। शास्त्रों में वर्णन है कि चातुर्मास में जब भगवान विष्णु योग निद्रा में चले जाते हैं, तब महादेव ही सृष्टि का पालन करते हैं। शिव पुराण के अनुसार सावन चातुर्मास का पहला महीना है। इसके अधिपति शंकर हैं। इस दौरान भोलेनाथ पृथ्वी पर वास कर भक्तों के दुख और कष्ट दूर करते हैं। सावन में शिव जी की पूजा और जलाभिषेक करने से मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं। ज्योतिषाचार्य ने बताया कि सावन के पहले सोमवार को सुबह 5: 37 से रात 10: 21 तक सर्वार्थ सिद्धि योग रहेगा। इस योग में पूजा अर्चना करने से मनोकामनाएं सिद्ध होती हैं। सावन में पांच सोमवार और चार मंगला गौरी व्रत पड़ेंगे। शिवरात्रि 2 अगस्त को होगी। पहला सोमवार 22 जुलाई, दूसरा 29 जुलाई, तीसरा 5 अगस्त, चौथा 12 अगस्त और पांचवां 19 अगस्त को है।

### इन शिवालयों में लगता है श्रद्धालुओं का तांता

सावन में शहर के छह प्रमुख शिवालयों में श्रद्धालुओं का तांता लगता है। मनकामेश्वर मंदिर, सिद्धनाथ मंदिर, कोनेश्वर महादेव मंदिर, बुद्धेश्वर महादेव मंदिर, बड़ा शिवाला मंदिर और महाकाल मंदिर सुबह से शाम तक हजारों की संख्या में श्रद्धालु अभिषेक और पूजन के लिए पहुंचते हैं। इन शिवालयों में सुबह से लंबी-लंबी लाइनें लग जाती हैं।

### गुरु पूर्णिमा आज

आषाढ़ शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को महर्षि वेदव्यास का प्राकट्य हुआ था। इसे गुरु पूर्णिमा के रूप में मनाया जाता है। इस बार गुरु पूर्णिमा रविवार 21 जुलाई को है। परम्परागत रूप से यह दिन गुरु पूजन के लिए निर्धारित है। पूर्णिमा पर सुबह 5 : 37 बजे से रात 12 :14 बजे तक सर्वार्थ सिद्धि योग रहेगा। भोर से रात 12 : 14 बजे तक उत्तराषाढ नक्षत्र रहेगा।

### गोमती की आरती आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** पूर्णिमा को मनकामेश्वर उपवन में महन्त देव्यागिरि के मार्गदर्शन में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधे लगाए जाएंगे और शाम 6 बजे गोमती की भव्य आरती होगी। रात में मनकामेश्वर महादेव का 151 लीटर दुग्ध से अभिषेक होगा। सोमवार सुबह 4 : 30 बजे मंगल आरती के बाद जलाभिषेक व दर्शन का सिलसिला शुरू होगा। इसके लिए तैयारियां कर ली गई हैं।

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL, BAREILLY
RMCH BAREILLY Excellence towards profession
STAFF REQUIRED
Computer Operators
Qualification: Graduation with good Computer Knowledge & good Typing Speed (Exp. Min. one year)
Salesman (For Medical Stores)
Qualification: Min. D.Pharma (Exp. Min. One year)
Receptionist-2
Qualification: Graduation with good Computer Knowledge good Typing Speed (Female Candidate)
PRO
Qualification: Graduation
Accountant
Qualification: B.Com., M.Com. Exp. 1 year
Salary No Bar for Deserving Candidates
How to apply : Mail your CV at hrrmch@gmail.com or hard copy to the address given below.
HR OFFICE, RMCH Hospital Building, Pilibhit Bypass Road, Bareilly
Contact : 9548624286

### सड़क किनारे मिला शव

**अमृत विचार, बीकेटी।** महिंगवां थाना क्षेत्र में सड़क किनारे युवक का शव मिला। इंस्पेक्टर शिवमंगल सिंह ने बताया कि शनिवार को 3 बजे पहाड़पुर में रोड के किनारे शव पड़ा होने की सूचना मिली थी। उसकी पहचान चेतराम (45) निवासी रमपुरवा मजरा कुम्हरावां के रूप में हुई है। आसपास के लोगों ने बताया वह शराब के नशे में धुत था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।


शिविर में रक्तदान करती महिला।

### रोटी कपड़ा फाउंडेशन के शिवर में 16 लोगों ने किया रक्तदान

**अमृत विचार, लखनऊ :** रोटी कपड़ा फाउंडेशन ने शनिवार को किंग जार्ज मेडिकल विश्वविद्यालय के शताब्दी अस्पताल के ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। फाउंडेशन ने छह महीने पहले भी रक्तदान शिविर लगाया था। इस शिविर में 16 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान कर लोगों की जिंदगी बचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर फाउंडेशन के अध्यक्ष राजेश आनंद, अजय मेहरोत्रा, आशीष अग्रवाल, रिद्धि किशोर गौड़, आकांक्षा आनंद, अनीता सिंह, शिप्रा अग्रवाल, अभय मेहरोत्रा, कुशल गौड़, यश अग्रवाल, सार्थक मेहरोत्रा और सार्थक अग्रवाल ने रक्तदान किया।

### इनर व्हील क्लब ने लगाया रक्तदान शिविर

**अमृत विचार, लखनऊ:** निरालानगर स्थित रोटरी कम्युनिटी सेंटर में इनर व्हील क्लब ऑफ़ लखनऊ ने रक्तदान शिविर लगाया। शिविर किंग जार्ज मेडिकल विश्वविद्यालय और स्टार्टेक के साथ आयोजित इस शिविर में इनरव्हील क्लब ऑफ़ लखनऊ की पूजा सेठ समेत 47 लोगों ने रक्तदान किया। क्लब की अध्यक्ष संगीता मित्तल, सचिव कविता अग्रवाल, उपाध्यक्ष शिखा राज, जागृति जालान, पूजा सेठ और मंजू बंसल मौजदू रहीं।


वृद्धा को चादर देते बैंक अधिकारी।

### बैंक ऑफ बड़ौदा ने मनाया 117वां स्थापना दिवस

**अमृत विचार, लखनऊ :** बैंक ऑफ बड़ौदा का 117वां स्थापना दिवस शनिवार को लखनऊ अंचल कार्यालय बड़ौदा भवन गोमती नगर में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत समीर रंजन पंडा महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख लखनऊ और अन्य वरिष्ठ कार्यपालकों व अधिकारियों ने की। अंचल की विभिन्न स्थानों, शाखाओं में सामाजिक गतिविधियों का आयोजन किया। रक्तदान और स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन भी हुआ। 1090 चौराहे बैंक के अंचल कार्यालय तक निकाली बाइक रैली में 300 से अधिक स्टाफ सदस्य शामिल हुए। श्रीराम औद्योगिक अनाथालय में चार आलमारी और आस्था वृद्धाश्रम में 40 चादरें दी गईं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मैं अरबाज उल्ला वयस्क पुत्र इशरत उल्ला निवासी म0नं0 281 मीरपुर कैण्ट थाना रेलबाजार, कानपुर नगर अपनी पत्नी रिजवाना पुत्री स्व0 मुनचुन निवासी मो0 जुगियाना चौबेपुर कानपुर नगर को अपने पूर्ण होशो हवास में दिनांक 29-06-2024 को प्रथम तुहर गे तलाक दे रहा हूं। आज से आप व मेरे मध्य कोई भी पति पत्नी का सम्बंध नही रह गया है। इस सम्बंध में मेरे द्वारा आपको एक नोटिस दि0 29-6-2024 प्रेषित किया था जिसे आपने लेने से इन्कार कर दिया।

**सूचना**
सूचित हो कि मेरे परिवहन विभाग के अभिलेखों (ड्राईवर लाइसेंस) में मेरा नाम गौरीशंकर सैनी दर्ज है। जबकि मेरा सही नाम गौरीशंकर है। मुझे दोनों नामों से जाना पहचाना जाता है। **गौरीशंकर पुत्र किशुन लाल नि0- सिकन्दरपुरा, राठ हमीरपुर (उ0प्र0)**

**सूचना**
मेरा बड़ा पुत्र शिवप्रकाश उर्फ बड़कू अपनी शादी के बाद से ही मुझसे अलग रह रहा है मुझसे और मेरी पत्नी से बदसलूकी करता है। मेरे परिवार का उससे किसी प्रकार का कोई संबंध नहीं है। मैने पूरे होशो हवास में उसे अपने परिवार से अलग करते हुए संबंध विच्छेद कर चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। मेरे जीते जी या मृत्यु के बाद मेरी संपत्ति में उसे कोई अधिकार नहीं होगा। **राम नारायन पिता छवि राम, कामिनी देवी पत्नी राम नारायन, निवासी मुहल्ला सिद्धार्थपुरी, तहसील व थाना जसवन्तनगर, जिला-इटावा**

**सूचना**
पहले मेरा नाम LACHHMAN SINGH था अब मैंने बदलकर अपना नाम LACHHMAN SINGH PANWAR रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जायेगा। S/O: RANBIR SINGH R/O-101 A ARIF APARTMENT, NEW HYDERABAD

**सूचना**
सूचित हो कि पहले मेरा नाम GOVIND था अब मैंने बदलकर अपना नाम GOVIND PRASAD रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जायेगा। S/O: KESHARI PRASAD, R/O- 215, KUDIYARA RAJUPUR KOTA, POST AND PS KURWAR, Sultanpur

**सूचना**
सूचित हो कि पहले मेरा नाम SANTOSH था अब मैंने बदलकर अपना नाम SANTOSH KORI रख लिया है भविष्या में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जायेगा। S/O: JAGARNATH R/O- VILL-BHANDAR, POST-PARASRAMPUR, Sultanpur-228155

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पंजीकृत फर्म मेसर्स लकी ट्रेडर्स, विवेक नगर, सुलतानपुर उ0प्र0 कि साझीदार से अशोक कुमार सिंह पुत्र स्व0 राम कुमार सिंह निवासी विवेक नगर, सुलतानपुर पृथक हो गये है। इनका फर्म से कोई लेना देना, सरोकार व बकाया नहीं है। **साझीदार - राम बहादुर सिंह**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपने बेटे नेब्बू लाल के नाम से LIC की पालिसी ली थी, जिसका पा. नं 236630558 है, मेरे बेटे के समस्त दस्तावेजों में वीरेंद्र कुमार पुत्र रामू सोनकर अंकित है। अतः दोनों नाम नेब्बू लाल उर्फ वीरेंद्र कुमार है। अब मेरे बेटे को वीरेंद्र कुमार के नाम से जाना पहचाना जाए। **रामू निवासी- ग्राम भुड़कुड़ा, पो. रुपईडीह, जिला गोंडा।**

**सूचना**
सूचित हो कि मैने अपना नाम प्रियंका देवी से बदलकर प्रियंका कुमारी कर लिया है मेरे आर्मी कागजात संख्या 15817408HL/NKDMT में प्रियंका देवी दर्ज है उपरोक्त दोनों नाम एक ही महिला के हैं। **प्रियंका कुमारी पत्नी संजीव कुमार सिंह, निवासी-ग्राम बसही, जिला- छपरा चक हाफिज सारण बिहार, 841206**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल प्रमाणपत्र-सह अंकपत्र यूपी बोर्ड द्वारा निर्गत वर्ष 2019 का जिसका रोल नंबर 1842648 है और इंटरमीडिएट प्रमाणपत्र-सह अंकपत्र यूपी बोर्ड द्वारा निर्गत वर्ष 2021 का जिसका रोल नंबर 216497174 वास्तव में कहीं खो गया है। **- रूबी शर्मा पुत्री वीरेंद्र कुमार निवासी- ग्राम मोहम्मदाबाद, पो. किशुनदासपुर, कादीपुर, सुलतानपुर**

**सूचना**
सूचित हो कि पहले मेरा नाम DINESH था अब मैंने बदलकर अपना नाम DINESH NISHAD रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जायेगा। S/O: RAM NIHOR, R/O- VILL BADARUDDINPUR, MISIRPUR, POST- LAMBHUA, Sultanpur, 222302

**सूचना**
सूचित हो कि पहले मेरा नाम AJEET GANDHI था अब मैंने बदलकर अपना नाम AJEET SINGH रख लिया है भविष्या में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जायेगा। S/O: LATE SATYA PAL, R/O- MIG 13 LDA COLONY AISHBAGH RAJENDRA NAGAR, LUCKNOW

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र सोनू पाल को उसकी आवारागर्दी एवं गलत चाल-चलन के कारण अपनी सम्पूर्ण चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया हूं। उसके किसी भी कृत कार्य, लेन देन से मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **- ननकू पाल पुत्र राम नरेश पाल, निवासी- ग्राम, दमोदरा (सुकाली का पुरवा) पोस्ट- ढेका पखनपुर, परगना बरौंसा, तहसील जयसिंहपुर जनपद सुल्तानपुर**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं अपने पुत्र शहनवाज को उसके गलत आचरण के चलते अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूं भविष्य में उसके द्वारा किए गए कृत्य का वह स्वयं उत्तरदाई होगा। मेरे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई वास्तव सरोकार नहीं रहेगा। **-मोहम्मद सकिर पुत्र नजरुद्दीन, निवासी- मोहल्ला बुखारी टोला, कस्बा व थाना खीरी, जिला- खीरी**

क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?
SINCE 2006
जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!
कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं? जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।
दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये - आयुर्वेद अपनायें
VACHAK वाचक आयुर्वेद®

आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश

**प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?**
उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

**प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?**
उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

**प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?**
उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

**प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?**
उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

**प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?**
उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

**प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?**
उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

**प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?**
उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अतः वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

**प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?**
उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

**प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?**
उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

**प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?**
उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है


डॉ. ओम प्रकाश वर्मा
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट


पुरस्कार एवं सम्मान
- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी /उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in
अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें -
7080239313
7570060266
आलमबाग
पता: शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी
परामर्श समय- सुबह 10:00 से 02:00 तक
मुंशीपुलिया
पता: 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस
परामर्श समय- सायं 06:00 से 09:00 तक
रविवार सायं अवकाश

# डेस्टिनेशन उत्तराखंड

## ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना, स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन से प्रेरित होकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड सरकार पहाड़ी क्षेत्रों के उन्नत उत्पादों को बढ़ावा दे रही है। साथ ही, उनके विपणन के लिए कई पहल भी शुरू की गई हैं। 'हाउस ऑफ हिमालयाज' की शुरुआत इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके अंतर्गत उत्तराखंड के उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों को देश और दुनिया के बाजारों के अनुरूप तैयार किया गया है। ये उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्र के उत्पादों का एक प्रमुख ब्रांड बनकर उभरे हैं।

"माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में हम अपने राज्य की प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और अपार संभावनाओं का लाभ उठाते हुए समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा लक्ष्य स्थायी नीतियों और रणनीतिक पहलों के माध्यम से राज्य के आर्थिक विकास को बढ़ावा देना, बुनियादी ढांचे में सुधार करना और नागरिकों की जीवन गुणवत्ता को बेहतर करना है। हम उत्तराखंड को प्रगति का एक ऐसा मॉडल बनाना चाहते हैं, जहां परंपरा नवाचार से मिलती है। हर व्यक्ति राज्य की समृद्धि व कल्याण में अपना अपार योगदान दे सकता है।"

**-पुष्कर सिंह धामी,** मुख्यमंत्री

"मैं उत्तराखंड सरकार को पिछले कुछ वर्षों में हासिल की गई उपलब्धियों के लिए बधाई देता हूं। यह पर्यटन और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर निरंतर नीतिगत प्रोत्साहन और इस पर ध्यान देने से ही संभव हुआ है। साथ ही, राज्य ने बुनियादी ढांचे के विकास में महत्वपूर्ण प्रगति की है, जो सतत विकास के लिए नए मानक स्थापित करता है। अपने प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग और पर्यटन को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता ने न केवल यहां की अर्थव्यवस्था को मजबूती दी है, बल्कि वैश्विक मंच पर राज्य ने अपनी क्षमता को प्रदर्शित किया है। मैं समावेशी विकास के लिए राज्य के समर्पण की सराहना करता हूं और आने वाले वर्षों में इसकी निरंतर सफलता की आशा करता हूं।"

**-नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

# हाउस ऑफ हिमालयाज से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिल रही मजबूती

PICS: DIPR, UTTARAKHAND GOVERNMENT




मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में आयोजित हुए जीआईएस-2023 के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'हाउस ऑफ हिमालयाज' ब्रांड के उत्पाद भेंट किए

हिमालय की गोद में बसा उत्तराखंड प्राकृतिक दृश्यों के साथ जैविक और पारंपरिक रूप से तैयार किए गए उत्पादों के समृद्ध भंडारण के लिए जाना जाता है। इन उत्पादों को लोगों तक पहुंचाने व ग्रामीण आजीविका को मजबूत करते हुए उत्तराखंड सरकार विभिन्न योजनाओं को चला रही है।

8 दिसंबर, 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड के ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान 'हाउस ऑफ हिमालयाज' की शुरुआत की थी। इसका उद्देश्य छोटे-छोटे ब्रांडों और उत्पादों को मजबूती देकर ब्रांड के रूप में पहचान दिलाना था। 'हाउस ऑफ हिमालयाज' का उद्देश्य अनूठे उत्पादों के लिए व्यावसायिक अवसरों को पहचानकर बाजार तक पहुंच बनाना है, जिसमें स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी), शिल्पकारों, व्यक्तिगत उद्यमियों और समुदाय-आधारित समाजों द्वारा बनाए गए उत्पाद शामिल हैं। राज्य में जैविक उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला मौजूद है, जो पोषण से भरपूर होने के साथ पूरी तरह से रसायन मुक्त है। इसके साथ कुछ निजी कंपनियों के मौजूद होने के बाद भी अधिकांश उत्पाद उपभोक्ता तक अपनी पहुंच नहीं बना सके हैं। ऐसे में, हाउस ऑफ हिमालयाज इन उत्पादों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करके इस कमी को पूरा कर रहा है। इन उत्पादों को बेहतर गुणवत्ता प्रदान करने के लिए विशेषज्ञों से व्यावसायिक मार्गदर्शन लेने के साथ ही प्रभावी विपणन रणनीतियां भी अपनाई जा रही हैं।

### हाउस ऑफ हिमालयाज इसलिए है खास

**बेहतर गुणवत्ता:** हाउस ऑफ हिमालयाज के उत्पाद बेहद खास हैं, जो अपनी बेजोड़ गुणवत्ता और बेहतर कारीगरी के लिए जाने जाते हैं। यह बातें उन्हें बड़े पैमाने पर उत्पादन होने वाले दूसरे उत्पादों से विशिष्ट बनाती हैं।

**प्रामाणिकता का आश्वासन:** पारंपरिक तरीकों और प्रामाणिक अनुभवों को केंद्र में रखते हुए इस पहल के अंतर्गत बनाए जा रहे उत्पाद उच्च गुणवत्ता मानकों पर खरे उतरने के बाद ही ग्राहकों तक भेजे जाते हैं। इन उत्पादों की उच्च गुणवत्ता की पुष्टि करने के लिए इन्हें सर्टिफिकेट भी दिया जाता है।

**सामुदायिक प्रतिबद्धता:** हाउस ऑफ हिमालयाज को चुनने का मतलब है, सार्थक सामाजिक पहलों के माध्यम से स्थानीय समुदायों का समर्थन करना। इसके हर उत्पाद की खरीद के साथ आप सामाजिक रूप से योगदान दे सकते हैं।

**ओपन सोर्सिंग:** इस पहल के अंतर्गत सामग्री और उत्पादन प्रक्रियाओं को चुनते समय पूर्ण पारदर्शिता को प्राथमिकता दी जाती है, ताकि उपभोक्ता का भरोसा बनाए रखा जा सके।

**नैतिकता को प्राथमिकता:** स्थायी सोर्सिंग और बेहतर उत्पादन के तरीके अपनाने के साथ यह ब्रांड उन तरीकों को अपनाता है, जिसकी नैतिक तौर पर सराहना की जाती है।

**बेहतर ब्रांड अनुभव:** उत्पाद की पूरी जानकारी, छोटी से छोटी बारीकी का ध्यान और बेहतर उत्पाद को शामिल करके यह ब्रांड ग्राहकों को एक बेहतर अनुभव प्रदान करता है, जो हर उपभोक्ता के लिए यादगार अनुभव साबित होता है।

### पीएम मोदी ने किया लॉन्च

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'हाउस ऑफ हिमालयाज' की लॉन्चिंग उत्तराखंड की आर्थिक स्वायत्तता और ग्रामीण उन्नति की यात्रा में मील का पत्थर है। उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में प्रधानमंत्री ने राज्य के उत्पादों की गुणवत्ता के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानकों को पूरा करने को बढ़ावा देने वाली ब्रांड क्षमता पर जोर दिया। यह पहल 'वोकल फॉर लोकल, लोकल टू ग्लोबल' के उनके विजन के अनुरूप है, जो स्थानीय उत्पादों के वैश्विक प्रचार को बढ़ावा देता है। उत्तराखंड के जैविक और पारंपरिक उत्पादों की अहमियत को समझते हुए प्रधानमंत्री ने ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाने और स्थायी आजीविका के निर्माण के महत्व पर प्रकाश डाला।

### सीएम पुष्कर सिंह धामी ने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर किया लॉन्च

5 जुलाई, 2024 को राज्य के उत्पादों की पहुंच बढ़ाने के लिए एक और उल्लेखनीय कदम उठाया गया। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अमेजन इंडिया के साथ मिलकर ई-कॉमर्स दिग्गज के प्लेटफॉर्म पर हाउस ऑफ हिमालयाज की शुरुआत की। इस पहल का उद्देश्य राज्य के उत्पादों को देश और दुनिया के बाजारों तक उपलब्ध कराना है। सचिवालय में आयोजित लॉन्च कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्थानीय उत्पाद खरीदे, जो राज्य की अपनी खुद की जरूरतों को पूरा करने की निष्ठा को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि हाउस ऑफ हिमालयाज का प्राथमिक उद्देश्य उत्तराखंड के स्थानीय उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाना है। इन उत्पादों का अधिकांश प्रसंस्करण और उत्पादन स्वयं सहायता समूहों द्वारा किया जाता है, जिससे महिलाओं और ग्रामीण समुदायों की आजीविका बेहतर हो रही है। ग्रामीण विकास सचिव राधिका झा ने हाउस ऑफ हिमालयाज के उत्पादों के बारे में बताते हुए कहा कि यह जीआई-टैग वाले उत्पाद हैं, जिनमें जैविक खाद्य का इस्तेमाल किया जाता है। इनमें से हर एक उत्पाद अपने आप में काफी अलग है, जो बाजार में अन्य उत्पादों के बीच अपनी अलग पहचान के लिए जाना जाता है।




मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, ग्रामीण विकास सचिव राधिका झा और अन्य अधिकारियों के साथ हाउस ऑफ हिमालयाज के लिए एक ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के साथ एमओयू साइन करते हुए

# ऑर्गेनिक उत्तराखंड है एक नई पहचान

## यूओसीबी ने भारत में जैविक खेती आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए विशाल आपूर्ति की श्रृंखला स्थापित की है। साथ ही, 'ऑर्गेनिक उत्तराखंड' को ब्रांड के रूप में विकसित किया है

उत्तराखंड जैविक वस्तु बोर्ड (UOCB) का गठन 19 मई 2003 को सोसायटी पंजीकरण अधिनियम 1860 के अधीन किया गया। यह उत्तराखंड में जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करता है। यूओसीबी का मिशन उत्तराखंड को देश की जैविक राजधानी के रूप में स्थापित करना है। साथ ही, जैविक कृषि विधियों के माध्यम से स्थायी ग्रामीण विकास के लक्ष्य को भी साधा जा रहा है।

बोर्ड विभिन्न उपायों के माध्यम से खेती और संबद्ध क्षेत्रों में कार्य करता है, जिनमें बागवानी, औषधीय सुगंधित पौधे और जड़ी-बूटियां व पशुपालन शामिल हैं। यूओसीबी चार प्रमुख शाखाओं तकनीकी सेल, प्रशिक्षण सेल, प्रमाणन सेल और विपणन सेल के तौर पर काम करता है। तकनीकी सेल जैविक कृषि को अपनाने के लिए इच्छुक किसान समूहों की पहचान करता है और खेती के लिए उपयुक्त तकनीकों के बारे में जानकारी देता है। फिर प्रशिक्षण सेल किसानों के लिए प्रदर्शनी, ट्रेनिंग सत्रों और जरूरी शैक्षणिक सामग्रियों से उन्हें प्रशिक्षित करता है। प्रमाणन सेल खेतों और दुकानों के लिए जैविक प्रमाणीकरण को प्रोत्साहित करता है, जबकि विपणन सेल प्रदर्शनियों और पैनलों के माध्यम से बी टू बी ग्राहकों को जैविक उत्पाद बेचने के लिए प्रोत्साहित करता है।

हाल के वर्षों में यूओसीबी की ओर से किए गए प्रयासों के बेहतर परिणाम सामने आए हैं। वर्ष 2019 में यूओसीबी के दिशा-निर्देशन में किसानों ने 35 मेलों और प्रदर्शनियों में हिस्सा लिया और इसमें 28 लाख रुपये के सामानों की बिक्री हुई। इस तरह से 210 लाख रुपये का बाजार तैयार हुआ। 2020-21 तक महामारी से उत्पन्न समस्याओं के बावजूद किसानों ने 11 मेलों में उत्साह के साथ हिस्सा लिया। इससे 8 लाख रुपये की बिक्री के साथ ही 85 लाख रुपये का बाजार बना।

यूओसीबी ने देश में जैविक खेती की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस दिशा में विभिन्न प्रयासों से विशाल आपूर्ति श्रृंखला स्थापित की है और "ऑर्गेनिक उत्तराखंड" को ब्रांड के रूप में विकसित किया है। उनके उत्पादों में देहरादूनी बासमती चावल, पूसा-1 बासमती, लाल चावल और गेहूं व विभिन्न अनाज शामिल हैं। मसालों की श्रेणी में तेज पत्ता, काला जीरा, धनिया, अदरक और हल्दी शामिल हैं। दालों की श्रेणी में काले छोले, काले चने, राजमा और दालें शामिल हैं। साथ ही, बाजरा और फिंगर बाजरा जैसे मोटे अनाज भी इसमें शामिल हैं। सेब का रस, डिटर्जेंट पाउडर, मूंगफली, जड़ी-बूटियों से युक्त तेल, शहद, सरसों का तेल, साबुन, चीनी, शीतोष्ण फल और ताजी सब्जियां भी इनका हिस्सा हैं।

# विरासत को संरक्षित करते हुए कारीगरों को बना रहे सशक्त

## शिल्पकला के मामले में उत्तराखंड सदियों से अपनी विशिष्टताओं के कारण ध्यान आकर्षित करता रहा है। यहां की शिल्पकला वर्षों से स्थानीय लोगों की आजीविका का आधार रही हैं

बात जब उत्तराखंड की पारंपरिक शिल्पकला की हो रही है, तो कहना होगा कि यहां की हथकरघा साड़ियां प्रसिद्ध उत्पादों में एक अद्वितीय स्थान रखती हैं। शिल्पकला के मामले में उत्तराखंड सदियों से अपनी विविधता का प्रदर्शन कर रहा है, जो क्षेत्रीय निवासियों के लिए आजीविका का एक महत्वपूर्ण आधार रही है। इस क्षेत्र में रोजगार की असीम संभावनाओं के साथ ही वित्तीय विकास की संभावनाएं भी हैं और इन्हें समझते हुए उत्तराखंड सरकार ने उत्तराखंड हथकरघा और हस्तशिल्प विकास परिषद (UHHDC) की स्थापना की।

सरकार द्वारा स्थापित एक पंजीकृत सोसायटी के रूप में यूएचएचडीसी राज्य में हथकरघा और हस्तशिल्प की दिशा में समग्र विकास के लिए शीर्ष निकाय के रूप में कार्य करती है। इसका कार्य उत्तराखंड के शिल्पकारों को प्रोत्साहित करना, निर्देशित करना और प्रबंधित करना है। इस तरह से यहां की हस्तशिल्प को बढ़ावा देते हुए यह परिषद स्थानीय कार्य को सक्षम बना रही है। इसके अंतर्गत संचालित 'हिमाद्रि' ट्रेडमार्क से उत्पन्न होने वाले शिल्प उत्पाद गुणवत्ता और प्रामाणिकता की पहचान बनकर उभरे हैं। हाथ से बनी इन कृतियों को यूएचएचडीसी एम्पोरियम के माध्यम से 'हिमाद्रि' ब्रांड नाम के तहत बेचा जाता है। यह पहल यह सुनिश्चित करती है कि ग्राहकों को वास्तविक उत्पाद मिले, साथ ही कारीगरों को उनके परिश्रम और कौशल का उपयुक्त पारिश्रमिक भी मिल सके।

PICS: DIPR, UTTARAKHAND GOVERNMENT



उत्तराखंड के हथकरघा और हस्तशिल्प उत्पादों को राज्य के बाहर व वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के लिए यूएचएचडीसी ने कई कदम उठाए हैं। हिमाद्री ब्रांड के तहत इन शानदार उत्पादों को शिल्प बाज़ार, दिल्ली हाट, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेलों और सूरजकुंड मेले जैसे प्रतिष्ठित अवसरों पर प्रदर्शित किया जाता है। उत्तराखंड के शिल्पकारों को अपनी कृतियों को व्यापक स्तर पर दिखाने का मौका मिलता है। वर्तमान में हिमाद्री शोरूम देहरादून, उत्तरकाशी, हल्द्वानी, हरिद्वार और नई दिल्ली में उत्तराखंड सदन जैसे प्रमुख स्थानों पर स्थित हैं, जो यह सुनिश्चित करते हैं कि ये उत्पाद दूर तक पहुंच सकें।

विश्व स्तर पर उत्तराखंड के हस्तशिल्प को पहुंचाने के लिए यूएचएचडीसी ने प्रसिद्ध ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म अमेजन के साथ साझेदारी की है। इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से अब तक लाखों रुपये के हस्तशिल्प उत्पाद बेचे जा चुके हैं। यह न केवल कारीगरों को दुनियाभर के दर्शकों के सामने अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच प्रदान करता है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करता है कि उनकी कला को वैश्विक स्तर पर प्रशंसा और पहचान भी मिले।

सरकार की नोडल एजेंसी के रूप में, यूएचएचडीसी पूरे वर्ष भर कई कला मेले, प्रदर्शनियां और प्रचार कार्यक्रम आयोजित करता है। ये प्रयास शिल्पकारों को अपनी निपुणता दिखाने के लिए एक स्थान प्रदान करते हैं और साथ ही उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को बनाए रखने और बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाते हैं।



# दून सिल्क: रेशम बुनाई की पारंपरिक कला को कर रहे पुनर्जीवित

## दून सिल्क उत्तराखंड सहकारी रेशम संघ (यूसीआरएफ) के तहत काम करता है। यह उत्तराखंड की प्राचीन रेशम बुनाई परंपराओं को बनाए रखने और पुनर्स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

प्राकृतिक रेशों के उपयोग पर जोर देते हुए दून सिल्क हथकरघा उत्पाद प्रदान करने का बेहतर काम कर रहा है। यह हमारे परिवेश और पारिस्थितिकी तंत्र की रक्षा के लिए समर्पित है। ब्रांड की पेशकशों में रेशम, ऊन, कपास, बिछुआ शामिल हैं। ये पर्यावरण अनुकूल होने के लिए पसंद किए जाते हैं।

दून सिल्क उत्पाद वास्तव में उत्तराखंड के किसानों, रीलर, बुनकरों, शिल्पकारों और रंगाई करने वालों की प्रतिभा और कलात्मकता का प्रमाण है। दून सिल्क का हर उत्पाद गुणवत्ता के मामले में उच्चतम श्रेणी का होता है। इसे निर्मित करने के लिए ऐसी सामग्रियों का उपयोग किया जाता है, जो इसे वैश्विक स्तर पर पहचान दिला सके और खरीदारों का इस पर भरोसा बढ़ सके। हथकरघा विधियों पर फोकस करते हुए दून सिल्क पारंपरिक तकनीकों के आधार पर तैयार किया जाता है। साथ ही, यह उत्तराखंड में 6,000 से अधिक लोगों को स्थायी रोजगार उपलब्ध करता है।

दून सिल्क की शुद्धता इस बात से प्रमाणित होती है कि यह 100% प्राकृतिक फाइबर की गारंटी देता है। गुणवत्ता के प्रति इस प्रतिबद्धता ने ब्रांड को राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर विशिष्ट पहचान दिलाने में मदद की है। रेशम की साड़ियों, कोट, स्टोल और शॉल जैसे उत्पादों के साथ, दून सिल्क असंख्य ग्राहकों को सेवा प्रदान करता है। यह अपनी विशिष्टता को प्रदर्शित करते हुए विभिन्न कीमतों पर उपलब्ध है। वैश्विक बाजार ने विशेष रूप से दून सिल्क को अपनाया है। यूरोप और अमेरिका में इसे निर्यात किया जाता है। इन उत्पादों को काफी सराहना मिली है।

इसके अलावा, उत्तराखंड की पारंपरिक रेशम बुनाई की आवश्यकता को भी बढ़ावा मिला है। दून सिल्क से जहां खरीदारों को उत्कृष्ट उत्पाद मिलते हैं, वहीं यह कारीगरों को वित्तीय सशक्तिकरण भी प्रदान करता है। यह अपनी विरासत को बनाए रखने और स्थानीय लोगों को सशक्त बनाने की दिशा में एक सकारात्मक पहल है। गुणवत्ता और संस्कृति के प्रति अटूट समर्पण के कारण दून सिल्क खूबसूरती से तैयार किया गया उत्पाद है, जो गहरी छाप छोड़ने में सफल हुआ है।

# राज्य में सतत विकास को बढ़ावा दे रहा उत्तराखंड बांस एवं फाइबर विकास बोर्ड

उत्तराखंड प्राकृतिक संसाधनों का भंडार है। इन प्राकृतिक संसाधनों को लोगों के लिए उपयोगी उत्पादों में बदलने का बीड़ा उत्तराखंड बांस और रेशा विकास बोर्ड ने उठाया है। बोर्ड बांस और बिछुआ से बने ऐसे उत्पादों को बढ़ावा देता है, जो प्राकृतिक संपदा मानी जाती है। इन उत्पादों में बांस और बिछुआ से बने लैंप शामिल हैं, जिन्हें उत्तराखंड के पारंपरिक कारीगरों द्वारा बड़ी बारीकी से तैयार किया गया है। प्रत्येक लैंप को हिमालय क्षेत्र से प्राप्त बिछुआ फाइबर कपड़े का उपयोग करके बहुत ही सलीके से काटा, बांटा और सावधानी के साथ बुना जाता है। इससे छनकर आती मध्यम रोशनी आपका मूड बेहतर बनाती है। ये अंडाकार लैंप प्रकृति की सुंदरता और उसके स्पर्श का मिश्रण हैं, जो घर के अंदर किसी भी जगह को अपने प्राकृतिक आकर्षण से कई गुना सुंदर बना देते हैं। पर्यावरण-अनुकूल और टिकाऊ जीवनशैली को अपनाते हुए उत्तराखंड बांस एवं रेशा विकास बोर्ड अपनी उत्पाद श्रृंखला के रूप में शानदार बांस की बोतल भी लेकर आए हैं। उच्च गुणवत्ता वाले असली बांस के खोल और स्टेनलेस-स्टील से बनी यह बोतल टिकाऊ है, जो प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के साथ ही लंबे समय तक इसके इस्तेमाल को सुनिश्चित करती है।

इको-टेक्सटाइल्स के दायरे में आगे बढ़ते हुए उत्तराखंड बांस एवं रेशा विकास बोर्ड हिमालयन बिछुआ को शानदार प्राकृतिक फाइबर के रूप में पेश करता है। समुद्र तल से 1200 से 2900 मीटर की ऊंचाई पर हिमालय में उगने वाला यह बारहमासी पौधा है। बिछुआ फाइबर से बने कपड़े की परंपरा हजारों साल पुरानी है, जिसका पुनरुत्थान किया जा रहा है। थर्मल, कीटाणु रोधी गुणों और न सिकुड़ने वाले बिछुआ रेशे से बुना यह कपड़ा आरामदायक होने के साथ ही स्टाइलिश भी होता है।



### उद्देश्य और विजन

ओडीटीपी योजना का प्राथमिक उद्देश्य उत्तराखंड के पारंपरिक और शिल्प उद्योगों को बढ़ावा देना है। स्थानीय उत्पादों की पहचान और उसका विकास करके इस योजना के माध्यम से उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंच प्रदान किया जाता है। इससे उनकी विपणन क्षमता और आर्थिक मूल्य दोनों में वृद्धि होती है। यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सतत ग्रामीण विकास के दृष्टिकोण के अनुरूप है, जो आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय उत्पादों को निखारने पर बल देता है।

#ExploreUttarakhand

@DIPR_UK

CONSUMER CONNECT INITIATIVE

## एक नजर

### आबकारी विभाग की कार्रवाई जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** सड़क के किनारे पीने और पिलाने के खिलाफ आबकारी विभाग की कार्रवाई जारी है। शुक्रवार देर रात तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आबकारी टीम ने सघन तलाशी ली। इसी क्रम में कपूरथला, अलीगंज सेक्टर एच, विकास नगर, कुर्सी रोड के आस पास, गौरैया चौराहा थाना माल के आसपास, बीकेटी, हजरतगंज और चौक क्षेत्र की दुकानों का निरीक्षण किया गया। अभियान के दौरान शराब की दुकानों के आस पास लगे ठेलो और ढाबों के आस पास के इलाकों को विशेष रूप से चेक किया गया।

### युवक का नाले में मिला शव

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बिजनौर क्षेत्र में नाले में युवक का सड़ा गला शव मिला। पुलिस ने प्रथम दृष्टया पैर फिसलने से डूबकर युवक की मौत होने की आशंका जताई है। क्षेत्र के नटकुर स्थित कब्रिस्तान के सामने शनिवार शाम राहगीरों ने युवक का नाले में औंधे मुंह शव पड़ा देख पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने जेब में मिले आधार कार्ड से युवक की पहचान उन्नाव जिले के हड़हा निवासी महेश तिवारी (26) के रूप में की। इंस्पेक्टर अरविंद कुमार राणा का कहना है शव चार दिन पुराना लग रहा है। युवक अमौसी एयरपोर्ट के पास किसी छोले कुलचे की दुकान पर काम करता था।

### सरेराह महिला से छेड़छाड़ कर भागा युवक

**अमृत विचार, लखनऊ :** बीकेटी थाना क्षेत्र में महिला से सरेराह छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक, महिगवां इंदारा निवासी महिला ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया कि भैसामऊ क्रॉसिंग के पास शिवम पाल छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर गाली-गलौज कर भाग निकला। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# ओवरलोडिंग, तेज रफ्तार व शराब का नशा बना हादसे का सबब

## वैष्णवी के सिर से छिना माता-पिता का साया व भाइयों का प्यार, ट्रक चालक व परिचालक गंभीर रूप से घायल, लोहिया अस्पताल में चल रहा इलाज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** भयावह हादसे ने वैष्णवी (7) के सिर से पिता का साया, मां का आंचल और दोनों भाइयों का प्यार जीवन भर के लिए छीन लिया। वहीं मां की कोख में आठ माह से पल रहा नन्हा मेहमान दुनिया में कदम रखने से पहले ही मौत की नींद सो गया। हादसे का कारण डंपर में ओवर लोडिंग कर भरी मौरंग, तेज रफ्तार और चालक का नशे में धुत होना रहा। भयावह मंजर देख आसपास के लोगों में चीख-पुकार मच गयी। हादसे के दौरान वैष्णवी सबसे किनारे लेटी थी, इसके चलते उसकी जान बच गई।

हादसा रात शनिवार रात करीब 12.45 बजे के बीच हुआ। उमेश तीन भाइयों में सबसे छोटा था। वह 13 माह पहले ही गांव से परिवार के साथ लखनऊ आया था। वह पेशे से नंबर प्लेट और गुड्डे बनाने और बेचने का काम करता था। रोज की तरह ही खाना खाकर करीब 10 बजे परिवार के साथ झोपड़ी में सोया था। वैष्णवी मां के पास किनारे लेटी थी। जबकि एक तरफ उमेश और नीलम के बीच में दोनों बेटे गोलू और सनी लेटे थे। रात करीब पौने एक बजे लखनऊ से बाराबंकी की ओर जा रहा तेज रफ्तार ओवर लोड मौरंग लदा 16 पहिया ट्रक नशे में धुत चालक से बेकाबू हो गया। इसके बाद हाइवे से सीधा सर्विस लेन को पार कर झोपड़ी तक पहुंचा। सो रहे परिवार के चार सदस्यों और झोपड़ी को समेटते हुए गड्ढे में जा गिरा। इसके साथ ही एक ही परिवार के चार सदस्य मौत की नींद सो गए।



नीलम व उमेश



गोलू



सनी



अयोध्या हाईवे स्थित बीबीडी कॉलेज के सामने पलटा डंपर। अमृत विचार





हादसे के बाद घटनास्थल पर मौजूद स्थानीय लोग। अमृत विचार

### बड़े पापा, 'मम्मी, पापा और भइया दब गए'

बड़े भाई अमर सिंह ने बताया कि परिवार के साथ गहरी नींद में सो रहे थे। इसी दौरान वैष्णवी की चीख गूंजी बड़े पापा बड़े पापा मम्मी पापा और दोनों भइया दब गए हैं। अमर सिंह समेत अन्य लोग पहुंचे तो मंजर देख कर दहल उठे।

### बड़े पापा व बाबा करेंगे वैष्णवी का पालन पोषण

हादसे में मां, पिता व भाइयों का साथ वैष्णवी से छिन गया है। अब उसकी देखभाल व पालन पोषण बड़े पापा यानी अमर सिंह और बाबा श्यालाल करेंगे। उन्होंने बेटी के पालन-पोषण की बात कही है। फिलहाल वैष्णवी की सिर्फ सिसकियां निकल रही हैं। वह हर किसी से बस यही सवाल कर रही थी, मम्मी-पापा और भैया मुझे साथ क्यों नहीं ले गए। अकेला क्यों छोड़ गए।



पीड़ित वैष्णवी

**कुचलने से क्षत-विक्षत हो गये शव :** ट्रक ओवर लोड था। इसके चलते उसके पलटने से दंपति और दोनों बेटे बुरी तरह कुचले गए। सूचना के करीब 30 मिनट बाद पहुंची पुलिस ने जेसीबी से ट्रक हटवा कर शवों को निकाला। शव पूरी तरह से क्षत-विक्षत हो चुके थे। पहचान करना भी मुश्किल हो रहा था। किसी तरह पुलिसकर्मियों ने शवों को समेट कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

**फोन पर बिलख-बिलख कर बताई घटना :** उमेश के बड़े भाई अमर पाल की झोपड़ी भी कुछ ही दूर पर थी। ऐसे में घटना की जानकारी होते ही वह पूरे परिवार और आसपास के लोगों के साथ मौके पर पहुंच गया। अमर पाल की पत्नी शनिवार को बिलख-बिलख कर रिश्तेदारों को घटना बातते दिखी। परिवार के सदस्यों के मुख से सिर्फ सिसकियां गूंज रहीं थी।

बहन ने बताया कि उमेश ने शुक्रवार को ही उनके पास फोन कर लखनऊ घूमने के लिए बुलाया था। वह बोलीं कि भैया कल आएंगे। लेकिन उन्हें क्या पता था कि यह दर्दनाक मंजर देखने के लिए आना पड़ेगा। बहन रोते बिलखते बस एक ही बात बोल रही थी। मेरा पूरा परिवार चला गया। बच्ची लावारिश हो गई। बहन ने बताया कि उमेश छोटा भाई था। बड़ा भाई महेश गांव में रहता है। अमर सिंह व उमेश यहीं काम करते थे।

पड़ोसी भतीजे धर्मपाल ने बताया कि घटनास्थल से थोड़ी दूर ठेले पर सो रहा था। देर रात मां चीखते हुए उसे जगाने पहुंचीं। धर्मपाल व आसपास के लोगों ने ट्रक सीधा कर परिवार के सदस्यों को निकालने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो सके। पुलिस के पहुंचने पर मृतकों को निकाला जा सका। धर्मपाल ने बताया ट्रक पर ड्राइवर के अलावा हेल्पर भी था। हेल्पर घटना के बाद भाग निकला।

**तकरोही शमशान घाट पर अंतिम संस्कार :** पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव लेकर इंदिरानगर स्थित तकरोही के पास बने शमशान घाट पहुंचे। जहां दंपति की एक साथ अर्थियां जलीं। जबकि दोनों भाई पास-पास दफन किए गए। बुजुर्ग श्यामलाल ने बेटे उमेश और बहू नीलम को मुखाग्नि दी।



हादसे की जानकारी देते परिजन व आस-पड़ोस के लोग। अमृत विचार

इस दर्दनाक घटना में दो मासूम सहित 4 लोगों की जान चली गयी है। ट्रक चालक पंकज व परिचालक भी हादसे में गंभीर रूप से घायल हैं। उन्हें लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे की असल वजह क्या है, इसका टेक्नीकल मुआइना किया जायेगा। चालक व परिचालक भी फिलहाल डॉक्टरों की देख-रेख में भर्ती हैं। जिनसे पूछताछ के बाद घटना के असल वजह पता चलेगी।

-प्रबल प्रताप सिंह, पुलिस उपायुक्त, पूर्वी जोन, लखनऊ

# अपहृत छात्रा बोली, मैं फंस गई, मुझे बचा लो

संवाददाता, लखनऊ/ निगोहां

**तीन दिन पहले कॉलेज गई थी छात्रा, तब से लापता**

**अमृत विचार :** निगोहां से तीन दिन पहले अपहृत ग्रेजुएशन की छात्रा का फोन शनिवार को जीजा के पास आया। छात्रा ने कहा कि मेरा अपहरण किया गया है, मैं फंस गई हूं, बचा लो नहीं तो ये लोग मुझे मार डालेंगे।लड़की ने जीजा से बताया कि गिरोह में तीन लड़कियां और चार लड़के हैं। मुझे दवा खिलाई है। मैं कहां हूं जानकारी नहीं है। परिजन ने पुलिस को घटना बताई। अपहरणकर्ताओं की तलाश में पुलिस टीमें लगाई गई हैं।

थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली लड़की मोहनलालगंज के बिंदौआ स्थित एक कॉलेज में ग्रेजुएशन की छात्रा है। रोज की तरह वो गुरुवार को कॉलेज गई थी। देर शाम तक घर नहीं लौटी तो परिवार वालों ने परिचितों और रिश्तेदारों को फोन कर छात्रा के बारे में जानकारी ली, लेकिन पता नहीं चला। गुरुवार शाम को ही परिजन ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस छात्रा को तलाश रही थी, लेकिन पता नहीं लगा। उसका पता लगाते शुक्रवार को पूरा दिन बीत गया। लेकिन उसका सुराग नहीं मिला। इस बीच छात्रा ने निगोहां क्षेत्र में रहने वाले जीजा को फोन कर आपबीती बताई।

इंस्पेक्टर अनुज तिवारी ने बताया जल्द ही छात्रा को सुरक्षित बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा। पुलिस ने सीडीआर निकलवाने सहित छात्रा की तलाश में कई टीमें लगा दी हैं। छात्रा के करीबियों से भी पूछताछ की जा रही है।

### मुझे कहां ले जाया जा रहा, पता नहीं

जीजा से छात्रा बोली मैं बुरी तरह से फंस गई हूं। अपहरणकर्ताओं का चोरी से फोन लेकर बात कर रही हूं। इस नंबर पर उधर से फोन न करना क्यूंकि उन्हें पता चला तो मुझे मार देंगे। जीजा ने पूछा कि तुम इस समय कहां हो। तो बोली, कोई दवा खिलाई है। मेरे सिर में तेज दर्द है। मैं कहां हूं, मुझे कहां ले जाया जा रहा है, इसकी कोई जानकारी नहीं है।

# बेकाबू टेंपो पलटा चालक की मौत

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमतीनगर क्षेत्र में बेकाबू टेंपो पलटने से घायल चालक ने शुक्रवार रात ट्रॉमा सेंटर में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। तेज रफ्तार टेंपो डिवाइडर से टकराकर पलटने से वह घायल हो गया था।

पुलिस के मुताबिक, सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के दरोगा खेड़ा चार मंजिल कॉलोनी निवासी आशीष गौतम (35) ऑटो चालक था। पिता सुरेंद्र ने बताया आशीष गुरुवार को ऑटो लेकर घर से निकला था। दोपहर में गोमतीनगर लोहिया चौराहे के पास तेज रफ्तार ऑटो अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया और गंभीर घायल हो गया। शनिवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया।

# तनिष्क शोरूम के मैनेजर ने ही चुराए थे सोने की सिक्के

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**आईपीएल के दौरान सट्टे में हारे 13 लाख की भरपाई के लिए की वारदात**

**अमृत विचार :** हजरतगंज पुलिस ने तनिष्क शोरूम से सोने के दो सिक्के चुराने वाले मैनेजर को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने आईपीएल में सट्टा में हारे 13 लाख रुपये का कर्ज चुकाने के लिए सिक्के चुराए थे। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया।

इंस्पेक्टर विक्रम सिंह के मुताबिक, तनिष्क शोरूम के फ्लोर मैनेजर विवेक राठौर ने 100 ग्राम सोने के दो सिक्के चोरी होने का मामला दर्ज कराया था। सिक्के शोरूम से चोरी हुए थे। कर्मचारियों से पूछताछ में कैंट निवासी मैनेजर अंकित कुमार गुप्ता की बातों से शक हुआ। हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो पता चला कि अंकित की मां ने भी तनिष्क शोरूम में एक सिक्का बेचा था। इसके आधार पर आरोपी अंकित को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में अंकित ने शोरूम से दो बार में सिक्के चुराने और एक सिक्का मां के जरिए बेचने का जुर्म कबूल किया। अंकित ने आईईपीएल में सट्टा में हारे 13 लाख रुपये की नुकसान की भरपाई के लिये चोरी करने की बात कही। इंस्पेक्टर के मुताबिक, अंकित की मां ने बताया सिक्का चोरी का होने की उन्हें जानकारी नहीं थी।

## सार-संक्षेप

### नहीं थम रहा कच्ची शराब का कारोबार

**अमृत विचार, लखनऊ :** शहर से सटे गांवों और बस्तियों में धड़ल्ले से कच्ची शराब का कारोबार फल-फूल रहा है। वहीं आबकारी विभाग की कार्रवाई बेमानी साबित हो रही है। खास बात यह है कि शराब बनाने में महिलाएं पुरुषों से भी आगे है। कच्ची शराब बनाने के लिए गांव के पास झाड़ियों और सुनसान जगहों का इस्तेमाल किया जा रहा हैं। गोसाईगंज अन्तर्गत ग्राम कबीरपुर, बस्तियां, सीथौली कलां, रामपुर, महुरा खुर्द, मोहनलालगंज अंतर्गत ग्राम भज्जा खेड़ा, छोटी खेड़ा, इंद्रजीत खेड़ा, थाना माल अंतर्गत ग्राम कल्याणपुर, काकोरी अंतर्गत ग्राम रहमान खेड़ा, खालिसपुर, लोधौसी, बंथरा अंतर्गत ग्राम गदौली आदि राजधानी से सटे ऐसे क्षेत्र हैं। जहां पर बड़ी मात्रा में कच्ची शराब बनाने का कारोबार फल-फूल रहा है। आबकारी विभाग की ओर से कई बार इन गांवों और बस्तियों में छापा मारकर कच्ची शराब के कारोबार को बंद करने की कार्रवाई की गई है। लेकिन थोड़े दिन बीतने के बाद यह कारोबार दोबारा शुरू कर दिया जाता है। इस संबंध में जिला आबकारी अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि जहां कहीं पर भी कच्ची शराब बनाने की जानकारी प्राप्त होती है। आबकारी टीम वहां पहुंच कर कार्रवाई करती है और आरोपी को गिरफ्तार करती है। यह अभियान लगातार चल रहा है और आगे भी चलता रहेगा।

### भाई को अस्पताल में भर्ती कराकर लौटे मजदूर की मौत

**अमृत विचार, लखनऊ :** गुडम्बा क्षेत्र में बड़े भाई को अस्पताल में भर्ती कराकर घर लौटे छोटे भाई की तबीयत बिगड़ गई। परिजन उसे भी अस्पताल ले गए, जहां पर उसकी मौत हो गई। इंस्पेक्टर नितीश कुमार श्रीवास्तव के मुताबिक, मूलत: छत्तीसगढ़ के खड़ेसरा निवासी महेश साहू (29) रुचि खंड में पत्नी गायत्री और दो बच्चों के साथ निर्माणाधीन बिल्डिंग में रहकर मजदूरी करता था। भाई भूपेंद्र ने बताया कि उनका एक बड़ा भाई पालू गुडंबा के अटौली में रहता है। महेश को जानकारी हुई की पालू की तबीयत खराब है। शुक्रवार को पालू की हालत गंभीर देख अस्पताल में भर्ती कराने के बाद घर पर आ गया। इसके थोड़ी देर बाद महेश की भी तबीयत खराब हो गई। इस पर भूपेंद्र आनन-फानन महेश को अस्पताल ले गया। जहां उसकी मौत हो गई। इंस्पेक्टर ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट होने पर कार्रवाई की जायेगी।

### बंद पॉलिसी चालू कराने के नाम पर 6.50 लाख की ठगी

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमतीनगर विस्तार थाने में बंद पड़ी इंश्योरेंस पॉलिसी को दोबारा से शुरू कराने का दावा कर युवक से साढ़े छह लाख की ठगी का मामला सामने आया है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, सतलुज अपार्टमेंट निवासी अनिल कुमार शर्मा ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया कि निजी कम्पनी की पॉलिसी ली थी। जिसमें 8 लाख 50 हजार रुपये जमा करने पर 20 लाख मिलने थे। अनिल 50 हजार ही जमा कर सके। जिससे पॉलिसी बंद हो गई। कुछ दिन पूर्व अनिल को अन्जान नम्बर से कॉल कर आरोपी ने इश्योरेंस कर्मी बन दोबार से पॉलिसी शुरू कराने का झांसा दिया। लालच में अनिल से पॉलिसी रिन्यू कराने के नाम पर ठग ने 6 लाख 52 हजार रुपये ठग लिए।

### डीसीएम-डंपर की टक्कर, केबिन में फंसा चालक

**अमृत विचार, लखनऊ :** सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में किसान पथ के पास शनिवार तड़के डीसीएम और डंपर की टक्कर हो गई। डीसीएम चालकर केबिन में फंस गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ड्राइवरों को केबिन से निकाल कर अस्पताल में भर्ती कराया। इस दौरान एक घंटे तक यातायात बाधित रहा। पुलिस के मुताबिक, रामपुर निवासी हरपाल (42) झारखंड से उत्तराखंड जा रहे थे। करीब 4 बजे किसान पथ ढकवा गांव के पास बालू लदे डंपर ने हरपाल की डीसीएम में सामने से टक्कर मार दी। हादसे में हरपाल केबिन में फंस गए थे। इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्र ने बताया कि रॉड से केबिन का गेट खोलकर हरपाल को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। इंस्पेक्टर ने बताया कि टक्कर मारने वाला डंपर गोमतीनगर निवासी मिंटू अंसारी का है।

### शिक्षक ने 5वीं के छात्र को पीटा

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी के एक निजी स्कूल में पढ़ाने वाले शिक्षक ने 5वीं के छात्र की जमकर पिटाई कर दी। इससे छात्र के कान से खून निकल आया। जानकारी अभिभावकों को हुई तो उन्होंने पुलिस को प्रार्थन पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। ठाकुरगंज के निवाजगंज स्थिति टाउन हॉल पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल प्रिया मिश्रा ने बताया कि शुक्रवार को 5वीं कक्षा के बच्चे के परिजन ने शिकायत की है। सीसीटीवी फुटेज में टीचर द्वारा बच्चे की पिटाई साफ देखी जा रही है। टीचर को गलती को स्वीकार करते हुए, उसके खिलाफ कार्रवाई की गई हैं। उनकी सेवाएं स्कूल में समाप्त हो गई हैं। वहीं बच्चे के पिता विशाल चौरसिया का कहना है कि बीते गुरुवार को शिक्षिका प्रीति रस्तोगी ने गृह कार्य बच्चे को दिया था। शुक्रवार को बच्चा स्कूल गया। प्रीति रस्तोगी ने कॉपी चेक करते समय गुस्सा हो गईं। गुस्से में उन्होंने बच्चे की पिटाई कर दी।

### युवक का रेलवे क्रॉसिंग के पास मिला शव

**अमृत विचार, लखनऊ :** पारा क्षेत्र में घर से नशे में निकले युवक का शव दूसरे दिन रेलवे क्रॉसिंग के पास मिला। पुलिस के मुताबिक, जलालपुर भुइयन देवी मंदिर के पास का रहने वाला सौरभ (30) मजदूरी करता था। चचेरे भाई हर्षित ने बताया सौरभ नशे का लती था। वह अक्सर रात में घूमने के लिए निकल जाता था। शुक्रवार रात शराब के नशे में घर से चला गया था। इसके बाद घर नहीं लौटा। देर रात लोगों ने जलालपुर क्रासिंग के पास शव पड़ा देखा। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट होने पर आगे की कार्रवाई की बात कही है।

# किसान ने दी जान, कर्ज अदा करने का दबाव बनाने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**परिजन ने बिना पुलिस को सूचना दिए कर दिया अंतिम संस्कार**

**अमृत विचार :** बैंक से लिए कर्ज की किस्त नहीं भर सके माल क्षेत्र के किसान ने परेशान होकर खुदकुशी कर ली। बेटे का आरोप है कि बैंक की तरफ से किस्तें जमा करने का लगातार दबाव बनाया जा रहा था। इसी से परेशान होकर पिता ने यह कदम उठाया है।

करैरा निवासी किसान गंगाराम (40) ने 18 जुलाई की रात जहर खा लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिवार वालों ने निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। शनिवार को किसान की मौत हो गई। बेटे संजय के मुताबिक, वर्ष 2012 में पिता ने ग्रामीण बैंक से तीन लाख रुपये का कर्ज लिया था। जिसकी किस्तें वह जमा नहीं कर सके। वर्तमान में कर्ज बढ़ कर पांच लाख हो गया था। जिसे अदा करने के लिए बैंक से चेतावनी दी गई थी। परिवार वालों ने बिना पोस्टमार्टम के शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

इंस्पेक्टर माल राजेश त्रिपाठी ने बताया कि परिवार ने पुलिस को खुदकुशी की सूचना नहीं दी है।

# चौथे दिन पूर्ति विभाग ने दर्ज कराई रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सरोजनीनगर क्षेत्र में छापामारी में गोदाम से अवैध तरीके से भंडारित किए गए करीब 3300 लीटर डीजल-पेट्रोल की बरामदगी की रिपोर्ट पूर्ति विभाग ने आखिरकार चौथे दिन दर्ज करा ही दी। जिम्मेदार अफसर तीन दिन तक मामले को दबाने का प्रयास करते रहे। लेकिन शनिवार को अमृत विचार में उक्त खबर के प्रकाशित होने के बाद पूर्ति विभाग के अफसर सक्रिय हुए और थाने जाकर रिपोर्ट दर्ज करायी।

ज्ञात हो कि सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के एक गोदाम में बीते बुधवार को आबकारी और पूर्ति विभाग ने संयुक्त रूप से छापा मारा था, जिसमें आबकारी विभाग ने तो प्राथमिकी दर्ज कराकर उल्लेख किया कि 1450 लीटर इथेनॉल प्राप्त हुआ, लेकिन पूर्ति विभाग ने 3300 लीटर प्राप्त डीजल पेट्रोल का न तो जिक्र किया और न ही तो तीन दिन तक प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इस संबंध में जब पूर्ति विभाग के अधिकारियों से बात की गई तो वह बात को टालते नजर आए। चौथे दिन पूर्ति विभाग जागा और शनिवार को प्राथमिकी दर्ज कराई।



कहां गया छापे में मिला 3,300 लीटर डीजल-पेट्रोल

बोले जिम्मेदार

तहरीर का इंतजार

अमृत विचार में प्रकाशित खबर। अमृत विचार

**तीन दिन तक 3300 लीटर डीजल-पेट्रोल की बरामदगी की बात दबाए रहा पूर्ति विभाग**

सरोजनीनगर इंस्पेक्टर ने बताया कि पूर्ति विभाग के अधिकारियों ने प्राथमिकी दर्ज करा दी है और 3300 लीटर डीजल-पेट्रोल कब्जे में ले लिया गया है।

# पति पर चाकू से हमला पत्नी से दुष्कर्म का प्रयास

**अमृत विचार, सरोजनीनगर:** बंथरा क्षेत्र में पति पर चाकू से हमला कर चार लोगों द्वारा पत्नी से मारपीट कर दुष्कर्म का प्रयास करने का मामला सामने आया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पीड़िता मुताबिक, गुरुवार रात करीब 9:30 बजे नशे में धुत चार आरोपी उसके घर पहुंचे। उसके पति को जबरन अपने साथ ले गए। कुछ दूर जाकर पति पर चाकू से हमला कर दिया। चीख पुकार सुन पीड़िता पहुंची। तो पति खून से लथपथ मिला। महिला का कहना है चारों आरोपियों ने पीड़िता की पिटाई कर दुष्कर्म का प्रयास किया। पुलिस का कहना है पीड़िता के प्रार्थना-पत्र पर आरोपी बृजेश, शिव बालक, शिवम और जुग्गा के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जांच की जायेगी।

**जांच-पड़ताल** आज पता चलेगा मौत का कारण, पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया शव

# कब्र खोदकर निकाला बंदर का शव, हत्या का आरोप

संवाददाता, लखनऊ/ आलमबाग

**अमृत विचार :** आलमबाग क्षेत्र में सोते हुए बंदर की गोली मारकर हत्या का मामला सामने आया है। क्षेत्र के एक युवक पर बंदर को गोली मारने का आरोप लगाया गया है। स्थानीय लोग की मांग पर पुलिस ने दफन किए गए बंदर के शव को निकलवाया है। रविवार को पोस्टमार्टम कराया जाएगा। रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट होने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

घटना 16 जुलाई की बताई जा रही है। फिलहाल स्थानीय लोगों ने शनिवार को आलमबाग कोतवाली पहुंच मामले की जांच व दोषी पर कार्रवाई को लेकर प्रार्थना-पत्र दिया। इसके बाद पुलिस ने जनता गर्ल्स इंटर कॉलेज भीम नगर में दफनाए गए बंदर के शव को खुदवाकर निकाला है।

शनिवार को देर शाम होने की वजह से बंदर के शव का पोस्टमार्टम नहीं हो पाया। पुलिस का कहना है कि रविवार सुबह पोस्टमार्टम होने के बाद स्पष्ट होगा कि बंदर की मौत गोली लगने से हुई या फिर अन्य किसी कारण से। फिलहाल वन विभाग की टीम को पूरे मामले की जानकारी दी गई है।



बंदर के शव को निकालते लोग व वीडियोग्राफी करती पुलिस। अमृत विचार

### जितने मुंह, उतनी बातें

बंदर की मौत को लेकर अलग-अलग तरीके के कयास लगाए जा रहे हैं। एक महिला ने बंदर को कुत्तों द्वारा नोचे जाने की बात कही है। कैलाशपुरी निवासी रविशंकर शुक्ला का आरोप है कि भीम नगर निवासी युवक आए दिन पशु पक्षियों पर हवाई फायरिंग करता रहता है। आशंका है उसी ने बंदर पर गोली चलाई है। इससे उसकी मौत हो गई है।

# एडीजी ट्रैफिक ने लेफ्ट टर्न बनाने के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** चौराहे पर जाम की समस्या से निपटने के लिए शनिवार शाम को एडीजी ट्रैफिक के. सत्यानरायण ने कई चौराहों का निरीक्षण किया। हजरतगंज चौराहे पर इंडियन ओवरसीज बैंक के पास और छंगामल के पास लेफ्ट टर्न के लिए स्थाई निर्माण कराने के निर्देश दिए।

एडीजी ट्रैफिक हजरतगंज के अलावा समतामूलक, 1090 चौराहा पर भी पहुंचे। उन्होंने सभी चौराहे पर लेफ्ट टर्न के स्थाई निर्माण के लिए पीडब्लूडी से बात करके जल्द निर्माण कराया जाने की बात कही। दरअसल, 18 अप्रैल को मंडलायुक्त ने शहर के चौराहे को स्मार्ट बनाने के निर्देश दिए थे। पॉलीटेक्निक चौराहा और कमता पर स्थाई लेफ्ट टर्न बनाया गया। इसी दिशा में अब हजरतगंज, समतामूलक और 1090 पर स्थाई लेफ्ट टर्न बनाए जाने की तैयारी है। उन्होंने कांवड़ यात्रा के लिए डायवर्जन मार्ग का भी निरीक्षण किया।

### किसान पथ पर रैंप जल्द बने

डीसीपी ट्रैफिक ने मीटिंग के दौरान किसान पथ पर रैंप का काम पूरा न होने की बात रखी। बताया कि रैंप न बनने से शहर का ट्रैफिक डायवर्ट करना मुश्किल होता है। रैंप बनने से वाहनों को डायवर्ट करेंगे, जिससे शहर में ट्रैफिक का दबाव कम हो सकेगा।

## एक नजर

### लखनऊ विश्वविद्यालय पहुंचा थाईलैंड छात्रों का दल

अमृत विचार लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में अंग्रेजी संचार में प्रोफिशिएंसी सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम का अध्ययन करने के लिए थाईलैंड से 10 विदेशी विद्यार्थी शनिवार को विश्वविद्यालय पहुंचे। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने उन्हें संबोधित करते हुए कम्युनिकेशन अध्ययन में सामाजिक और सांस्कृतिक विषयों के बारे में बताया। भारतीय संस्कृति और खानपान पर चर्चा की। कला संकाय के अधिष्ठाता प्रो. अरविंद मोहन और अंतरराष्ट्रीय प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. आरपी सिंह ने उन्हें परिसर का भ्रमण कराया। बता दें कि एलयू में इस वर्ष 76 देशों से लगभग 1800 आवेदन आए हैं।

### ओबीसी छात्रों ने छात्रवृत्ति के लिए किया आवेदन

अमृत विचार, लखनऊ : अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं ने आज से छात्रवृत्ति के लिए आवेदन शुरू कर दिया। छात्रवृत्ति योजनाओं की समय-सारिणी पूर्व में ही जारी कर दी गई थी। पूर्व दशम छात्रवृत्ति (कक्षा 9 और 10), दशमोत्तर छात्रवृत्ति (कक्षा 11 और 12) और दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति (कक्षा 11-12 को छोड़कर) शामिल हैं। इसकी आवेदन प्रक्रिया आज से शुरू हो गई और 20 अक्टूबर 2024 तक चलेगी। जबकि शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 20 नवंबर 2024 है। छात्र-छात्राएं योजनाओं के लिए https://scholarship.up.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### एम्स दिल्ली को पीजीआई ने 5 विकेट से हराया

अमृत विचार, लखनऊ : एम्स दिल्ली को संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ (पीजीआई) ने 5 विकेट से हराया। एम्स दिल्ली और संजय गांधी पीजीआई के क्रिकेट टीम के बीच दिल्ली में शनिवार को फाइनल क्रिकेट मैच खेला गया। यह जानकारी संस्थान के पब्लिक रिलेशन ऑफिसर ने बताया कि मैच में एम्स ने 10 विकेट पर 106 रन बनाया था, इसके मुकाबले पीजीआई ने पांच विकेट पर 108 रन बनाकर जीत हासिल की। पीजीआई के अजीत कुमार वर्मा मैन ऑफ द मैच घोषित हुए। उन्होंने बताया कि एम्स दिल्ली ने विट्रो कप का आयोजन किया था जिसमें 10 से अधिक टीम शामिल हुई थी जिसमें कई राज्यों के एम्स एस और संस्थाओं की टीम ने भाग लिया था।

# आसान तरीके से कक्षा 1 व 2 के बच्चे सीखेंगे भाषा और गणित

## पहली बार बच्चों को मिली हैं एनसीईआरटी की किताबें, अब सभी ब्लाकों में भी मिलेगा शिक्षकों को प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ जिला एवं प्रशिक्षण संस्थान में पांच दिवसीय जिला स्तरीय संदर्भदाताओं का हुआ प्रशिक्षण



डायट प्रशिक्षण के दौरान एआरपी अनुराग सिंह को प्रमाण पत्र देते हुए डायट प्राचार्य।

**अमृत विचार :** सरकारी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले इसके लिए कक्षा 1 और 2 में पहली बार एनसीईआरटी की किताबों से पढ़ाई शुरू हुई है।

इन किताबों के माध्यम से शिक्षक भी बच्चों को बेहतर ढंग से पढ़ा सके इसके लिए जिला एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) पर उप शिक्षा निदेशक व प्राचार्य अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में पांच दिवसीय सभी एआरपी को प्रशिक्षण दिया गया है। इस जिला स्तरीय प्रशिक्षण में हर ब्लाक के पांच एआरपी शामिल हुए। अब ये एआरपी अपने-अपने ब्लाक के सभी शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। इस प्रशिक्षण में भाषा और गणित पर फोकस किया गया है। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि किस तरह से बच्चे को शुरुआती दौर में जोड़ घटाना के साथ भाषा का प्रयोग करना सिखाया जा सकता है। इस प्रशिक्षण में एसआरजी सुनीता तिवारी, प्रीति सिंह और क्षमा सिंह की भूमिका अहम रही। अब ब्लाक स्तरीय प्रशिक्षण की शुरुआत जल्द ही होगी।

**कम से कम 20 मिनट का रेमेडियल जरूरी :** बच्चे पढ़ाई में कमजोर न रहें इसके लिए हर दिन रोजाना कम से कम 20 मिनट या फिर उससे अधिक समय तक रेमेडियल क्लास जरूरी की गई है। जिसमें गणित पर अधिक ध्यान देना है। प्रशिक्षण में बताया गया कि बच्चे आकलन पहले ही दिन से करना होगा इसके लिए अधिकतम 6 दिन निर्धारित किए गये हैं।

**किताबी कीड़ा न बनने पाये बच्चे :** बच्चों को पढ़ाई कराते समय इस बात पर ध्यान रखना होगा कि उन्हें किताबी कीड़ा नहीं बनाना है। उप शिक्षा निदेशक व डायट प्राचार्य अजय कुमार सिंह ने कहा कि किताबी कीड़ा बनने से ज्यादा जरूरी है कि बच्चे को उसकी अवधारणा समझ आनी चाहिए।

**बच्चों की पढ़ाई के दौरान रोचकता जरूरी :** प्रशिक्षण में बताया गया कि बच्चों को हम जितने रोचक ढंग से पढ़ायेंगे उतना ज्यादा उन्हें समझ में आयेगा।

**आस-पास के परिवेश को भी टीएलएम में कर सकते हैं शामिल :** प्रशिक्षण में एआरपी नीरज मिश्रा ने बताया कि बच्चों को संख्या का बोध कराने के लिए आस-पास के परिवेश को में शामिल किया जाना चाहिए। उदाहरण के तौर के पर उन्होंने कहा कि जैसे हम उसके भाई बहन के बारे में पूछते या फिर आस-पास की वस्तुओं की संख्या के बारे में पूछते तो बच्चा आसानी से गिनती समझ सकता है। सीधे किताबी ज्ञान पर आना बच्चे के लिए ठीक नहीं है।

# निर्माण में मिली अनियमितता प्रधानाध्यापिका निलंबित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ खंड शिक्षा अधिकारी करेंगे बेसिक विद्यालय खण्डेदेव में लापरवाही की जांच

**अमृत विचार :** सरोजनी नगर ब्लाक में स्थित बेसिक विद्यालय खण्डेदेव में निर्माण कार्य सहित कई अन्य प्रकार की लापरवाही मिलने पर प्रधानाध्यापिका राजनी खरे को निलंबित कर दिया गया है।

बीएसए राम प्रवेश ने बताया कि विद्यालय में शौचालय निर्माण से लेकर पेंटिंग एवं रनिंग वाटर सप्लाई में लापरवाही मिली। हैंडवॉश यूनिट टूटी पाई गई। 120 मीटर चहारदीवारी निर्माण के लिए धनराशि में 106 मीटर चहारदीवारी ही बनवाई गई। विद्यालय प्रबन्ध समिति के बजाए माया एसोसिएट्स को ठेका देकर नियम विरुद्ध कार्य कराए गए। नामांकित 151 छात्रों के केवल 94 ही उपस्थित मिले। कक्षा शिक्षण समय सारिणी के अनुसार भी नहीं पाया गया।

बीएसए ने बताया कि कक्ष 3, 4, 5 गन्दा मिला। अतिरिक्त कक्ष के रखखाव, मरम्मत रंगाई पुताई भी नहीं कराई गई। विद्यालय के कक्ष में अन्य व्यक्ति सोता मिला। बीएसए ने कहा कि प्रधानाध्यापिका रजनी खरे को निलम्बित कर प्राथमिक विद्यालय नारायणपुर प्रथम में संबद्ध कर दिया गया है। मामले की जांच खंड शिक्षा अधिकारी को जांच सौंपी गई है।

# केकेसी कॉलेज में अब 22 तक होगी प्रवेश के लिए कांउसिलिंग

## बीए, बीएससी और बीकॉम की पहली मेरिट के अभ्यर्थियों ने की थी मांग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ अभ्यर्थियों के हित को ध्यान में रखते हुए उठाया गया कदम



**अमृत विचार :** श्री जय नारायण मिश्र पीजी कॉलेज (केकेसी) में पहली मेरिट सूची के तहत काउंसलिंग कराने की तारीख बढ़ा दी गई है। अभ्यर्थियों के हित को देखते हुए पहली मेरिट लिस्ट के तहत काउंसिलिंग कराने की अंतिम तिथि अब 22 जुलाई कर दी गई है।

प्राचार्य का कहना है कि अभ्यर्थियों के हित को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है। केकेसी में शैक्षणिक सत्र 2024-25 स्नातक प्रवेश प्रक्रिया के तहत बीए, बीएससी और बीकॉम की पहली मेरिट सूची जारी कर दी गई थी। शनिवार को पहली मेरिट लिस्ट में चयनित अभ्यर्थियों के लिए काउंसलिंग का आखिरी दिन था। प्राचार्य प्रो. विनोद चन्द्र ने बताया कि पहली मेरिट लिस्ट के अभ्यर्थियों ने काउंसिलिंग की तिथि बढ़ाने की मांग की थी। प्राचार्य का कहना है कि किसी अभ्यर्थी को प्रवेश लेने संबंधी कोई समस्या आ रही है तो वह प्रवेश समन्वयक से सम्पर्क कर सकता है।

### भाषा विवि में आज भी होगा एडमिशन

अमृत विचार, लखनऊ : ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में अलग-अलग विषयों में बची हुई सीटों पर रविवार को भी प्रवेश प्रक्रिया जारी रहेगी। प्रवेश समन्वयक प्रो. एहतेशाम अहमद ने बताया कि रविवार को भी स्नातक के सभी विषय, परास्नातक के सभी विषय, बीटेक, एमटेक, लॉ, बीकॉम, एमकॉम, बीजेएमसी, एमजेएमसी, बीबीए, एमबीए कोर्सेज में एडमिशन के लिए समर्थ पोर्टल के माध्यम से अप्लाई किया जा सकता है। जिसके आधार पर ही पहले आओ पहले पाओ के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। एडमिशन से सम्बन्धित अधिक जानकारी के लिए भाषा विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.kmclu.ac.in पर विजिट करके जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# आठ राज्यों के कलाकारों की प्रदर्शनी आज से

अमृत विचार, लखनऊ : वॉल्यूम डॉट आर्टस्पेस की पहली वार्षिक राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी राजधानी के कला स्रोत आर्ट गैलरी में आयोजित की जाएगी। वॉल्यूम डॉट आर्टस्पेस एक राष्ट्रीय उभरता हुआ कलाकार समूह है, जिसकी स्थापना हल्द्वानी के दीक्षांत राजपाल ने की है।

इस समूह का मुख्य उद्देश्य विश्व स्तर पर सभी युवा कलाकारों को शामिल करना और विभिन्न स्थानों पर प्रदर्शनियों और कार्यशालाओं का आयोजन करना तथा वरिष्ठ कलाकारों के मार्गदर्शन में उनके कौशल को निखारना है। समूह में चित्रकार, मूर्तिकार, प्रिंटमेकर, फोटोग्राफर व लेखक शामिल हैं।

समूह की पहली राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी कला स्रोत आर्ट गैलरी में 21 से 25 जुलाई के बीच आयोजित की जायेगी. जय कृष्ण अग्रवाल और एसके प्रणाम सिंह 21 जुलाई को शाम पांच बजे इसका उद्घाटन करेंगे।



जियामऊ प्राथमिक विद्यालय में बच्चों से वार्ता के बाद पौधरोपण करते हुए अपर राज्य परियोजना निदेशक एकता सिंह। अमृत विचार

# विद्यालय में हर दिन कार्य योजना बनाने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ अपर राज्य परियोजना निदेशक ने सरकारी स्कूल में बताया पर्यावरण का महत्व

**अमृत विचार :** विद्यालय में हर दिन कार्ययोजना बनाकर जब बच्चों को पढ़ायेंगे तो बेहतर परिणाम सामने आते हैं। ऐसे में शिक्षकों को ये जिम्मेदारी है कि वह हर दिन कार्य योजना बनाकर बच्चों को शिक्षित करें। ये निर्देश अपर राज्य परियोजना निदेशक एकता सिंह ने सरकारी स्कूल के अध्यापकों को दिए हैं।

एकता सिंह शनिवार को पौधरोपण जन अभियान-2024 के क्रम में उच्च प्राथमिक विद्यालय जियामऊ में पहुंची थी। यहां उन्होंने एक पेड़ मां के नाम से लगाया गया और बच्चों को पर्यावरण का महत्व भी बताया। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी प्रमेन्द्र शुक्ला, रूद्र प्रताप यादव, भी उपस्थित रहें। विद्यालय में कार्यरत अध्यापकों एवं बच्चों ने अपर राज्य परियोजना निदेशक का रोली, टीका तथा पुष्प गुच्छ दे के स्वागत किया गया। इस दौरान कक्षा 1 के बच्चों से गिनती भी सुनी तथा बच्चों से पुस्तकें भी पढ़वाई। विद्यालय में कुल नामांकित 122 बच्चों के सापेक्ष 110 बच्चे उपस्थित रहे।

# इंप्रूवमेंट व कंपार्टमेंट परीक्षा में 3,201 परीक्षार्थी अनुपस्थित

**अमृत विचार, लखनऊ :** माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित वर्ष 2024 की हाईस्कूल कम्पार्टमेंट, इम्प्रूवमेंट और इंटरमीडिएट कम्पार्टमेंट परीक्षाएं शनिवार को प्रदेश में निर्धारित 93 परीक्षा केंद्रों पर सकुशल संपन्न हुईं। इन परीक्षाओं का आयोजन वॉइस रिकॉर्डर युक्त सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में किया गया। प्रथम पाली में हाईस्कूल कम्पार्टमेंट/इम्प्रूवमेंट परीक्षा के लिए कुल 20,729 परीक्षार्थियों में से 1,851 अनुपस्थित रहे। वहीं, द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट कम्पार्टमेंट परीक्षा के लिए 23,633 परीक्षार्थियों में से 1,350 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। कुल मिलाकर, दोनों पालियों की परीक्षाओं में 3,201 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव भगवती सिंह ने बताया कि किसी भी परीक्षा केंद्र पर अनुचित साधनों का प्रयोग करते हुए कोई भी परीक्षार्थी पकड़ा नहीं गया। राजधानी में परीक्षा केन्द्र बने राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की इंप्रूवमेंट व कंपार्टमेंट परीक्षा का आयोजित किया गया। यहां पजींकृत संख्या में 39 परीक्षार्थियों ने परीक्षा ही छोड़ दी।



दीप प्रज्वलित करते राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र। अमृत विचार

# युवा कर रहे वैश्विक समस्याओं पर चर्चा : कलराज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सिटी मॉन्टेसरी स्कूल चौक परिसर में दो-दिवसीय मॉडल यूनाइटेड नेशन्स की शुरुआत शनिवार को हुई। मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर सम्मेलन का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि सीएमएस छात्र वसुधैव कुटुम्बकम की भावना से ओतप्रोत हैं और यह भावना मॉडल यूनाइटेड नेशन्स कान्फ्रेन्स में नजर आ रही है। मुझे यह देखकर बड़ी प्रसन्नता है कि युवा पीढ़ी एकजुट होकर वैश्विक समस्याओं पर चर्चा-परिचर्चा कर रहे हैं।

सीएमएस प्रबन्धक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने कहा कि मुझे विश्वास है कि इस सम्मेलन में छात्र अपने वास्तविक विचारों को जनमानस के समक्ष रखेंगे, जिससे उनकी रचनात्मक प्रतिभा का विकास तो होगा ही, साथ ही वैश्विक मुद्दों पर सारगर्भित तरीके से अपने विचार रख पायेंगे। समारोह के विशिष्ट अतिथि धीरज संघी, वाइस चांसलर एलके लक्ष्मीपत यूनिवर्सिटी जयपुर एवं सीएमएस प्रेसीडेन्ट डॉ. रोजर डेविड किंगडन ने भी छात्रों का मार्गदर्शन किया।

# टॉप 100 में लखनऊ विवि का 47वां स्थान

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

▸▸ इस रैंक में शामिल यूपी का पहला उच्च संस्थान बना लविवि

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय को वेबमेट्रिक्स रैंकिंग 2024 जुलाई संस्करण में देश के शीर्ष 100 उच्च शिक्षण संस्थानों में शामिल किया गया है। विश्वविद्यालय को पूरे देश के हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूशन में 98वां और विश्वविद्यालयों में 47वां स्थान प्राप्त हुआ है। वेबमेट्रिक्स रैंकिंग में जगह बनाने वाला लखनऊ विश्वविद्यालय प्रदेश का एकमात्र राज्य विश्वविद्यालय है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि विश्व के विश्वविद्यालयों की वेबमेट्रिक्स रैंकिंग साइबरमेट्रिक्स लैब की एक पहल है। यह स्पेन के कॉन्सेजो सुपीरियर डी इंवेस्टिगेशियन्स साइंटिफिकस (सीएसआईसी) से जुडा एक रिसर्च ग्रुप है।

**31 हजार संस्थानों के मूल्यांकन के बाद मिलती है रैंक :** उन्होंने कहा कि दुनिया भर के 31,000 से अधिक उच्च शिक्षा संस्थानों का मूल्यांकन करने के बाद वेबमेट्रिक्स रैंकिंग प्रदान की जाती है। कुलपति के मुताबिक एलयू अब देश का एक अग्रणी शैक्षणिक संस्थान बन गया है। यहां एनईपी 2020 कार्यान्वयन, यूजी कार्यक्रम में चौथे वर्ष का पहला बैच, क्रेडिट ट्रांसफर, कई प्रविष्टियां और पहला एक वर्षीय पीजी कार्यक्रम है।



### मेरिट के आधार पर होंगे प्रवेश

लखनऊ विश्वविद्यालय में होने जा रही प्रवेश परीक्षा के बाद जो परिणाम आयेगा उसी के आधार पर छात्रों की मेरिट तय की जायेगी। इस बार कई विषयों में प्रवेश के लिए छात्रों को हाई मेरिट का सामना करना होगा। जिन छात्रों ने दूसरी जगह से फार्म नहीं भरा होगा उनको दिक्कत हो सकती है।

### यूजीसी में प्रथम और एनआईआरएफ रैंकिंग में भी शामिल

लखनऊ विश्वविद्यालय को नैक ए प्लस प्लस मान्यता, यूजीसी प्रथम श्रेणी विवि का दर्जा, एनआईआरएफ रैंकिंग आदि पाने वाला यूपी का पहला राज्य विश्वविद्यालय होने का श्रेय है। कुलपति का कहना है कि यह रैंकिंग हमारे संकाय, छात्रों और कर्मचारियों की कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रमाण है। यह हमारे शैक्षणिक कार्यक्रमों, शोध पहलों और सामुदायिक आउटरीच को बढ़ाने के हमारे निरंतर प्रयासों को दिखाता है।

# इंस्पेक्टर मातादीन पहुंचे चांद पर, पढ़ाया भ्रष्टाचार का पाठ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



नौटंकी का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

**अमृत विचार :** डॉ. उर्मिल कुमार थपलियाल फाउंडेशन की ओर से संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे प्रेक्षागृह में आयोजित पांच दिवसीय उर्मिल रंग उत्सव की अंतिम संध्या में नौटंकी इंस्पेक्टर मातादीन चांद पर का मंचन किया गया। शेषपाल सिंह शेष द्वारा तैयार नौटंकी आलेख व नीरज कुशवाहा द्वारा निर्देशित इस नौटंकी में पुलिस तंत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार पर बात की गई है। प्रख्यात व्यंग्यकार हरिशंकर परसाई ने अपनी व्यंग्य कथा इंस्पेक्टर मातादीन चांद पर में अपने पैने व्यंग्य बाणों के जरिये चुटीले तौर पर बयान किया था। इसी कथा को नौटंकी रूप में प्रस्तुत किया गया तो लोगों ने उसे खूब पसंद किया।

नौटंकी में इंस्पेक्टर मातादीन हनुमान भक्त है और भारत में पुलिस विभाग का एक सीनियर इंस्पेक्टर है। वह वैज्ञानिकों के इस कथन को झूठा मानता है कि चंद्रलोक में मनुष्यों की आबादी नहीं है। फिंगर प्रिंट विशेषज्ञ के विरोध करने पर कि पाए गए निशान मुलजिम के नहीं हैं लेकिन मातादीन बगैर सजा दिये मुलजिम को छोड़ने को तैयार नहीं हैं।

### पांच दिवसीय उर्मिल रंग उत्सव का समापन

विज्ञान हमेशा मातादीन से मात खा जाता है। भारत की तरफ से सांस्कृतिक आदान-प्रदान के तहत चांद सरकार ने भारत सरकार से एक पुलिस अधिकारी की मांग की जो कि चांद पर जाकर वहां की सुस्त पुलिस को चुस्त दुरुस्त कर दे। पुलिस विभाग के सीनियर इंस्पेक्टर मातादीन को चांद पर भेजा गया। चांद सरकार का एक यान पृथ्वी पर आया और मातादीन अपने सहायकों से विदा लेकर उन्हें तरह-तरह की हिदायत देकर एफआईआर तथा रोजनामचे का नमूना रखकर रवाना हो गये। चांद पर पहुंचते ही उनका भव्य स्वागत हुआ। पुलिस लाइन का मुआयना करने के बाद उन्होंने बैरक में हनुमान मंदिर बनवाते का आदेश दिया।

वह चांद प्रशासन को समझाते हैं कि उनकी पुलिस के काहिल होने का कारण अधिक वेतन है। चांद सरकार पुलिस का वेतन कम कर देती है। वेतन कम होते ही पुलिस विभाग में मुस्तैदी बढ़ गई। चांद सरकार में इंस्पेक्टर मातादीन के कौशल की धूम मच गई। पुलिस की काहिली दूर करने के बाद में मातादीन पुलिस विभाग की जांच विधि में सुधार करना चाहते थे। इसी बीच आपसी मारपीट में एक आदमी मर गया। इसमें उन्होंने उस व्यक्ति को मुलजिम बनाया, जिसने घायल की सहायता की क्योंकि खून के धब्बे उसी के कपड़ों पर पाए गए। उन्होंने पकड़े गए व्यक्ति से जुर्म का कुबूलनामा दिलवा दिया। चांद पर सभी पुलिस अधिकारी सकते में आ गए। मातादीन की शिक्षा से चांद के पुलिस भी सारे पुलिसिया हथकंडों में माहिर हो गई। कत्ल के केस में पकड़े गए भले मनुष्य को सजा हो गई। थोड़े ही दिनों में चांद पर अव्यवस्था का आलम हो गया। लोग किसी की मदद से कतराने लगे कि मदद करने वाले जुर्म में फंस जाएंगे। अंत में पता चलता है कि यह मातादीन का सपना था।

नौटंकी में सुरेंद्र के साथ शशि कुमार, राजेश, त्रिवेंद्र, संजय, राम अनुग्रह, निशांत और आशीष ने उल्लेखनीय भूमिकाएं निभाईं।

आज़ादी का अमृत महोत्सव
**उत्तर रेलवे**
टेंडर नोटिस संख्या- 51245328 दिनांक: 19.07.2024
इलेक्ट्रानिक निविदा ई-प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, आलमबाग लखनऊ-226005 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मद के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है–

| क्रम संख्या | निविद संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 51245328 | Set of TPU Ring consisting of 04 items as per Annexure-'A'. (For Secondary Coil Spring type FIAT LHB Bogie) | 60 Set | 20.08.2024 |

निविदा शर्तेः 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। 2197/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
निविदा सूचना
इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे आलमबाग लखनऊ–226005 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मद के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैः–

| क्र0 सं0 | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 51245329 | Set of TPU Ring consisting of 02 items as per Annexure-A' (For Secondary Air Spring Type FIAT LHB Bogie). | 120 Set | 20.08.2024 |

निविदा शर्ते–1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नही की जायेगी।
टेंडर नोटिस सं: 51245329 दिनांक: 19.07.2024
2195/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**पूर्वोत्तर रेलवे**
ई–निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य परियोजना प्रबन्धक, गतिशक्ति, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित करते हैः–
क्रम सं.-1, ई–निविदा संख्याः CPM-GS-IZN-2024-04, कार्य का नामः पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मण्डल में गतिशक्ति इकाई के लिये जनरल कन्सल्टेन्ट की नियुक्ति हेतु प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी), अनुमानित निविदा मूल्य (रू.): ₹ 1,48,10,404.52, बयाना राशि रूपयों में: ₹ 2,24,100/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः निल, कार्य पूर्ण करने की अवधिः 12 (बारह) माह। ♦बिडिंग प्रारम्भ करने की तिथिः 29-07-2024 ♦उपरोक्त ई–निविदा सबमिसन की अन्तिम तिथिः दिनांक 12-08-2024, 15:00 बजे तक। ♦उपरोक्त ई–निविदा खुलने की तिथिः दिनांक 12-08-2024, 15:30 बजे। ♦निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्ते वेबसाइट *https://ireps.gov.in* पर देखा जा सकता है। ♦निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।
उप मुख्य इंजीनियर/गतिशक्ति, इज्जतनगर
मुजाधि/डब्लू-167
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य चिकित्सा अधीक्षक उत्तर रेलवे लखनऊ की तरफ से निम्न कार्य हेतु दिनांक 19.07.2024 को समय 15:00 बजे IREPS पर दवा आपूर्ति के कार्य हेतु पंजीकरण के आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। विवरण निम्नवत है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | सूचना सं. | 43-Med/Vendor Registration/LP/2024 Dt. 19.07.2024 |
| 2. | निविदा नम्बर | NRDH-LKO-2024LP-A |
| 3. | कार्य का नाम | मुख्य चिकित्सा अधीक्षक उत्तर रेलवे मंडल चिकित्सालय, लखनऊ के अधीनस्थ दवा/एवं सर्जिकल एवं कन्ज्यूमेबिल एवं आरथोपेडिक इम्पलान्ट, की खुदरा आपूर्ति उत्तर रेलवे मंडल चिकित्सालय, लखनऊ में करने के लिये, जिला लखनऊ में स्थित प्रतिष्ठानो/वेन्डर्स (खुदरा/थोक विक्रेता) का पंजीकरण करने के कार्य हेतु |
| 4. | दो वर्ष की कार्य अवधि की अनुमानित राशि | रू. 4,10,80,000 (रू. चार करोड़ दस लाख अस्सी हजार मात्र) |
| 5. | कार्य का अपेक्षित मूल्य मासिक टर्न ओवर | रू. 17.12 लाख (रू. सत्रह लाख बारह हजार मात्र) |
| 6. | मंडल चिकित्सालय उ.रे. लखनऊ के वार्षिक स्थानीय क्रय का परिमाण/मात्रा | पिछले तीन साल की खरीद का औसत रू. 2.054 करोड़ |
| 7. | पिछले तीन वर्षों (2021–22, 2022–23 एवं 2023–24) में फर्म/वेन्डर से अपेक्षित न्यूनतम वार्षिक घरेलू कारोबार | पिछले तीन वित्तीय वर्षों के लिए फर्म का औसत वार्षिक टर्न ओवर रू. 6.162 करोड़ के बराबर या उससे अधिक होना चाहिए। निविदा के अनुमानित वार्षिक मूल्य का तीन गुना (पिछले 3 वित्तीय वर्षों में की गयी स्थानीय खरीद के औसत मूल्य के आधार पर 2.054 x 3=6.162 करोड़) |
| 8. | पंजीकरण अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से दो वर्ष की अवधि के लिये |
| 9. | ई. ओ. आई./निविदा का प्रकार | Open on IREPS. |
| 10. | Bidding प्रणाली | एकल पैकेट (तकनीकी एवं वित्तीय) |
| 11. | अग्रिम धनराशि/धरोहर राशि/ | रू0 4,10,800 (केवल चार लाख दस हजार आठ सौ) (निविदा मूल्य का 1%) |
| 12. | निविदा बंद करने की तिथि एवं समय | 07.08.2024 17:00 बजे |
| 13. | उत्तर रेलवे वेबसाइट | (www.ireps.gov.in) |
| 14. | पंजीकरण के संबंध में विस्तृत जानकारी | पंजीकरण व आवेदन पत्र के संबंध में जानकारी वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर उपलब्ध है। |

2189/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**पूर्वोत्तर रेलवे**
खुली ई-निविदा सूचना सं. इज्जत/इलै./ओटी/11/2024 दिनांक 17.07.2024
निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा.)/इज्जतनगर द्वारा आमन्त्रित की जाती हैः- **कार्य का नामः** इज्जतनगर मंडल में कलेक्टरबकगंज 600 मीटर नयी स्टेबलाईजिंग लाईन का प्रावधान, एक्सटेनशन ऑफ एग्जिस्टिंग स्टेबल लाईन एण्ड वाशिंग लाईन अप टू 600 मीटर एण्ड मेकिंग शन्टिंग नेक एट सी.बी.जे एण्ड एवं काशीपुर में लाईन नं. 6 का नॉन रनिंग लाईन से रनिंग लाईन में बदलाव व हल्दी रोड में लाईन नं. 4 एवं विभिन्न सी.एण्ड डब्लू डिपो (टनकपुर, काठगोदाम, लॉलकुऑ, रामनगर, कासगंज कोचिंग डिपो) में रोलिंग इन लाईट का प्रावधान से सम्बन्धित विद्युतीय कार्य। **विवरणः अनुमानित लागत (₹ में):** ₹ 45,39,957.56, **धरोहर राशि (₹ में):** ₹ 90,800.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹ में):** शून्य, **ई-निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समयः** 12.08.2024, 11:00 बजे तक, **स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः** चार माह। **नोटः** • इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। • पूर्ण विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है। • निविदादाता के पास क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना आवश्यक है और IREPS पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिए। • केवल पंजीकृत निविदादाता ही ई टेण्डरिंग में भाग ले सकते हैं। • सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहिए।
वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा.)/इज्जतनगर
मुजाधि/विद्युत-83
"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

# जमीन बेच आईवीएफ कराया फिर भी पूरी नहीं हुई बच्चे की चाहत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दंपति ने जांच व प्रोसीजर में लापरवाही का आरोप लगा उप मुख्यमंत्री से की शिकायत
- दो बार आईवीएफ प्रोसीजर के लिए गए चार लाख रुपये
- उप मुख्यमंत्री के निर्देश पर सीएमओ ने शुरू कराई जांच

**अमृत विचार :** बच्चे की चाहत में जमीन बेचकर 50 वर्ष की पत्नी का इन विट्रो फर्टिलाइजेशन (आईवीएफ) प्रोसीजर कराया। एक बार प्रक्रिया फेल होने पर डॉक्टर ने दोबारा प्रोसीजर किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। दंपती ने जांच और प्रोसीजर में लापरवाही बरतने का आरोप लगाकर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से शिकायत की। उनके निर्देश पर सीएमओ ने मामले की जांच शुरू करा दी है।

उन्नाव के पटकापुर निवासी पुत्तन ने बताया कि शादी के 32 वर्ष बाद भी संतान सुख नहीं मिला। बच्चे की चाहत में पत्नी गुड़िया (50) को हजरतगंज स्थित एक निजी आईवीएफ सेंटर ले गए। वहां पहली बार प्रोसीजर फेल हो गया।

डॉक्टर ने दोबारा प्रोसीजर कराया, लेकिन फिर फेल हो गया। पुत्तन के अनुसार सेंटर ने दो बार के प्रोसीजर के लिए चार लाख से अधिक रुपये लिए। उनका आरोप है कि सेंटर में जांचें ठीक से नहीं कराई गईं और प्रोसीजर में भी लापरवाही बरती गई।

पुत्तन ने निजी सेंटर की उपमुख्यमंत्री को शिकायत कर रुपये वापस दिलाने और आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई कराने की मांग की है। उपमुख्यमंत्री के निर्देश पर सीएमओ ने जांच शुरू कर दी है।

> मामले कि जांच की जा रही है। दोनों पक्षों को रिपोर्ट लेकर बुलाया गया है। रिपोर्ट देखने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।
>
> –डॉ. एपी सिंह, नोडल अफसर, निजी नर्सिंग होम

### क्या है आईवीएफ



प्राकृतिक रूप से गर्भधारण में विफल दंपतियों के लिए आईवीएफ गर्भधारण का माध्यम है। आईवीएफ प्रोसीजर में महिला के शरीर में होने वाली निषेचन की प्रक्रिया (महिला के अंडे व पुरुष के शुक्राणु का मिलन) बाहर लैब में कराई जाती है। लैब में बने भ्रूण को महिला के गर्भाशय में प्रत्यारोपित किया जाता है।

### बंद होगा केजीएमयू का आमा मेडिकल स्टोर

**अमृत विचार, लखनऊ :** केजीएमयू परिसर में 30 साल से संचालित निजी मेडिकल स्टोर बंद करने के निर्देश केजीएमयू सीएमएस डॉ. बीके ओझा ने 19 जुलाई को दिए हैं। मेडिकल स्टोर का अनुबंध 22 जुलाई को पूरा हो रहा है। आमा नाम से संचालित मेडिकल स्टोर से सबसे ज्यादा ओपीडी के मरीज दवा लेते हैं। ओपीडी आने वाले डेढ़ से दो हजार मरीज प्रतिदिन दवा लेते हैं। ऑपरेशन में इस्तेमाल होने वाले इम्प्लांट की बिक्री भी खूब होती है। केजीएमयू प्रशासन ने मरीजों की सहूलियत और अपनी आय बढ़ाने के लिए एचआरएफ के स्टोर को विस्तार देने का फैसला किया है। निजी मेडिकल स्टोर में मरीजों को 26 प्रतिशत और एचआरएफ स्टोर पर दवाओं पर 60 से 70 प्रतिशत तक छूट दी जाती है।

# आईवी फ्ल्यूड के ओवर डोज से हुई थी बच्चे की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सीएमओ ने गठित की जांच टीम, निजी अस्पताल को नोटिस जारी
- निमोनिया से ग्रसित था बाबूखेड़ा गांव का डेढ़ वर्षीय बच्चा

**अमृत विचार :** पीजीआई इलाके के बाबूखेड़ा गांव के निमोनिया से ग्रसित बच्चे की निजी अस्पताल में आईवी फ्ल्यूड की ओवरडोज चढ़ा दी गई। इससे बच्चे की हालत बिगड़ गई और दूसरे अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। पार्षद के शिकायती पत्र पर सीएमओ ने निजी अस्पताल के विरुद्ध जांच के लिए टीम बनाकर जांच शुरू करा दी है। अस्पताल को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

कल्ली गांव के बाबूखेड़ा निवासी धर्मवीर के डेढ़ वर्षीय बेटे गोपी को गुरुवार को गंभीर हालत में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल के स्टॉफ ने बच्चे को आईवी फ्ल्यूड चढ़ाई। इसके बाद बच्चे को सांस लेने में तकलीफ बढ़ गई। उसे लोकबंधु रेफर कर दिया गया। वहां इमरजेंसी में डॉक्टर ने जांच की। फ्ल्यूड के ओवरडोज से बच्चों को उल्टी शुरू हो गई थी।

वेंटीलेटर की जरूरत बताकर बच्चे को लोहिया संस्थान रेफर किया। वहां बेड नहीं मिला तो परिजन निजी अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में बच्चे ने दम तोड़ दिया। शनिवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने घर जाकर बच्चे के इलाज से जुड़ी जानकारी ली। जांच में आईवी फ्ल्यूड की ओवरडोज बढ़ाने की बात सामने आई। इससे बच्चे की हालत बिगड़ी और मौत हो गई। भाजपा पार्षद द्रोपदी रावत की शिकायत पर स्वास्थ्य विभाग ने जांच शुरू कर दी है।

> आईवी फ्ल्यूड के ओवरडोज से बच्चे की मौत हुई है। मामले की जांच कराई जा रही है। निजी अस्पताल को नोटिस जारी करके जवाब मांगा गया है।
>
> – डॉ. मनोज अग्रवाल, सीएमओ



मेधावी छात्र को चेक देते हुए विद्यालय के संस्थापक मार्कंडेय तिवारी। अमृत विचार

## बोर्ड परीक्षा के मेधावी हुए सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ :** विश्वनाथ एकेडमी के 10वीं और 12वीं के छात्रों को बोर्ड परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर विद्यालय के संस्थापक मार्कंडेय तिवारी ने प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया। संस्थापक की ओर से इस प्रोत्साहन राशि की घोषणा परीक्षा के पहले ही कर दी गई थी। 95 प्रतिशत और उससे अधिक अंक पाने वाले 12वीं के छात्रों को 30,000 रुपये की नकद राशि तथा 92 से 95 प्रतिशत के बीच अंक पाने वाले छात्रों को 15,000 रुपये की नकद राशि दी गई है। 10वीं कक्षा के छात्रों को 95 प्रतिशत और उससे अधिक अंक पाने वाले छात्रों को भी 5000, 3000और 2000 की नकद राशि केसाथ-साथ सर्टिफिकेटऔर ट्राफी प्रदान की गयी। 90 प्रतिशत तक अंक प्राप्त करने वाले सभी छात्रों को सर्टिफिकेट और ट्राफी प्रदान की गयी।कक्षा 12 की छात्रा प्रियांशी 96 प्रतिशत सेअधिक अंकों के साथ तथा 10वीं के छात्र आदित्य पांडे 95 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान पर रहे।

# डायरिया का एक और मरीज मिला, भर्ती

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



ग्रामीणों से जानकारी लेते जिलाधिकारी साथ में सीएमओ व अन्य। अमृत विचार

- जिलाधिकारी, नगर आयुक्त और सीएमओ ने लिया स्थिति का जायजा

**अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सरोजनीनगर की टीम ने शनिवार को गजवरियन खेडा, कल्ली पश्चिम का भ्रमण किया। टीम को गांव में उल्टी दस्त का एक मरीज मिला। उसे सीएचसी मोहनलालगंज में भर्ती कराया गया है। पहले से भर्ती तीन मरीजों को छुट्टी दे दी गई। जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार, नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल ने भी गांवों में जाकर हालात की जानकारी ली।

कल्ली पश्चिम, गजवरियन खेडा, में डायरिया फैला है। पिछले 10 दिनों में करीब 50 मरीज मिल चुके हैं। स्वास्थ्य टीम ने कल्ली पश्चिम, बाबूखेडा रैदास एवं अमोल में ग्रामीणों को ओआरएस के पैकेट और क्लोरीन गोलियों का वितरण किया। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों को बताया की सभी घरों में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। पात्रता के दायरे में आने वाले लोगों को शौचालय भी दिए जाएंगे। नालियों का निर्माण और सफाई कराई जाएगी। महा प्रबंधक जलकल से कहा कि घरों में दो दिनों में नलों के कनेक्शन करा दें।

# नाटक ने बताई कबीर की अहमियत और जरूरत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



नाटक का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

**अमृत विचार :** नाट्य संस्था भरत रंग ने संस्कृति विभाग के सहयोग से संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में नाटक कबीरा का मंचन किया। बीएसएफ के पूर्व आईजी सूर्यप्रकाश और सेवा भारती अवध प्रान्त के अध्यक्ष रवींद्र सिंह गंगवार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

चन्द्रभाष सिंह द्वारा लिखित व निर्देशित नाटक कबीरा में कबीर दास द्वारा समाज को दी गई शिक्षाओं एवं उनकी निर्गुण भक्ति पर रोशनी डाली गई। नाटक में दिखाया गया कि कबीर दास जी न सिर्फ एक संत थे बल्कि एक विचारक और समाज सुधारक भी थे, उन्होंने अपने पूरे जीवन भर अपनी रचनाओं से समाज की बुराइयों को दूर करने का प्रयास किया। कबीर दास ने हमेशा समाज में फैले आडंबरों पर अपनी रचनाओं से कुठाराघात किया।

नाटक में जूही कुमारी, निहारिका कश्यप, अभय प्रताप सिंह, सुन्दरम मिश्रा, बृजेश कुमार चौबे, आशीष सिंह, उज्जवल, अजय कुमार, अर्जुन सिंह आदि ने सराहनीय अभिनय किया।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद भक्तगण। अमृत विचार

# लखनऊ में चातुर्मास करेंगे जैन मुनि सुप्रभ सागर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- चातुर्मास के दौरान जैन मुनि एक ही स्थान पर रहते हैं और यात्रा नहीं करते

**अमृत विचार :** जैन मुनि सुप्रभसागर ने शनिवार को चातुर्मास की घोषणा की। चातुर्मास के दौरान जैन मुनि एक ही स्थान पर रहते हैं और यात्रा नहीं करते। वे अपने भोजन को सीमित करते हैं और केवल एक बार भोजन करते हैं। वे अपने विचारों और व्यवहार को नियंत्रित करते हैं और अपने आप को आध्यात्मिक विकास के लिए समर्पित करते हैं।

चातुर्मास एक महत्वपूर्ण प्रथा है जो जैन मुनियों के लिए वर्षा ऋतु के दौरान पालन की जाती है। चातुर्मास का अर्थ चार महीने से है। जैन मुनि वर्षा ऋतु के दौरान एक ही स्थान पर रहते हैं। इस समय में जैन मुनि आत्म-साधना और आध्यात्मिक विकास के लिए समय देना। इस दौरान वे अपने ज्ञान और अनुभव को बढ़ाने के लिए अध्ययन, ध्यान और साधना करते हैं। शनिवार की सुबह सआदतगंज के जागेश जैन ने झंडारोहण कर चातुर्मास की विधिवत घोषणा की।

जैन मुनि के लखनऊ चातुर्मास होने से जैन समाज में काफी खुश है। जैन समाज ने आज शोभायात्रा निकाली जो माधव सभागार में जाकर सभा में परिवर्तित हो गई। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यवाह अमितेश, अभिषेक जैन, बंटी जैन, हंसराज जैन, संजीव जैन, आदीश जैन, रितेश जैन, विनय जैन, प्रो. अभय जैन, सुबोध जैन, मनोज जैन, ब्रह्मचारी अनंत मति बाई, शैंकी जैन, वीर कुमार जैन, दिलीप जैन आदि मौजूद रहे।

## विकास की हैट्रिक से जीता टेक्ट्रो क्लब रिजर्व

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिला फुटबॉल लीग में शनिवार को खेले गए मुकाबले में टेक्ट्रो क्लब रिजर्व और टेक्ट्रो क्लब ने जीत के साथ पूरे अंक बटोरे। चौक स्टेडियम पर खेले गए पहले मुकाबले में टेक्ट्रो क्लब रिजर्व ने डिवाइन क्लब को 4-1 से हराया। दूसरे मैच में टेक्ट्रो क्लब ने सहारा क्लब जूनियर को 2-0 से हराया। पहले मैच में विकास कार्की की हैट्रिक की बदौलत टेक्ट्रो क्लब रिजर्व ने डिवाइन क्लब को 4-1 से हरा दिया। मैच के पहले हाफ में मुकाबला 1-1 से बराबरी पर रहा। मैच की शुरुआत में टेक्ट्रो क्लब रिजर्व के गौरव रस्तोगी ने शानदार मैदानी गोल करते हुए टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। लेकिन पांच मिनट बाद ही डिवाइन क्लब की ओर से नाजिम ने गोल कर हिसाब 1-1 से बराबर कर दिया। दूसरे हाफ में दोनों टीमों ने एक-दूसरे पर ताबड़ तोड़ हमले किये। लेकिन सफलता सिर्फ टेक्ट्रो क्लब रिजर्व के विकास कार्की को मिली। उन्होंने सात मिनट में तीन गोल कर टीम को 4-1 की बढ़त दिलाई जो कि मैच के अंत तक रही। विकास ने 49वें, 52वें और 55 वें मिनट में गोल कर हैट्रिक पूरी की। दूसरे मैच में टेक्ट्रो क्लब ने सहारा क्लब जूनियर को रोमांचक मुकाबले में 2-0 से हराया।

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0 नि0 वि0, लखनऊ

सं0– 5542/ई–टेण्डर/2024–25 दिनांक : 15–07–2024

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रतिशत दर पर उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में मार्ग कार्य हेतु रजिस्टर्ड श्रेणी – ''ए'', ''बी'', ''सी'', ''डी'' के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वह न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में निविदादाता निर्देश पुस्तिका में वर्णित ठेका प्राप्त करने नियमों से अवगत हो लें।

| क्र0 सं0 | जनपद | कार्य का नाम | आंकलित धनराशि (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा शुल्क प्रपत्र का मूल्य + स्टेशनरी + जी.एस.टी. | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | कार्य सम्पादन हेतु अधिशासी अभि0 का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभि0 का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | लखनऊ | लखनऊ–बिजनौर मार्ग पर पैच मरम्मत का कार्य। | 20.10 | 2.01 | रू0 300.00 + 500.00 स्टेशनरी चार्जेज + जी0एस0टी0 @ 18% = रू0 944.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0.नि.वि, लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ | मुख्य अभि0 (म0क्षे0) लो.नि.वि. लखनऊ |
| 2 | लखनऊ | लखनऊ–कानपुर मार्ग से हरदोई मार्ग एवं हरदोई मार्ग से सीतापुर मार्ग सर्विस लेन (बॉयी तरफ) पर पैच मरम्मत का कार्य। | 21.70 | 2.17 | रू0 300.00 + 500.00 स्टेशनरी चार्जेज + जी0एस0टी0 @ 18% = रू0 944.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0.नि.वि, लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ | मुख्य अभि0 (म0क्षे0) लो.नि.वि. लखनऊ |
| 3 | लखनऊ | लखनऊ–कानपुर मार्ग से हरदोई मार्ग एवं हरदोई मार्ग से सीतापुर मार्ग सर्विस लेन (दॉयी तरफ) पर पैच मरम्मत का कार्य। | 22.20 | 2.22 | रू0 300.00 + 500.00 स्टेशनरी चार्जेज + जी0एस0टी0 @ 18% = रू0 944.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0.नि.वि, लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ | मुख्य अभि0 (म0क्षे0) लो.नि.वि. लखनऊ |
| 4 | लखनऊ | मोहान मार्ग पुल चौराहा से हरदोई रिंग मार्ग तक लखनऊ शाखा पर आगरा एक्सप्रेस वे 04 लेन कैनाल मार्ग पर डिवाईडर की मरम्मत एवं इण्टर लाकिंग टाईल्स लगाने का कार्य। | 19.60 | 1.96 | रू0 300.00 + 500.00 स्टेशनरी चार्जेज + जी0एस0टी0 @ 18% = रू0 944.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0.नि.वि, लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ | मुख्य अभि0 (म0क्षे0) लो.नि.वि. लखनऊ |
| 5 | लखनऊ | गीतापल्ली क्षेत्र में ड्रेन की मरम्मत एवं इण्टर लाकिंग टाईल्स लगाने का कार्य। | 16.90 | 1.69 | रू0 300.00 + 500.00 स्टेशनरी चार्जेज + जी0एस0टी0 @ 18% = रू0 944.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0.नि.वि, लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ | मुख्य अभि0 (म0क्षे0) लो.नि.वि. लखनऊ |
| 6 | लखनऊ | गीतापल्ली क्षेत्र में ड्रेन की मरम्मत एवं इण्टर लाकिंग टाईल्स लगाने का कार्य। | 16.00 | 1.60 | रू0 300.00 + 500.00 स्टेशनरी चार्जेज + जी0एस0टी0 @ 18% = रू0 944.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0.नि.वि, लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ | मुख्य अभि0 (म0क्षे0) लो.नि.वि. लखनऊ |
| 7 | लखनऊ | गीतापल्ली क्षेत्र में पैच मरम्मत का कार्य। | 14.50 | 1.45 | रू0 225.00 + 500.00 स्टेशनरी चार्जेज + जी0एस0टी0 @ 18% = रू0 856.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0.नि.वि, लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ | मुख्य अभि0 (म0क्षे0) लो.नि.वि. लखनऊ |
| 8 | लखनऊ | लखनऊ–कुर्सी मार्ग – मामा चौराहे से केन्द्रीय विद्यालय होते हुये रिंग मार्ग के रोड रेस्टोरेशन का कार्य। | 23.40 | 2.34 | रू0 300.00 + 500.00 स्टेशनरी चार्जेज + जी0एस0टी0 @ 18% = रू0 944.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0.नि.वि, लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ | मुख्य अभि0 (म0क्षे0) लो.नि.वि. लखनऊ |
| 9 | लखनऊ | बी0के0टी0 तहसील कैम्पस में 02 नं0 टॉयलेट बनाने का कार्य। | 4.40 | 0.44 | रू0 150.00 + 500.00 स्टेशनरी चार्जेज + जी0एस0टी0 @ 18% = रू0 767.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0.नि.वि, लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ | मुख्य अभि0 (म0क्षे0) लो.नि.वि. लखनऊ |
| 10 | लखनऊ | लखनऊ–बिजनौर मार्ग के किमी0 5 से 8 में मार्ग मरम्मत का कार्य। | 6.30 | 0.63 | रू0 225.00 + 500.00 स्टेशनरी चार्जेज + जी0एस0टी0 @ 18% = रू0 856.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0.नि.वि, लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ | मुख्य अभि0 (म0क्षे0) लो.नि.वि. लखनऊ |
| 11 | लखनऊ | कानपुर मार्ग से हरदोई मार्ग एवं हरदोई मार्ग से सीतापुर मार्ग (रिंग मार्ग) के किमी0 8 व 9 में मार्ग मरम्मत का कार्य। | 1.70 | 0.17 | रू0 75.00 + 500.00 स्टेशनरी चार्जेज + जी0एस0टी0 @ 18% = रू0 679.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0.नि.वि, लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ | मुख्य अभि0 (म0क्षे0) लो.नि.वि. लखनऊ |
| 12 | लखनऊ | लखनऊ–बिजनौर मार्ग के किमी0 5 (अम्बेडकर विश्वविद्यालय से मिलेनियम स्कूल मार्ग) में मार्ग मरम्मत का कार्य। | 2.50 | 0.25 | रू0 150.00 + 500.00 स्टेशनरी चार्जेज + जी0एस0टी0 @ 18% = रू0 767.00 | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0.नि.वि, लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ | मुख्य अभि0 (म0क्षे0) लो.नि.वि. लखनऊ |

- बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गयी दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुये लगाई गयी है।
- कोविड–19 के संक्रमण को रोकने के सभी उपाय अपनाते हुए ही समस्त कार्य सम्पादित किये जायेंगे।

निविदा आनलाइन दिनांक 22.07.2024 की अपरान्ह 12:00 बजे से दिनांक 27.07.2024 की अपरान्ह् 12:00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है एवं दिनांक 27.07.2024 की अपरान्ह् 12:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 27.07.2024 को अपरान्ह् 12:30 बजे खोली जायेगीं। शासनादेश सं0– 1/2018/3070/78–2–2018/42 आई0टी0/2017 (22) दि0 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।
निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।
निविदादाता सम्बन्धी शेष सभी शर्तें http//etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

**(इं0 मनीष वर्मा)**
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, लखनऊ
For on behalf of Governor of UP

UP – 217499 दिनांक : 18/07/2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

## कार्यालय उपजिलाधिकारी अमेठी, जनपद अमेठी

पत्रांक : 512 /र0का0–मत्स्य पा0 आ0/विज्ञप्ति/2024 दिनांक 16 जुलाई, 2024

उ0प्र0 राजस्व संहिता 2016 की धारा 61 के अन्तर्गत 0.202 हे0 से अधिक तथा 2.000 हे0 से कम तालाबों से कम तक के तालाबों का मत्स्य पालन के इच्छुक एवं पात्र व्यक्ति समय से उपस्थित होकर मत्स्य पालन आवंटन हेतु नीलामी की कार्यवाही में भाग लेने का कष्ट करें।

**नीलामी स्थल– तहसील सभागार अमेठी समय प्रात : 11 :00 बजे से सायं 03 :00 बजे तक**
**नीलाम अधिकारी– तहसीलदार अमेठी**

| क्रमांक | विकास खण्ड | ग्राम का नाम | तालाब/पोखर का विवरण | | नीलामी तिथि | नीलामी स्थल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | खसरा संख्या | क्षेत्रफल | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | भादर | खरगपुर | 50 | 0.316 | 05 अगस्त, 2024 | तहसील सभागार अमेठी |
| 2 | भादर | खरगपुर | 215ख | 0.248 | 05 अगस्त, 2024 | तहसील सभागार अमेठी |
| 3 | भादर | खरगपुर | 407मि | 0.347 | 05 अगस्त, 2024 | तहसील सभागार अमेठी |
| 4 | भादर | खौपुरगुरूदत्तगढ़ | 424ख | 0.366 | 05 अगस्त, 2024 | तहसील सभागार अमेठी |
| 5 | भादर | खौपुरगुरूदत्तगढ़ | 364 | 0.417 | 05 अगस्त, 2024 | तहसील सभागार अमेठी |
| 6 | भादर | खौपुरगुरूदत्तगढ़ | 737ख | 0.213 | 05 अगस्त, 2024 | तहसील सभागार अमेठी |
| 7 | भादर | तिलकछुआ | 115मि | 0.269 | 05 अगस्त, 2024 | तहसील सभागार अमेठी |
| 8 | भादर | आलमपुर | 1864 | 0.94 | 05 अगस्त, 2024 | तहसील सभागार अमेठी |
| 9 | भादर | आलमपुर | 433 | 0.449 | 05 अगस्त, 2024 | तहसील सभागार अमेठी |
| 10 | भादर | छीड़ा | 669 | 0.506 | 05 अगस्त, 2024 | तहसील सभागार अमेठी |
| 11 | भादर | छीड़ा | 1070 | 1.226 | 05 अगस्त, 2024 | तहसील सभागार अमेठी |
| 12 | भादर | सोनारीकला | 841 | 1.543 | 05 अगस्त, 2024 | तहसील सभागार अमेठी |
| 13 | भादर | सोनारीकला | 1257मि | 0.373 | 05 अगस्त, 2024 | तहसील सभागार अमेठी |
| 14 | भादर | सोनारीकला | 1257मि | 0.765 | 05 अगस्त, 2024 | तहसील सभागार अमेठी |
| 15 | भादर | सोनारीकला | 1284 | 1.113 | 05 अगस्त, 2024 | तहसील सभागार अमेठी |
| 16 | भादर | सोनारीकला | 121 | 0.924 | 05 अगस्त, 2024 | तहसील सभागार अमेठी |
| 17 | भादर | मोचवा (आसल) | 925 | 0.822 | 05 अगस्त, 2024 | तहसील सभागार अमेठी |
| 18 | भादर | मोचवा (आसल) | 315 | 0.335 | 05 अगस्त, 2024 | तहसील सभागार अमेठी |
| 19 | भादर | मोचवा (आसल) | 757ख | 0.278 | 05 अगस्त, 2024 | तहसील सभागार अमेठी |
| 20 | भादर | रावतपुर | 39 | 0.228 | 05 अगस्त, 2024 | तहसील सभागार अमेठी |
| 21 | भादर | भदांव | 214 | 0.215 | 05 अगस्त, 2024 | तहसील सभागार अमेठी |
| 22 | भादर | भदांव | 864 | 0.31 | 05 अगस्त, 2024 | तहसील सभागार अमेठी |
| 23 | भादर | भदांव | 528 | 0.205 | 05 अगस्त, 2024 | तहसील सभागार अमेठी |
| 24 | भादर | गाजीपुर | 298 | 0.529 | 05 अगस्त, 2024 | तहसील सभागार अमेठी |
| 25 | भादर | गाजीपुर | 149 | 0.486 | 05 अगस्त, 2024 | तहसील सभागार अमेठी |
| 26 | भादर | परसौली | 646ख | 1.184 | 05 अगस्त, 2024 | तहसील सभागार अमेठी |
| 27 | भादर | भादर | 508ख | 0.269 | 05 अगस्त, 2024 | तहसील सभागार अमेठी |
| 28 | भादर | बिशुनदासपुर | 153 | 0.992 | 05 अगस्त, 2024 | तहसील सभागार अमेठी |
| 29 | भादर | बिशुनदासपुर | 154 | 0.477 | 05 अगस्त, 2024 | तहसील सभागार अमेठी |
| 30 | भादर | भागीपुर | 1797ख | 0.218 | 05 अगस्त, 2024 | तहसील सभागार अमेठी |
| 31 | संग्रामपुर | उत्तरगांव | 525 | 0.379 | 05 अगस्त, 2024 | तहसील सभागार अमेठी |
| 32 | संग्रामपुर | मिश्रौली बडगांव | 684 | 0.875 | 05 अगस्त, 2024 | तहसील सभागार अमेठी |
| 33 | संग्रामपुर | बदलापुर | 229 | 0.405 | 05 अगस्त, 2024 | तहसील सभागार अमेठी |
| 34 | भेंटुआ | उसका | 370 | 0.442 | 06 अगस्त, 2024 | तहसील सभागार अमेठी |
| 35 | भेंटुआ | उसका | 503मि | 0.505 | 06 अगस्त, 2024 | तहसील सभागार अमेठी |
| 36 | भेंटुआ | कोरियानी | 125ख | 0.935 | 06 अगस्त, 2024 | तहसील सभागार अमेठी |
| 37 | भेंटुआ | दलशाहपुर | 420 | 0.777 | 06 अगस्त, 2024 | तहसील सभागार अमेठी |
| 38 | भेंटुआ | दलशाहपुर | 859ख | 0.262 | 06 अगस्त, 2024 | तहसील सभागार अमेठी |
| 39 | भेंटुआ | सुलतानपुर | 155 | 0.252 | 06 अगस्त, 2024 | तहसील सभागार अमेठी |
| 40 | भेंटुआ | सुलतानपुर | 100क | 0.41 | 06 अगस्त, 2024 | तहसील सभागार अमेठी |
| 41 | भेंटुआ | पूरबद्वारा | 79 | 0.944 | 06 अगस्त, 2024 | तहसील सभागार अमेठी |
| 42 | भेंटुआ | पूरबद्वारा | 772 | 1.227 | 06 अगस्त, 2024 | तहसील सभागार अमेठी |
| 43 | भेंटुआ | पश्चिमद्वारा | 890 | 0.29 | 06 अगस्त, 2024 | तहसील सभागार अमेठी |
| 44 | भेंटुआ | पश्चिमद्वारा | 777 | 0.344 | 06 अगस्त, 2024 | तहसील सभागार अमेठी |
| 45 | भेंटुआ | धरईमाफी | 920 | 0.695 | 06 अगस्त, 2024 | तहसील सभागार अमेठी |
| 46 | भेंटुआ | धरईमाफी | 392 | 0.286 | 06 अगस्त, 2024 | तहसील सभागार अमेठी |
| 47 | भेंटुआ | भीमी | 1533 | 0.304 | 06 अगस्त, 2024 | तहसील सभागार अमेठी |
| 48 | भेंटुआ | पीपरपुर (अमेठी) | 312ख | 0.495 | 06 अगस्त, 2024 | तहसील सभागार अमेठी |
| 49 | अमेठी | गड़ेरी | 897मि | 0.253 | 06 अगस्त, 2024 | तहसील सभागार अमेठी |
| 50 | अमेठी | गड़ेरी | 989मि | 0.379 | 06 अगस्त, 2024 | तहसील सभागार अमेठी |
| 51 | अमेठी | हथकिला | 310 | 0.885 | 06 अगस्त, 2024 | तहसील सभागार अमेठी |
| 52 | अमेठी | हथकिला | 681 | 0.443 | 06 अगस्त, 2024 | तहसील सभागार अमेठी |
| 53 | अमेठी | हथकिला | 180 | 0.882 | 06 अगस्त, 2024 | तहसील सभागार अमेठी |
| 54 | अमेठी | कटरा फूलकुंवर | 695 | 1.012 | 06 अगस्त, 2024 | तहसील सभागार अमेठी |
| 55 | अमेठी | बघवरिया | 129क | 0.332 | 06 अगस्त, 2024 | तहसील सभागार अमेठी |
| 56 | अमेठी | बघवरिया | 175 | 0.468 | 06 अगस्त, 2024 | तहसील सभागार अमेठी |
| 57 | अमेठी | जंगलरामनगर | 2521 | 0.348 | 06 अगस्त, 2024 | तहसील सभागार अमेठी |
| 58 | अमेठी | जंगलरामनगर | 2531 | 0.949 | 06 अगस्त, 2024 | तहसील सभागार अमेठी |
| 59 | अमेठी | जंगलरामनगर | 3377 | 0.210 | 06 अगस्त, 2024 | तहसील सभागार अमेठी |
| 60 | अमेठी | हारीपुर | 201 | 0.286 | 06 अगस्त, 2024 | तहसील सभागार अमेठी |
| 61 | अमेठी | कुशीताली | 362 | 0.33 | 06 अगस्त, 2024 | तहसील सभागार अमेठी |
| 62 | अमेठी | उमापुरगानापट्टी | 338 | 0.304 | 06 अगस्त, 2024 | तहसील सभागार अमेठी |
| 63 | अमेठी | मोचवा (अमेठी) | 108 | 0.672 | 06 अगस्त, 2024 | तहसील सभागार अमेठी |
| 64 | अमेठी | त्रिलोकपुर (अमेठी) | 782 | 0.691 | 06 अगस्त, 2024 | तहसील सभागार अमेठी |
| 65 | अमेठी | मटियार बघौरा | 207 | 0.215 | 06 अगस्त, 2024 | तहसील सभागार अमेठी |
| 66 | अमेठी | पीथीपुर | 383ख | 0.782 | 06 अगस्त, 2024 | तहसील सभागार अमेठी |
| 67 | अमेठी | अगहर | 429 | 1.339 | 06 अगस्त, 2024 | तहसील सभागार अमेठी |
| | | | | 37.17 | | |

**नीलामी प्रकिया में भाग लेने वाले की पात्रता एवं शर्ते :–**
**आवंटन हेतु पात्रता का वरीयता कम निम्नवत् है।**

1. सम्बन्धित ग्राम पंचायत में निवास करने वाला मछुआ समुदाय का व्यक्ति।
2. ग्राम पंचायत में निवास करने वाला गरीबी रेखा से नीचे का अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग अथवा सामान्य श्रेणी का व्यक्ति।
3. सम्बन्धित न्याय पंचायत क्षेत्र में निवास करने वाला मछुआ समुदाय का व्यक्ति।
4. सम्बन्धित विकास खण्ड में निवास करने वाला मछुआ समुदाय का व्यक्ति।
5. उपरोक्त किसी पूर्ववर्ती खण्ड में उल्लिखित व्यक्ति पश्चातवर्ती खण्डों में उल्लिखित व्यक्तियों को अपवर्जित करते हुए ऐसे तालाबों का आवंटन पाने का हकदार होगें।

**स्पष्टीकरण –** इस नियम और नियम 56 के उद्देश्य के लिये मछुआ समुदाय के व्यक्ति का अर्थ होगा केवट, मल्लाह, निशाद, बिन्द, धीमर, कश्यप, बाधम, रैकवार, मांझी, गोडिया, कहार, तुरैहा अथवा तुराहा सुमदाय से सम्बन्धित ऐसा व्यक्ति अथवा अन्य कोई व्यक्ति, जो पराम्परागत रूप से मत्स्य पालन व्यवसाय में लगा हो।

6. यदि उप नियम–4 के अन्तर्गत तैयार की गयी पात्रता सूची में पात्र व्यक्ति एक से अधिक है तब मौके पर ही नीलामी करायी जायेगी, जिसमें केवल पात्रता सूची में उल्लिखित व्यक्ति प्रतिभाग कर सकेगें। यदि उपरोक्त पट्टा के लिये केवल एक व्यक्ति पात्र है तो पट्टा राज्य सरकार द्वारा समय पर नियत वार्षिक भाटक की धनराशि जो प्रति एकड़ 1000/– से कम और 2000/– से अधिक नहीं होगी, पर दिया जायेगा।
7. उ0प्र0राजस्व संहिता की धारा 189 व धारा 190 के उपबन्ध प्रत्येक नीलामी पर लागू होगें।
8. नीलामी में भाग लेने के लिए भाटक की धनराशि का 10 प्रतिशत नीलामी के समय जमा करना होगा।
9. नीलामी/आवंटन सम्पन्न होने के पश्चात नीलाम ग्रहीता को सर्वोच्च बोली की धनराशि जो वार्षिक लगान के रूप में तय होगी, उसे 10 वर्ष की निर्धारित वार्षिक लगान का 1/4 अंश की धनराशि तुरन्त जमा करना होगा।
10. नीलाम स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार उप जिलाधिकारी को है। अधोहस्ताक्षरी का निर्णय अन्तिम होगा।

UP – 217512 दिनांक : 18/07/2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

**उप जिलाधिकारी, अमेठी**
**जनपद–अमेठी**



कुकरैल रेंज में पौधरोपण करतीं मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब। अमृत विचार



डीजीपी प्रशांत कुमार ने पुलिस मुख्यालय पर पौधरोपण किया।



कुकरैल रेंज में पौधरोपण करते जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार।



अवध विहार योजना में पौधरोपण करतीं उप आवास आयुक्त पल्लवी मिश्रा।

# पौधे लगाओ... पर्यावरण संरक्षण के लिए यह बहुत जरूरी

**पेड़ बचाओ, पेड़ लगाओ जनअभियान 2024**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** पूरे प्रदेश में शनिवार को मंत्रियों-अफसरों के साथ लोगों ने पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सरकार के सभी मंत्रियों ने भी अलग-अलग जिलों में पौधे रोपे। शीशम , सागौन,जामुन ,अर्जुन और आंवला के अलावा दर्जनभर प्रजातियों के पौधे लगाकर लोगों ने उन्हें सुरक्षित रखने का संकल्प किया। अभियान की शुरुआत लखनऊ में अकबर नगर क्षेत्र में हुई जहां अवैध रूप से बसे लोगों को प्रशासन ने बीते दिनों ही हटाया था। राजाजीपुरम में लेबर कॉलोनी वार्ड के सपना कॉलोनी में पौधरोपण किया गया। यहां के निंबेश्वर महादेव पार्क के अंतर्गत पार्षद अजय दीक्षित, उद्यान अधीक्षक शशीकांत, मंगल सिंह एवं कर्मचारियों के सहयोग से पौधरोपण किया गया। पौधरोपण में क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों ने भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस मौके पर लोगों ने पौधे रोपे।



चिल्ड्रेन पैलेस म्युनिसिपल नर्सरी स्कूल प्रधानाचार्या और शिक्षिकाओं के साथ पौधे लगाते बच्चे।



पौधा लगाने के बाद पानी डालतीं महापौर सुषमा खर्कवाल।



अपने आवास पर रुद्राक्ष का पौधा लगाते विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना।



पौधरोपण करते भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, नीरज सिंह।



उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ की प्रदेश अध्यक्ष सुलोचना मौर्य ने खंड शिक्षा अधिकारी सुषमा सेंगर के साथ पौधरोपण किया।



पौधारोपण अभियान में हरित क्रांति का शुभारंभ करते भारतीय पर्वतीय महासभा के लोग



एपीसेन मेमोरियल गर्ल्स पीजी कॉलेज में इको क्लब के तत्वाधान में पौधरोपण कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाली छात्राएं।

### छावनी में लगाए गए 10000 से अधिक पौधे



**अमृत विचार, लखनऊ :** सेना के मध्य कमान के जिम्मेदारी क्षेत्र में एक पेड़ मां के नाम पहल की शुरुआत लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता, जीओसी-इन-सी सूर्या कमान और क्षेत्रीय अध्यक्ष रुचिरा सेनगुप्ता ने की। 11 जीआरआरसी में सूर्य योद्धाओं और परिवारों के साथ 10000 से अधिक पौधे लगाकर हरित प्रथाओं को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

### राज्य संग्रहालय में लगाए गए पौधे



**अमृत विचार, लखनऊ :** भूजल सप्ताह के दौरान राज्य संग्रहालय में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। निदेशक डॉ. सृष्टि धवन व अन्य कर्मियों ने संग्रहालय परिसर में आम, आंवला, जामुन, अनार, बेल व अमरुद आदि के पौधे लगाए। जल ही जीवन है विषय पर प्रदर्शनी में भूगर्भ जल के संरक्षण के महत्व को दर्शाने वाले चित्र प्रदर्शित किए गए।

### बलरामपुर अस्पताल में 51 पौधे लगाए गए



**अमृत विचार :** बलरामपुर अस्पताल परिसर में निदेशक, डॉ.पवन कुमार अरुण, सीएमएस डॉ. एनबी सिंह,एमएस डॉ. हिंमाशु चतुर्वेदी ने स्टाफ के साथ पीपल, पाकड़, सहजन, आम आदि के 51 पौधे लगाए। पीजीआई, केजीएमयू और लोहिया संस्थान में भी पौधरोपण किया गया।

### डीआरएम ने रेलवे स्टेडियम में लगाया पौधा



**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम एसएम शर्मा ने लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन के पास रेलवे के स्टेडियम में पौधा लगाकर अभियान की शुरुआत की। अभियान के तहत स्टेशनों, रेलवे कॉलोनियों, कार्यालयों के समीप, रनिंग रूमों परिसरों, विभिन्न यूनिटों एवं इकाइयों के आसपास, चिकित्सालय परिसर, डीजल शेड, रेलवे सुरक्षा बल के कार्यालय परिसरों, समपार फाटकों व प्रशिक्षण केंद्रों के पास पौधे लगाए जाएंगे।

### काकोरी में गोशाला परिसर में पौधरोपण



**अमृत विचार, काकोरी :** मेरी प्यारी गौरैया संरक्षण समिति की ओर से पीर नगर प्राथमिक विद्यालय बालागंज, त्रिलोकी सिंह इंटर कॉलेज बरावन कला, दुबग्गा व ग्राम पंचायत मुजफ्फरनगर पलिया के गोशाला परिसर में पौधरोपण किया गया। समिति केअध्यक्ष महेश साहू, समाज सेवी राजेश उपाध्याय, प्रधानाचार्य निर्मल श्रीवास्तव, ग्राम प्रधान आंनद यादव ने आम, बेल, पीपल, अमरूद के पौधे रोपे।

### बख्शी का तालाब के सेहाजीपुर कृषि फार्म में में 200 पौधे रोपे



**अमृत विचार, बख्शी का तालाब :** चंद्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय की ओर सेहाजीपुर कृषि फार्म में 200 से अधिक पौधे लगाए गए। पूर्व निदेशक प्रो. योगेश कुमार शर्मा, कुलानुशासक डॉ योगेंद्र कुमार सिंह, एनएसएस संयोजक धनेंद्र कुमार सिंह मौजूद रहे। नगर पंचायत अध्यक्ष गनेश रावत एवं अधिशासी अधिकारी संध्या मिश्रा ने वार्ड संख्या-5 रामपुर देवराई में स्थित अंत्येष्टि स्थल पर पौधे रोपे।

## सार-संक्षेप

### मैकेनिक की मौत मामले में तीन पर हत्या का आरोप

**अमृत विचार, लखनऊ :** दुबग्गा में 13 जुलाई को जेसीबी मैकेनिक की मौत के मामले में भाई ने तीन साथियों पर हत्या का आरोप लगाया है। शनिवार को भाई ने थाने में प्रार्थना-पत्र दिया। लीला खेडा निवासी हरि प्रताप सिंह यादव के मुताबिक, भाई हिमाचल 12 जुलाई की शाम तीन साथियों के साथ बाइक से कहीं गए थे। अगले दिन जेहटा अंडर पास पुल पर उनका शव मिला था। हरि प्रताप का आरोप है कि हिमांचल के साथ तीनों युवकों ने डिवाइडर पर बैठकर शराब पी थे। नशा में विवाद हुआ था। तीनों ने भाई की हत्या कर हादसे का रूप देने के लिए शव सड़क पर फेंक दिया था। इंस्पेक्टर अभिनव कुमार वर्मा ने बताया जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### बुजुर्ग पर जानलेवा हमला, चार आरोपी हिरासत में

**अमृत विचार, लखनऊ /मलिहाबाद :** बसंतपुर में शनिवार को पड़ोसियों ने बुजुर्ग पर जानलेवा हमला कर दिया। बुजुर्ग को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है। माल पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर हिरासत में ले लिया।गांव निवासी सीमा रावत के मुताबिक, जमीन को लेकर पड़ोसी रामकुमार साहू व विनोद साहू से रंजिश है। सुबह रामकुमार साहू, विनोद, मुकेश व ऋषी उर्फ छुन्नू उनके घर आ धमके और लाठी-डंडों से पीट दिया।ससुर लल्लन बचाने पहुंचे तो ऋषि ने उनके सिर पर बांके से हमला कर दिया। इससे वह बेहोश हो गए। मौक पर पहुंची पुलिस ने लल्लन को सीएचसी पहुंचाया, जहां से बलरामपुर अस्पताल रेफर कर दिया गया। इंस्पेक्टर राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया हिरासत में लिये गये आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

### धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई

**अमृत विचार, लखनऊ :** विभूतिखंड कोतवाली में मधुरिमा हास्पिटैलिटी फूडस एंड स्वीट्स के नाम पर फर्जीवाड़ा करने का की रिपोर्ट दर्ज की गई है। मधुरिमा के डायरेक्टर मनोज कुमार गुप्ता ने प्रार्थना-पत्र में बताया ज़ोमैटो कम्पनी के दिल्ली निवासी दीपिंदर गोयल, पंकज चड्ढा और 20-25 अन्य लोगों ने अपने मोबाइल एप में उनकी कम्पनी व फर्म से मिलते-जुलते नाम के रेस्टोरेन्ट की सूची डाल रखी है। इससे उनकी कम्पनी की छवि धूमिल हो रही है। गोरखपुर के मोहद्दीपुर स्थित मधुरिमा स्वीट्स एंड बेकर्स, बस्ती के खलीलाबाद स्थित मधुकुंज स्वीट्स व अन्य द्वारा जोमैटो के मोबाइल एप में उनकी कम्पनी के मिलते-जुलते नाम से अपने को पंजीकृत करा रखा है। इसी तरह मधुरिमा वेज, मधुरिमा थाली, मधुरिमा किचेन, मधुरिमा भोज नाम से ऐप पर दिखता है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## छात्रा से छेड़छाड़ कर भाग रहे आरोपी को दबोचा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मड़ियांव थाना क्षेत्र स्थित एक घर में घुसकर छात्रा से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को परिजन ने पड़ोसियों की मदद से दबोच लिया। भागने के प्रयास में मकान की दीवार फांद कर रोड पर गिरने से आरोपी घायल हो गया।

इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्र के मुताबिक, पीड़िता में जिस कॉलेज में पढ़ती थी। धीरज नामक युवक भी उसी कॉलेज में पढ़ता था। धीरज आए दिन बेटी से छेड़छाड़ करता था। जिससे परेशान होकर उन्होंने बेटी का दाखिला दूसरे कॉलेज में करा दिया। इस पर आरोपी जबरन बेटी पर बात करने का दबाव बनाने लगा।

कुछ दिनों से आरोपी देर रात बेटी को कॉल कर रहा था। फोन नहीं उठाने पर मैसेज भेज कर धमकी दी थी। पीड़िता के मुताबिक, शुक्रवार शाम धीरज दीवार फांद कर उनके घर में घुस आया और बेटी से छेड़छाड़ करने लगा। बेटी ने शोर मचाया तो मां पहुंच गई। पकड़े जाने के डर से आरोपी दीवार फांद कर भागने की कोशिश करने लगा। इस दौरान सड़क पर गिरने से घायल हो गया।

**छात्रा को रोजाना करता था 250 से ज्यादा कॉल**

पीड़ित छात्रा का कहना है कि धीरज रात में रोजाना 250 से ज्यादा कॉल करता था। कॉल नहीं उठाने पर आरोपी नश काटकर फोटो भेजकर फंसाने की धमकी देता था। इतना ही नहीं, उसकी फोटो एडिट कर अश्लील बनाकर वायरल करने की भी धमकी देता है।

## खून से मांग भर दो वर्ष शोषण, अब शादी से इनकार

निज संवाददाता, मलिहाबाद

▶▶ **रहीमबाद थाना क्षेत्र का मामला, पंचायत में भी भरी थी हामी**

**अमृत विचार:** प्रेम प्रसंग में युवती को फंसाकर शादी का झांसा दिया और खून से मांग भर कर युवक ने दो वर्ष शोषण किया। अब शादी से इनकार कर रहा है। पीड़ित पिता गुहार लगाने घर पहुंचा तो युवक और उसके चाचा ने पीट दिया। शादी का दबाव बनाने पर युवक आत्महत्या कर युवती और उसके पिता को फंसाने की धमकी दे रहा है।

पुलिस के मुताबिक, क्षेत्र निवासी पीड़ित पिता ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया छोटू नामक युवक उसकी 19 वर्षीया पुत्री का शादी का झांसा देकर दो साल से यौन शोषण कर रहा था। जानकारी पर पीड़ित ने युवक के परिजनों से शिकायत कर शादी करने की बात कही। तो आरोपी ने जल्द शादी करने की बात कह टरकाता रहा। कुछ दिन बाद का तो टाल मटोल करने लगा। इस पर गांव के लोगों ने पंचायत की। जिसमें युवक ने एक माह में शादी करने की बात कही। एक माह बाद पीड़ित पिता ने युवक से शादी करने की बात कही। इस पर आरोपी ने चाचा रामआसरे के साथ मिल मारपीट कर उसे पीट दिया और शादी करने से मना कर दिया। वहीं दबाव बनाने पर युवक ने आत्महत्या कर युवती के परिजनों को फंसाने की धमकी दी है। इंस्पेक्टर अनुभव सिंह ने बताया मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## ओटी में टेक्नीशियन की भूमिका अहम

**अमृत विचार लखनऊः** केजीएमयू के शताब्दी फेस दो के प्रेक्षागृह में नेशनल एनेस्थीसिया व ओटी टेक्नोलॉजिस्ट दिवस पर कार्यशाला में सीएमएस डॉ. बीके ओझा ने ओटी में मरीज की देखभाल से लेकर उपकरणों के रखरखाव में एनस्थीसिया और ओटी टेक्नीशियन की भूमिका अहम होती है। एनस्थीसिया विभाग के डॉ. तन्मय तिवारी, थोरेसिक वैस्कुलर के अध्यक्ष डॉ. शैलेंद्र यादव, ट्रॉमा सर्जरी विभाग डॉ. समीर मिश्रा, डॉ. अपर्णा शुक्ला, डॉ. बृजेश प्रताप सिंह मौजूद रहे।

## पालिकाओं में भी आयोजित होगा नागरिक सुविधा दिवस

संवाददाता, लखनऊ

▶▶ **प्रत्येक माह के अंतिम मंगलवार को होगा आयोजन, मंडलायुक्त ने समस्याओं के निराकरण को लेकर दी हिदायत**

**अमृत विचारः** नगर पालिका परिषद की सीमा में रहने वाले लोगों को अब अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए विभाग के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। प्रत्येक माह के अंतिम मंगलवार को नागरिक सुविधा दिवस आयोजित कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने रायबरेली, उन्नाव, सीतापुर, हरदोई और लखीमपुर-खीरी के डीएम समेत अन्य अधिकारियों को आदेश दिए हैं।

पालिका परिषद की सीमा क्षेत्र में रहने वाले लोगों को स्ट्रीट लाइट, रोड/नाली निर्माण, जलापूर्ति, सीवेज, ट्रैफिक, अतिक्रमण, नालियों में साफ-सफाई की समस्या, आवासित स्थलों में जलभराव, हाउस टैक्स, म्युटेशन, जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र समेत अन्य समस्याओं से जूझना पड़ता है। समस्याओं के निदान के लिए लोग विभागों के चक्कर काटते हैं। पालिका स्तर पर मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कई काम इस प्रकार के होते हैं कि जिनमें एक से अधिक कार्यदायी संस्थाओं की सहभागिता होती है। जिसकी जानकारी आम लोगों को नहीं होती है। साथ ही जवाबदेही तय करने में भी दिक्कत होती है। नगर पालिका क्षेत्र की मूलभूत संरचना से जुड़ी समस्याओं का प्रभावी निस्तारण आपसी समन्वय के बिना संभव नहीं है।

मंडल के जनपदों में नगर पालिका स्तर पर आम लोगों की मूलभूत सुविधाओं से जुड़े मामलों का गुणवत्तापूर्वक एवं प्रभावशाली ढंग से निराकरण के लिए प्रत्येक माह के अंतिम मंगलवार को नागरिक सुविधा दिवस आयोजित किया जाए। नागरिक सुविधा दिवस में डीएम और एडीएम की अध्यक्षता चक्रानुक्रम में तय की जाए। नागरिक सुविधा दिवस पर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, विहित प्राधिकारी विनियमित क्षेत्र, एसपी, सीओ, ट्रैफिक, जलकल, जलनिगम, लोनिवि एवं पालिका के समस्त अनुभागों के वरिष्ठतम अधिकारी मौजूद रहें। दिवस सुबह दस से दोपहर एक बजे के मध्य आयोजित किया जाए।

**शिकायतकर्ताओं को दी जाए पर्ची**

मंडलायुक्त ने आदेश में कहा है कि शिकायतों को कंप्यूटर पर दर्ज कर शिकायतकर्ताओं को पर्ची दी जाए। जिससे शिकायतकर्ता को अपनी शिकायत की जानकारी आसानी से मिल सके। शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समयावधि में किया जाए। नागरिक सुविधा दिवस के लिए अपर जिलाधिकारी/प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय को नोडल अधिकारी बनाया जाता है। अपर जिलाधिकारी कार्यालय इस कार्यक्रम का आयोजन तथा कार्यक्रम से संबंधित विभागों को अपने स्तर से सूचित करेंगें। साथ ही प्राप्त अभिलेखों का रख-रखाव भी अपने स्तर से करेंगे।

# संस्कृतिः हमारे समाज का मूल

संस्कृति समाज का मूल होती है। संस्कृति और सभ्यता का विकास मनुष्य के अपने प्रयत्नों का परिणाम है, लेकिन पीछे कुछेक वर्षों में आधुनिकता के नाम पर सुस्थापित जीवन मूल्यों को कमतर देखा जा रहा है। भारत में प्रचलित आधुनिक सभ्यता पश्चिमी देशों की जीवनशैली की नकल है। शब्द आधुनिकता कालबोधक है। इतिहास के सम्यक अध्ययन के लिए काल विभाजन जरूरी होता है। जैसे प्राचीन काल, मध्यकाल और आधुनिक काल। यह विभाजन सामान्य है। इसके पहले प्रागैतिहासिक काल भी है। इसी तरह वैदिक काल और उत्तर वैदिक काल जैसे विभाजन भी हैं। आधुनिक काल स्थिर इकाई नहीं है। आधुनिक काल विदा होता रहता है और मध्यकाल में समाता रहता है। भारत का आधुनिक काल भारत के ही मध्यकाल का विस्तार है। इसी तरह मध्यकाल भी। वैदिक काल व प्रागैतिहासिक काल मध्यकाल में प्रकट होते हैं। जीवन विकास के प्रारंभिक चरण से लेकर आधुनिक काल तक समाज में बड़े परिवर्तन आए हैं।

संप्रति हम लोग भारत के आधुनिक काल में सक्रिय हैं। हमारी अनुभूति, सामाजिक मूल्य, जीवन के प्रति हमारा दृष्टिकोण और सोच विचार में पूर्ववर्ती सामाजिक मूल्यों की ही पुर्नप्रतिष्ठा है। आज का समाज बीते कल के समाज का विस्तार है। भारत की आधुनिकता हमारी प्राचीनता का ही प्रसाद है। पश्चिमी देशों ने भारत के प्राचीन समाज के मूल्यों को अपमानित करने का प्रयास किया है। ऋग्वेद के रचनाकाल के पहले यहां सबको आनंदित करने वाली विश्ववरेण्य संस्कृति थी। तब से लेकर आधुनिक काल तक यहां लगातार सांस्कृतिक निरंतरता है। भारत की आधुनिकता इसी सांस्कृतिक निरंतरता का परिणाम होनी चाहिए।

संस्कृति और सभ्यता जाग्रत मनुष्यों के कर्मतप का विकास है। संस्कृतियां कभी-कभी व्यापक रूप में दूसरे समाज को भी प्रभावित करती हैं और प्रभावित होती भी हैं। भारतीय संस्कृति में विश्व को एक परिवार जानने और तद्नुसार व्यवहार और आचरण करने की प्रकृति है। संस्कृति में विश्व के सभी प्राणियों का लोकमंगल आराध्य है। इसलिए भारतीय संस्कृति का प्रभाव दुनिया के अनेक देशों पर पड़ा। भारतीय संस्कृति का प्रवाह नेपाल, भूटान, श्रीलंका, कंबोडिया, चंपा और



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

समाज के गठन की मूल इकाई परिवार है। इस परिवार में पति और पत्नी परस्पर एक दूसरे की प्रसन्नता के लिए काम करते हैं। वैदिक साहित्य में पत्नी को घर का सम्राट बताया गया है। घर की प्रीति प्राचीन काल में सबको खींचती थी। घर का मतलब ही है, जहां बार-बार लौटने का मन करे वह घर है।

मलेशिया तक व्यापक था। इंडोनेशिया दुनिया की सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी वाला देश है। इंडोनेशियाई आज भी भारतीय संस्कृति के प्रति अनुरागी हैं। जापान, कोरिया, मंगोलिया, साइबेरिया, इंग्लैंड, आयरलैंड, मिस्र और ऑस्ट्रेलिया जैसे राज्य भारतीय संस्कृति के प्रशंसक रहे। दक्षिण अफ्रीका, फिजी, मॉरीशस, गुयाना, सूरीनाम, त्रिनिदाद आदि देश इस प्रभाव के साक्षी हैं। भारतीय संस्कृति का अध्ययन राष्ट्र राज्य की सीमाओं से बंधकर नहीं किया जा सकता। संस्कृति विचारधारा से नहीं बनती। अरस्तू, प्लेटो और अलेक्सजेंडर का ग्रीक राष्ट्र कहां है? ग्रीक में दर्शन था। सुंदर विचार पद्धति थी। योग्यता थी, लेकिन सांस्कृतिक राष्ट्रभाव नहीं था। रूस के साथ भी यही बात लागू है। रूस एक राज्य था। जार गया। राजव्यवस्था कम्युनिस्ट हो गई। सांस्कृतिक राष्ट्रभाव नहीं था। सोवियत रूस बिखर गया। रूस बचा है। चीन में दार्शनिक समृद्धि थी। 'ताओ ते चिंग' जैसा दार्शनिक ग्रंथ लाओत्सु ने लिखा था। कम्युनिस्ट राजव्यवस्था के कारण चीन राष्ट्र नहीं बन सका। कम्युनिस्ट पंथ के जन्मदाता कार्ल मार्क्स ने दुनिया के सामने अपना विशेष दृष्टिकोण रखा था। उन्हीं मार्क्स ने भारत को यूरोपीय मूल्य की भाषाओं और पंथों का जन्म स्थान मानते हुए 1853 में लिखा था, "हम निश्चयपूर्वक न्यूनाधिक सुदूर अवधि में उस महान और दिलचस्प देश को पुर्नजीवित होते देखने की आशा कर सकते है"। जहां के सज्जन निवासी राजकुमार सालितकोव के शब्दों में,''इटालियन लोगों से अधिक चतुर और कुशल हैं। यहां के निवासियों की अधीनता भी एक शांत गरिमा से संतुलित रहती है और जिन्होंने अपने सहज आलस्य के बावजूद अंग्रेज अफसरों को अपनी वीरता से चकित कर दिया। इन सज्जन निवासियों का देश हमारी भाषाओं और हमारे धर्म का उद्गम है और जहां पर प्राचीन जर्मन का स्वरूप जाट में और प्राचीन यूनानियों का स्वरूप ब्राह्मण में प्रतिबिंबित है।" (मार्क्सः एंजेल्स-द फर्स्ट इंडियन वॉर ऑफ इंडिपेंडेंस-पृष्ठ 37) मार्क्स जैसे चिंतक ने भारत की प्रशंसा की थी और अपने पंथों का स्रोत बताया था, उसी भारत में पश्चिमी देशों की सभ्यता आधुनिकता के बहाने समाज की गुणवत्ता समाप्त कर रही है। संप्रति भारत के लोगों में आधुनिक हो जाने की जल्दबाजी है।

समाज के गठन की मूल इकाई परिवार है। इस परिवार में पति और पत्नी परस्पर एक दूसरे की प्रसन्नता के लिए काम करते हैं। वैदिक साहित्य में पत्नी को घर का सम्राट बताया गया है। घर की प्रीति प्राचीन काल में सबको खींचती थी। घर का मतलब ही है, जहां बार-बार लौटने का मन करे वह घर है। परिवार के सभी जन परस्पर प्रेम करते हैं और अपना घर का काम भी मिलजुल कर करते हैं। पति-पत्नी का साहचर्य अद्भुत है। ऋग्वेद में बताते हैं कि पति और पत्नी मिलकर सोमरस तैयार करते हैं। पति और पत्नी मिलकर अपने घर भद्र जनों को निमंत्रण देते हैं। पति और पत्नी अलग-अलग नहीं हैं। दोनों मिलकर एक हैं। भारतीय परंपरा में दोनों के जोड़े को मिलाकर दंपति कहा गया है। दंपति में स्त्री पुरुष दोनों समाहित हैं। दो को एक देखने की दृष्टि दांपत्य में है। दांपत्य जैसा शब्द दुनिया की किसी भाषा में नहीं है। वेदों में भी धरती और आकाश के लिए मिलाजुला एक शब्द है 'रोदसी'। ऋग्वेद में बताते हैं, "धरती और आकाश पहले मिले हुए थे और एक थे। मरुदगणों ने धरती और आकाश को अलग कर दिया।" विशेष संस्कृति के कारण भारतीय विवाह स्थाई रहते हैं। वैवाहिक संबंध टूटने की ज्यादातर घटनाएं पश्चिमी सभ्यता के प्रभाव में हुई हैं और होती हैं। विदेशी सभ्यता के प्रभाव में बिना विवाह के स्त्री पुरुष को साथ-साथ रहना है। अंग्रेजी भाषांतर में इसे 'लिव इन' कहा गया। 'लिव इन' भारतीय धारणा नहीं है। 'लिव इन' विदेशी उधार की आधुनिकता का परिणाम है। तरुणाई में ऊर्जा का अतिरेक होता है। अनुभव कम होते हैं। इसलिए 'लिव इन' की घटनाएं होती हैं। 'लिव इन' टूटता है। स्त्री और पुरुष दोनों ठगे-ठगे रह जाते हैं।

भारत में विवाह के समय अग्नि के सात चक्कर लगाना अनिवार्य किया गया है। भारत की विवाह पद्धति, पारिवारिक नेह और स्नेह, घर चलाने का अनूठा संविधान है। इसे पश्चिमी सभ्यता के हमले से बचाना चाहिए। ऋग्वेद में सूर्य पुत्री सूर्या के विवाह का वर्णन है। बताते हैं कि गांव नगर के सभी वरिष्ठ बहू के स्वागत के लिए एकत्रित होते हैं। वरिष्ठ जनों के आशीष का भाव बार-बार पढ़ने लायक है। ऋषि कहते हैं कि यह बहू पूरे परिवार के सुख का कारण बने। सास ससुर की सेवा करें। सब पर नियंत्रण करें। घर में इसी बहू का राज्य चले। यह बहू अखंड सौभाग्यवती हो। इसके बच्चे परिवार की प्रतिष्ठा बढ़ाएं। पश्चिम के विवाह में भारतीय संस्कृति नहीं है। पश्चिमी जीवनशैली में व्यक्तिवाद है। भारत के जीवन में सामूहिकता है। उधार की आधुनिकता व्यक्तिवाद बढ़ाती है। व्यक्तिवाद में माता-पिता और परिवार के सदस्य अपनी उपयोगिता के अनुसार सम्मान पाते हैं। यहां माता-पिता की उपयोगिता नहीं देखी जाती। भारतीय जीवनशैली में समूह का हित, समाज का हित और राष्ट्रहित मिलते हैं। संस्कृति में सत्य, शिव और सुंदर का प्रवाह है।

# संन्यास का अर्थ संसार को त्यागना नहीं

अंबानी परिवार में अभूतपूर्व शादी के किस्से कम हो चले हैं, लेकिन अपने शंकराचार्यों द्वारा नव विवाहित दंपति को आशीर्वाद देने के लिए वहां जाना अब भी चर्चा का विषय बना हुआ है। कुछ लोग इस विषय को जानबूझकर जीवंत बनाए रखना चाहते हैं।

इनमें से बहुत से ऐसे लोग हैं, जो अनंत की प्रारंभिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की पृष्ठभूमि में इस शादी को यादगार बनाने के लिए लगभग पांच हजार करोड़ के व्यय को सर्वथा जायज मानते हैं। उनका तर्क है कि साधारण परिवार के लोग अपने बच्चों की शादी में अपनी जमापूंजी का लगभग दस-पंद्रह प्रतिशत खर्च करते हैं, जबकि अंबानी परिवार ने इस शादी में अपनी पूंजी का एक प्रतिशत से भी कम खर्च किया है, जो लोग स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ चुके अनंत के अरमान को पूरा करने के लिए इतनी बड़ी धनराशि के व्यय को उचित बताते हैं, वही लोग शंकराचार्यों द्वारा इस दंपति की कुशलता हेतु आशीर्वाद देने के लिए अंबानी परिवार में जाने पर आपत्ति जता रहे। यह तो स्पष्ट ही होगा कि कोई भी शंकराचार्य ससम्मान निमंत्रण के बिना वहां नहीं गए होंगे और अगर आमंत्रित होकर उन्होंने अपने स्नेहसिक्त आशीर्वाद से नवदंपति को अभिभूत करने का निर्णय लिया, तो इसमें आपत्तिजनक क्या है? वैसे व्यक्तिगत रूप से मैं यह समझता हूं कि अगर अंबानी परिवार शादी के कार्यक्रम के पश्चात इन धर्माचार्यों के पास नवदंपति को आशीर्वाद दिलाने स्वयं गए होते, तो यह अंबानी परिवार की प्रतिष्ठा में ही वृद्धि करता।

कहा जा रहा है कि संन्यासी को गृहस्थ के यहां नहीं जाना चाहिए। हम भूल जाते हैं कि वर्णाश्रम व्यवस्था में ब्रह्मचर्य, वानप्रस्थ एवं संन्यास- यह तीनों आश्रम गृहस्थाश्रम पर ही आश्रित रहे हैं। इसीलिए गृहस्थ आश्रम को सर्वश्रेष्ठ कहा गया है। आदि शंकराचार्य ने संन्यास ग्रहण करने के पश्चात अपनी माता को दिए गए वचन के पालन हेतु घर पहुंचकर उनका अंतिम संस्कार किया था, जो संन्यास आश्रम की मान्यताओं के विपरीत है। भगवान बुद्ध संन्यासी होते हुए अपनी पत्नी के पास भिक्षा मांगने गए थे। संन्यास का अर्थ संसार को त्यागना नहीं है, बल्कि सांसारिकता की आसक्ति पर विजय पाना है। विदेह राज जनक गृहस्थ व राजा होते हुए भी एक संन्यासी के रूप में समादृत हैं। आदि शंकराचार्य ने अपने जीवन के अंतिम दिनों में स्वयं राजा सुधंवा का आतिथ्य ग्रहण किया था। शंकराचार्य जी ने अपने अंतिम संदेश में कहा था कि केवल आत्मज्ञान ही संन्यासियों के लिए यथेष्ट नहीं है, अपितु वर्णाश्रम धर्म के संस्थापक और संरक्षण का गुरु-दायित्व भी उन्हें वहन करना होगा।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

मठाधीश एक स्थान में न रहकर धर्म प्रचार के लिए विभिन्न स्थानों में परिभ्रमण करें तथा साधारण जनता वर्णश्रम धर्म के पालन द्वारा क्रमशः उच्चतर और महत्तर लाभ के लिए प्रयत्न पारायण हो, इस पर भी मठाधीशों की सावधान दृष्टि रहे। जहां तक हमारे द्वारा अपने धर्म गुरुओं के मान-सम्मान का प्रश्न है, उल्लेखनीय है कि जब कुछ धर्माचार्यों ने अर्धकुंभ को कुंभ व महाकुंभ बनाए जाने का विरोध किया, तब यही लोग उनका समर्थन करने के बजाय उनकी कमी निकालने लगे। इसी प्रकार जब आधे-अधूरे निर्मित श्रीराम मंदिर के उद्घाटन पर शंकराचार्यों ने शास्त्र सम्मत आपत्तियां कीं, तो पुनः उनको सुनने अथवा उनका साथ देने के बजाय उनकी विभिन्न प्रकार से आलोचना की जाने लगी। दरअसल ऐसे लोगों को हमारे धर्म गुरुओं से न कोई लगाव है और न कोई समस्या। उनकी मूल समस्या है हीरो-वर्शिप, व्यक्ति पूजा। कूपमंडूकता किसी भी व्यक्ति पूजक की प्राथमिक योग्यता है।

# नन्हे-मुन्नों का विकास और राष्ट्रीय शिक्षा नीति

6 से 8 वर्ष की आयु बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास की यह अति महत्वपूर्ण आयु मानी गई है। बच्चों के मस्तिष्क का 85 प्रतिशत विकास प्रारंभिक 6 वर्ष की आयु में ही हो जाता है। राज्य में बहुत सारे बच्चे ऐसे है, जो 6 वर्ष से पूर्व किसी संस्थान से औपचारिक रूप से नहीं जुड़ पाते हैं, अर्थात उन्हें गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा एवं देखभाल के पर्याप्त अवसर मुहैया नहीं हैं। 3 वर्ष की आयु से बच्चे अपने घर एवं परिवार से प्रारंभिक भाषायी दक्षताओं को प्राप्त करना आरंभ कर लेते हैं। ये बेहद अनौपचारिक एवं असंगठित प्रक्रियाओं द्वारा किया जाता है, जिसे आगे बढ़ाने एवं नियोजित ढंग से औपचारिक एवं संस्थागत करने हेतु संस्थाओं का उपयोग अत्यंत आवश्यक हो जाता है। यदि हम प्ले स्कूलों एवं वर्तमान संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों पर दृष्टि डालें, तो पाते हैं कि वे उस स्तर पर नहीं हैं, जिस स्तर पर उन्हें होना चाहिए। राज्य में बहुत सारे बच्चे 6 वर्ष तक की आयु पूर्ण कर सीधे कक्षा 1 में प्रवेश पाते है, जिससे ऐसे बच्चे अपने बाल्यावस्था शिक्षा एवं देखभाल के शुरुआती 3 वर्ष गैर संस्थागत एवं गैर प्रणालीगत तरीके से पूर्ण करते हैं,जो कि किसी भी दशा में उचित नहीं है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का लक्ष्य देश के विकास की अनिवार्य आवश्यकताओं को सुनिश्चित करना है। यह नीति प्रत्येक व्यक्ति में निहित रचनात्मक क्षमताओं के विकास पर विशेष बल देती है। प्रारंभिक बाल्यावस्था में बच्चों का स्वास्थ्य एक महत्वपूर्ण कारक है, जो सीधे बच्चों के सीखने को प्रभावित कर सकता है। इस अवस्था में यह भी



डॉ. अनिल चौबे
सदस्य, राज्य संदर्भ समूह मिशन प्रेरणा उत्तर प्रदेश

नैतिक गुणों के विकास हेतु किसी ज्ञान अथवा उपदेश को थोपने या सीधे प्रदान करने की आवश्यकता नहीं, बल्कि वे उनमें व्यवहारिक प्रक्रिया द्वारा स्वयं से विकसित होने चाहिए।

आवश्यक है कि प्रारंभिक बाल्यावस्था के बच्चे स्वस्थ एवं स्वच्छ वातावरण में सीख रहे हों, बढ़ रहे हों। इस आयु में बच्चों के पोषण एवं देखभाल की सबसे अधिक आवश्यकता महसूस की जाती है, क्योंकि इस आयु में बच्चे अत्यंत शीघ्रता के साथ सीख एवं बढ़ रहे होते हैं। सीखने की इस प्रक्रिया में संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका हो जाती है। इससे पूर्व 3 वर्ष तक की आयु में अपने अनुभवों से, देखकर, दोहराकर या नकल करके या जिज्ञासा के आधार पर बच्चे जो कुछ भी सीखते हैं, वह ढांचागत या प्रणालीगत नहीं होता है। उन सारे सीखने के अनुभवों को एक स्थान पर एकत्र कर सीखने की प्रक्रिया को ढांचागत तरीके से आगे बढ़ाने में संस्था की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020 में कहा गया है कि संस्थाएं ऐसी हों जहां प्रत्येक छात्र का स्वागत किया जाता हो, उसकी देखभाल की जाती हो। जहां बच्चा स्वयं को सदैव सुरक्षित महसूस करें।

3 वर्ष की आयु से पूर्व बच्चों में बातचीत, खेलना, छूकर अनुभव आदि के अधिक अवसर दिए जाने चाहिए,जिससे 3 वर्ष के पश्चात उनका शारीरिक और गत्यात्मक, सामाजिक भावनात्मक, संज्ञानात्मक, संप्रेषण घर की भाषा में एवं संख्या ज्ञान की मौखिक शुरुआती समझ आदि पर विकास संभव हो सकेगा। 3 वर्ष में शुरुआती सीखने की यह गतिविधियां बच्चों को अनुभव के आधार पर निश्चित रूप में आरंभ हो जानी चाहिए। जैसे-जैसे बच्चे 4-5 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे होंगे, वे अपनी संस्था में समूह में कार्य करना, अपना विचार बनाना तथा व्यक्त करना (राय देना), नेतृत्व प्रदान करना, अच्छी आदतों में विकास की शुरूआत आदि सीख रहे होंगे। यहां हम बच्चों को नैतिक गुणों में विकास हेतु कुछ अनुभव एवं वातावरण उपलब्ध करा सकते हैं। नैतिक गुणों के विकास हेतु किसी ज्ञान अथवा उपदेश को थोपने या सीधे प्रदान करने की आवश्यकता नहीं, बल्कि वे उनमें व्यवहारिक प्रक्रिया द्वारा स्वयं से विकसित होने चाहिए। खेल आधारित शिक्षा का आरंभ भी इसी आयु में हो जाता है। खेल आधारित शिक्षा से बच्चों में उनकी जिज्ञासा, सृजनात्मकता, टीम भावना का विकास, सहानुभूति-समानुभूति, समावेशिता, आस-पास का वातावरण एवं साथियों के साथ समावेशन की क्षमताओं का विकास संभव हो पाता है। इन्हीं गतिविधियों से बच्चों की जन्मजात प्रवृत्तियों एवं क्षमताओं का पता भी लगाया जा सकता है।

इस आयु में बच्चे खेल से बहुत तीव्रता से सीखते हैं। खेल एकल अथवा सामूहिक हो सकते हैं। जहां तक संभव हो संस्थागत ढांचे में उन की आयु के समूहों के खेलों को प्राथमिकता प्रदान करें। संस्था के माध्यम से विभिन्न गतिविधियों द्वारा बच्चों में संवैधानिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक करते हुए अत्यंत व्यावहारिक रूप से, उनमें नैतिक मूल्यों के विकास की प्रक्रिया आरंभ की जानी चाहिए। 3 से 8 वर्ष की आयु में संस्थाएं ऐसा वातावरण विकसित करें कि सीखने-सिखाने की प्रक्रिया केवल संस्था तक सीमित न रहे, बल्कि यह बच्चों के घर-परिवार एवं समाज तक जाएं। बच्चे विद्यालय में, विद्यालय से बाहर, परिवार में कहीं भी बेझिझक सवाल कर रहे हों, अपनी जिज्ञासाएं उजागर कर रहे हों। शिक्षक और अभिभावक कभी भी बच्चों को इसके लिए रोकें नहीं, उन्हें चुप न कराएं। बच्चों के शिक्षकों एवं अभिभावकों आदि सभी का दायित्व रहेगा कि वे बच्चों जिज्ञासाएं शांत करने को निरंतर प्रयासरत रहें तथा उन्हें किए गए प्रश्नों के उत्तर के नजदीक तक ले जाएं। इस आयु में अभिभावक, शिक्षक एवं स्वयं बच्चों का भी दायित्व रहेगा कि वे सीखने की इस औपचारिक एवं अनौचपारिक प्रक्रिया पर निरंतर समालोचनात्मक एवं सकारात्मक दृष्टिकोण रखें। इस दौरान यह भी आवश्यक है कि बच्चों के क्रियाकलापों, उनके उत्तरों, प्रश्नों एवं व्यवहारों द्वारा ही जानने की प्रगति का पता लगाएं। उनके अनुभवों, विचारों को तबज्जो दें तथा अपने विचारों से सरल भाषा में उन्हें अवगत कराएं। इसी से सीखने का पता लगाया जाना चाहिए तथा उन्हें आवश्यकतानुसार आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया जाना चाहिए।

# रेत का किला

व्यवहार की जो पद्धति समाज के साथ हमको भी आगे ले जाए, वह नीति है। नीति शब्द से नैतिक और नैतिकता शब्द बनते हैं। यह नैतिकता ही संस्कार या चरित्र है, जिसके संबंध में बहुत बातें कही जाती हैं। यदि नैतिकता न हो तो व्यक्ति का क्षरण हो जाता है, परिवार का क्षरण हो जाता है, दल या संगठन का क्षरण हो जाता है तथा राज्य संस्था का क्षरण हो जाता है।

नैतिकता एक मर्यादा है और मर्यादा राजा की भी होती है और प्रजा की भी होती है, समुद्र कितना प्रबल है? किंतु मर्यादा को वह भी मानता है। राज्य विश्वास पर टिका है, भय पर नहीं, केवल सैन्यबल पर राज्य स्थिर नहीं रह सकता। आप एक सीमा तक लोगों को जेल या यातना से डराकर चुप कर सकते हैं, लेकिन जब लोग समझने लगेंगे कि यहां अपराधी नहीं, सज्जन डरा हुआ है। सामान्य जन भयभीत है, अपराधी से समझौता है। लोग सच कह नहीं पा रहे हैं। असत्य को डरना चाहिए, किंतु सच डर रहा है। दंडव्यवस्था अनैतिक है, दुष्ट निर्भय हैं। असामाजिक को डरना चाहिए, किंतु यहां तो समस्त डर लोकतंत्र को ही चुप करना चाहता है, तब लोग जान जाएंगे कि राजा डरा हुआ है, वह नैतिकबल को खो चुका है। वह अनैतिक है, क्योंकि झूठ बोलता है। अविश्वसनीय है। विश्वास यह नहीं समझता कि आप क्या कहते रहते हैं? विश्वास दिन और रात यह देखता रहता है कि आप करते क्या हैं? आपके आचरण को आपके घर की दीवारें देख रही हैं, घर की छत आपके आचरण की परीक्षा कर रही होती है। आप समझ रहे होते हैं कि मुझे कोई नहीं देख रहा, किंतु सच यह है कि आप किसी को नहीं देख पा रहे हैं और आपको सबने देख लिया है। विश्वास एक प्रचंड शक्ति है, उसके सामने सैन्यशक्ति भी निस्तेज हो जाती है। विश्वास सैन्य बल पर नहीं, सत्य पर टिका हुआ है, सत्य नहीं तो विश्वास नहीं और विश्वास नहीं तो कुछ भी नहीं। लोक विश्वास के बिना राज्य संस्था कुछ समय तक भरम के रूप में धुंए की तरह रह सकती है, किंतु अंततः वह निस्तेज हो जाती है। रेत के किले की तरह अपने आप ढह जाती है।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

# गुरु के प्रति कृतज्ञता का उत्सव

भारत पूरे विश्व में अपनी संस्कृति, आचरण व शिष्टाचार से जाना जाता है। गुरु पूर्णिमा भगवान शिव द्वारा स्थापित ऐसा ज्ञानपर्व है, जिसमें व्यास परंपरा की जीवंतता है। यह ज्ञान की आराधना का पर्व है और सरल शब्दों में कह सकते हैं कि ज्ञानी अर्थात गुरु के प्रति निष्ठा और श्रद्धा समर्पण का पर्व है।

हमारे जीवन में प्रज्ञा और श्रद्धा की दो धाराएं अनवरत एक साथ चलती हैं। इसलिए जो प्रज्ञावान हैं, हम उनका भी सम्मान करें और जो श्रद्धावान हैं वह भी हमारी धरोहर हैं। गुरु पूर्णिमा इस श्रद्धावान और प्रज्ञावान के संबंधों के पुनर्जागरण का दिन होता है। गुरु सामान्यतः महामानव होते हैं, जिनकी कृपा से मानव यथार्थ जीवन संपन्नता प्राप्त करता है, आत्मिक पवित्रता प्राप्त करता है, प्रखरता प्राप्त करता है। इसलिए ऋषि व्यास जो महानतम ज्ञानी हैं "व्यासस्य रूपाय विष्णवे" उनकी वंशावली में, व्यास पूर्णिमा 'गुरु पूर्णिमा कहलाती' है। हमारे यहां कहा गया है,"गुरु बिनु भवनिधि तरइ न कोई। जउ बिरंचि संकर सम होई।। अर्थात गुरु सबके लिए अनिवार्य हैं। वह गुरु जो सत-असत, ज्ञान-अज्ञान का विभेद कर सके, उसका विस्तृत ज्ञान इतना हो कि वह संपूर्ण परिस्थितियों का जानने वाला हो तभी जाकर वह मार्गदर्शक बन सकता है।



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

गुरु तथा देवता में समानता के लिए एक श्लोक में कहा गया है कि जैसी भक्ति की आवश्यकता देवता के लिए है वैसी ही गुरु के लिए भी। शास्त्रों में गुरु अज्ञान के अंधकार को दूर करके ज्ञान का प्रकाश देने वाला कहा गया है। गुरु हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाले होते हैं। गुरु की कृपा से ईश्वर का साक्षात्कार संभव हो पाता है और गुरु की कृपा के अभाव में कुछ भी संभव नहीं हो पाता।

# प्रश्नों की बौछार

चौहत्तर वर्षीय सोना देवी को दस वर्षों से डायबिटीज थी। उसका थोड़ा-बहुत असर अब हृदय पर भी पड़ चुका था, जिसके चलते अब उन्हें ज्यादा मेहनत या श्रम करने पर छाती में दर्द या जलन होती थी, साथ में ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल भी बढ़ा हुआ था। इसीजी करने पर पता कि उन्हें दिल का हल्का दौरा पड़ चुका है। गर्दन की हड्डियां भी कमजोर पड़ गई थी, जिसके चलते उन्हें गर्दन और दोनों बाजुओं में दर्द की शिकायत थी। उनका शरीर खाया-पिया था। वजन भी अच्छा-खासा था। शारीरिक गठन सूचकांक 29.6 था, जो सामान्य से काफी अधिक था। दोनों कानों से कम सुनाई देता था।

इतनी बीमारियों के बावजूद सोना देवी की जीवंतता और खाने पीने में रुचि कम नहीं पड़ी थी। अच्छा खाना-पीना, सलीके से रहना, घूमना -फिरना उनकी प्रबल इच्छाओं में था। मुझे बहुत अच्छी तरह से याद है कि जब वे पिछली बार सर्वप्रथम मुझे दिखने आईं थीं तब उनके दो प्रमुख प्रश्न थे क्या मैं संगम के किनारे मिलने वाली गुड़ खा सकती हूं? अपने फैली हथेलियों के संकेत से एक बड़े कटोरे के बराबर खीर खा सकती हूं।



डा. श्रीधर द्विवेदी
वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ, नेशनल हार्ट इंस्टिट्यूट, नई दिल्ली

इतनी बीमारियों के बावजूद सोना देवी की जीवंतता और खाने पीने में रुचि कम नहीं पड़ी थी। अच्छा खाना-पीना, सलीके से रहना, घूमना -फिरना उनकी प्रबल इच्छाओं में था।

जिसे दस वर्षों से अधिक की डायबिटीज हो, ब्लड प्रेशर हो उसे रोज खीर खाने को मैं कैसे अनुमति देता? मैंने उन्हें बहुत समझ-बुझाकर गुण-दोष बताकर एक छोटी कटोरी कभी- कभार लेने की इजाजत दी थी।

आज करीब छह महीने बाद जब वह ओपीडी में आईं तब कुशलक्षेम के बाद उन्होंने कहा डाक्टर साहब कमजोरी बहुत है। क्या मैं गुड़ की जलेबी खा सकती हूं? पकौड़ी, कढ़ी, कटहल की सब्जी खा सकती हूं? और हां डॉक्टर साहब क्या मैं उड़द की दाल या दम आलू खा सकती हूं? इसके पहले कि मैं उन्हें कुछ जवाब दूं उनका आगामी प्रश्न था क्या मैं दही माठा से रोटी खा सकती हूं? और हां डाक्टर बाबू क्या मैं पहले की तरह राजमा -छोला खा सकती हूं की नहीं? कहो डाक्टर साहब क्या चना उबाल कर खा सकती हूं? पेप्सी मेरे लिए मना तो नहीं है? आजकल लोग नारियल का पानी खूब पीते हैं क्या हमहूं इसे पी सकते हैं? मैंने कहा बिल्कुल मां। गांव में मेरे खेत में एक बहुत सुंदर आम का पेड़ हैं। सिंदूर के रंग का उसका आम बहुत मीठा होता है। हम लोग उसे सेनहुरवा आम बोलते हैं। सेनहुरवा की बात करते-करते वह अत्यंत लालायित भाव से बोली क्या वह आम अब मैं खा सकती हूं की नहीं।

डॉक्टर साहब मैं अपने घर के तीसरे महला पर खटाखट चढ़ जाती थी, पर अब दूसरी मंजिल पहुंचते-पहुंचते सांस फूल जाती हैं। ऐसा क्यों है डॉक्टर साहिब? ऐसा कहते समय उनके चेहरे पर बाल सुलभ सरलता, मुस्कराहट और कौतूहल था। खाने-पीने से संबंधित उनके अनेक प्रश्न मेरे लिए थोड़े कौतूहल पूर्ण थे। पहले मेरा मन हुआ कि मैं इन्हें चिकित्सालय की डायटीशियन के पास शंका-समाधान के लिए भेज देता, लेकिन मेरे अंतःकरण ने यह गवारा नहीं किया, क्योंकि उनकी सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से डायटीशियन की समझ शायद ही मेल खाती। यह ध्यान में रखकर मैंने स्वयं यह जिम्मेदारी निभाने का निश्चय किया।

मेरा उत्तर संक्षिप्त और सरल था- आप सब चीजों का आनंद लें पर ज्यादा चिकनाई, तले-भुने, अधिक नमक, मैदे से बनी चीजें और जंक पदार्थों से बचने की कोशिश करें। कहते है न जीभ तो 'स्वाद लेहि भीतर गई, भोगत हृदय अपार'। यहां यह बात सोलहों आने सच थी। इसी चटोरी जीभ के कारण उन्हें डायबिटीज, हृदयाघात, चिकनाई दोष जैसी समस्याएं घेरे हुएं थी, पर उनका चटपटे भोजन के प्रति लगाव कम नहीं हुआ था। पता नहीं मैं उसके तमाम प्रश्नों का समाधान कर पाया या नहीं, पर जाते समय उसके चेहरा जिस प्रकार प्रसन्नता से खिला हुआ था और उसके नेत्रों में कृतज्ञता के भाव परिलक्षित हो रहे थे तथा अभिवादन में जो नमन दृष्टिगत हो रहा था वह किसी भी चिकित्सक को अंदर से विचलित करने के लिए पर्याप्त था।

# ऐसे भी होते हैं मुस्लिम

इन दिनों उत्तर प्रदेश में कावड़ियों के मार्ग की दुकानों और होटलों से लेकर ठेलियों तक पर स्वामी के नाम का पट लगाए जाने के शासकीय आदेश की खबर गरम है। इसके पीछे की भावना यह है कि इन शिव भक्तों को हिंदू-मुस्लिम विक्रेता की पहचान हो सके। हालांकि इन नाम पटों की सत्यता की पुष्टि करने का कावड़ियों के पास कोई उपाय नहीं है और न इतने वृहत पैमाने पर सरकारी तंत्र इसे सत्यापित ही कर सकता है, जो लिखा है उसे मुख मूल्य पर स्वीकार करना होगा।

तथ्य यह भी है कि तमाम नाम कामन होते हैं, जो हिंदू मुसलमान दोनों रखते हैं। ऐसा इस समय क्यों किया गया? लोकसभा चुनावों में यूपी में भाजपा को मिली करारी शिकस्त के परिणामस्वरूप मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर आलोचना की बौछारें हो रही हैं। उनके अपने दोनों उप मुख्यमंत्री इसमें सबसे आगे हैं, शायद हाई कमान के इशारे पर। इसी बीच प्रदेश की 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव भी होने हैं, जिनके परिणामों से योगी की प्रतिष्ठा जुड़ी होगी और शायद कुर्सी भी। ऐसे में नाम पट दर्शित करने वाली योजना वोटों के सांप्रदायिक ध्रुवीकरण करने का प्रयास है। अब इसमें कितनी सफलता मिलती है, यह समय बताएगा। वैसे मेरा मानना है कि कोई भी समूह या संप्रदाय अपनी संपूर्णता में अच्छा या बुरा नहीं होता। मिश्रण होता है। यहां वेद पुराण की बात नहीं करेंगे, क्योंकि तब तो हिंदू-मुस्लिम था ही नहीं। इतिहास में मंसूर, सरमद, फैजी, रहीम, रसखान और मलिक मोहम्मद जायसी जैसे नाम हैं, जिनको इंगित करके भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने कहा था,"इन मुसलमान हरिजनन पै कोटिन हिंदू वारिये"। कृष्ण भक्तिन ताज बीबी की कब्र आज भी वृंदावन की रमण रेती में हिंदुओं की श्रद्धा का केंद्र है और उनके स्वर "नंद के कुमार कुरवान तेरी सूरत पै, हौं तौ मुगलानी हिंदुवानी ह्वै रहौंगी मैं" लोक मानस में घर किए हुए हैं।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

हमारी पुत्री शारदा शुक्ला की विद्यार्थी जीवन की घनिष्टा सखी रूही सिद्दीकी उच्च न्यायालय की लखनऊ खंड पीठ में सरकारी वकील है। अभी कश्मीर यात्रा पर गई थी, तो श्रीनगर के प्रसिद्ध शिव मंदिर भी गई, जिसे शंकराचार्य जी ने प्रतिष्ठित किया था। मेरे गृह कार्य की प्रभारी 'गुड़िया' नामक महिला है। वह मुसलमान है। शुरू में उससे पूछा गया था कि "तुम्हारा कोई मुसलमानी नाम भी होगा?" तो उसने कहा नहीं यही एक नाम है। अब इस नाम का यदि पट लगा हो तो कैसे जानेंगे कि यह हिंदू है या मुसलमान? मेरे परिवार वालों का आश्चर्य तब और बढ़ा, जब उसकी किशोरी बेटी एक दिन घर आई और उसका नाम पूजा बताया गया। कारण पूछने पर गुड़िया कहती हैं "आप लोगों के जो देवी पूजा के दिन होते हैं, उनके आखिरी दिन की इसकी पैदाइश है, इसलिए पूजा नाम रख दिया"। यानी एक पहलू यह भी है।

# औषधि निरीक्षकों की टीम ने की 11 मेडिकल स्टोरों की जांच

## जांच के लिए संग्रहित किए गए 11 औषधियों के नमूने, अयोध्या मंडल को अग्रिम कार्रवाई के लिए भेजी गई आख्या

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



मेडिकल स्टोरों की जांच करती औषधि निरीक्षकों की टीम। अमृत विचार

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार के दिशा-निर्देशन में शनिवार को गठित तीन सदस्यीय औषधि निरीक्षकों की टीम द्वारा जनपद में जिला अस्पताल के नजदीक स्थित 11 मेडिकल स्टोर्स पर सीसीटीवी कैमरों एवं शेड्यूल एच-1 की औषधियों तथा नारकोटिक्स श्रेणी की औषधियों के क्रय-विक्रय की जांच की गई।

औषधि निरीक्षक श्रीमती सीमा सिंह ने बताया कि सहायक आयुक्त (औषधि) जीसी श्रीवास्तव द्वारा गठित औषधि निरक्षकों की टीम में औषधि निरीक्षक अयोध्या सुमित कुमार वर्मा, औषधि निरीक्षक अमेठी कमलेश मिश्रा और औषधि निरीक्षक बाराबंकी सीमा सिंह द्वारा जिला अस्पताल के आस पास स्थित कुल 11 मेडिकल स्टोरों की जांच की गई। जिसमें लखनऊ मेडिकल स्टोर, रघुनन्दन प्लाजा मुंशीगंज कोतवाली नगर, हरिनाम मेडिकल स्टोर रघुनन्दन प्लाजा शाप नंबर दो निकट महिला अस्पताल, सचिन मेडिकल स्टोर, रघुनन्दन प्लाजा निकट हास्पिटल, लखनऊ मेडिकल स्टोर, ओम मेडिकल स्टोर, सिटी सेंटर हास्पिटल रोड, न्यू के संस सिटी सेंटर, राज मेडिकल्स, भारत मेडिकल स्टोर हास्पिटल गेट के सामने, वी जैन एवं संस हास्पिटल गेट के सामने, वर्मा मेडिकल स्टोर, हास्पिटल गेट के सामने, शील एनर्प्राइजेज निकट हास्पिटल गेट, कृष्णा मेडिक्स निकट हास्पिटल गेट की जांच की गई।

टीम के जांच अधिकारियों ने सभी मेडिकल स्टोरों पर सीसीटीवी कैमरों का संचालन एवं फुटेज की सघन जांच की । जिसमें वी जैन मेडिकल स्टोर, सचिन मेडिकल स्टोर एवं ओम मेडिकल स्टोर पर कैमरे संचालित नहीं पाए गए। शेड्यूल एच-1 की औषधियों संबंधी अभिलेख न पाए जाने के चलते कृष्णा मेडिक्स के भी क्रय विक्रय पर रोक लगाई गई। इन मेडिकल स्टोर्स को नोटिस देते हुए तत्काल प्रभाव से औषधियों के क्रय-विक्रय पर रोक लगाई गई तथा जांच के समय कुल 11 औषधियों के नमूने भी जांच एवं विश्लेषण हेतु संग्रहित किए गए। टीम ने बताया है कि सभी मेडिकल स्टोर्स पर नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई के लिए आख्या औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी (विक्रय) अयोध्या मंडल को प्रेषित की गई है।

# हत्यारे को आजीवन कारावास बीस हजार रुपये का जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

▸▸ बांके से महिला की गर्दन काटकर हत्या करने का मामला

**अमृत विचारः** बांके से महिला की गर्दन काटकर हत्या करने के मामले में न्यायालय ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। मामला साल 21 जुलाई 2023 का है।

फहतेहपुर थाना क्षेत्र के मिठवारा निवासी अब्दुल रसीद पुत्र स्व. मुन्ना ने थाने में तहरीर देकर अपनी बहन की बांके से काटकर हत्या करने वाले मो. रियाज के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया। तत्कालीन विवेचक रहे उपनिरीक्षक धीरेन्द्र कुमार सिंह ने आरोपी को गिरफ्तार कर 15 दिनों में आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर जघन्य अपराधों व अपराधियों को सजा सुनाए जाने को लेकर बनाई गई मानीटरिग सेल के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा न्यायालय में तेजी से पैरवी करते हुए आरोपी को सजा दिलाने के लिए सबूतों और मजबूत गवाहों को न्यायालय में प्रस्तुत कर पैरवी की। सबूतों और मजबूत गवाहों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी रियाज़ को हत्या के मामले में उम्र कैद व बीस हजार रुपये के जुर्माना लगाया है।

# गमछे से फंदे से लटका मिला अधेड़ का शव

सूरतगंज, बाराबंकी

▸▸ लोगों के मुताबिक-पत्नी से विवाद के चलते दी जान

▸▸ पुलिस की जांच में शराबी होने की बात आई है सामने

**अमृत विचारः** 50 वर्षीय एक अधेड़ का शव फंदे से लटका हुआ मिला है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्मार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है। लोगों में चर्चा यह है कि दूसरी पत्नी से विवाद के कारण और शराब का लती होने चलते अधेड़ ने जान दी है। वहीं पुलिस भी आत्महत्या की बात कह रही है।

मोहम्मदपुर खाला थाना के अमेरा गांव में शनिवार की सुबह 50 वर्षीय दिनेश रावत का शव उसके घर के बरामदे में लगे हुए छल्ले में गमछे से फंदे पर लटकता हुआ मिला है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को पोस्मार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मौत का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है लेकिन चर्चा यह है की दिनेश कुछ दिन पूर्व दूसरी पत्नी ले आया था। तो उसके साथ उसके अच्छे संबंध न होने के कारण दिनेश अवसाद में चल रहा था। जबकि पुलिस की जांच में ऐसे कोई तत्व सामने नहीं आए हैं बल्कि शराब का नशा हर समय किए जाने की बात सामने आई है। वहीं दिनेश के चार बेटियां हैं जिनकी शादी हो चुकी है। 18 साल पहले पत्नी की बीमारी के चलते निधन हो चुका हैं। उधर, किसी पर कोई भी आरोप-प्रत्यारोप बेटियों ने नहीं लगाएं हैं। इस संबंध पर प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह बताया की शव पोस्मार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### 6 अगस्त को उपचुनाव, 8 को आएंगे परिणाम

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** विकासखंड के तीन क्षेत्र पंचायत सदस्यों के निधन से रिक्त हुए पदों के लिए उपचुनाव होना है। जिसके लिए तिथि निर्धारित कर दी गई है। इसका परिणाम 8 अगस्त को घोषित होना तय किया गया है। शनिवार को सम्भावित प्रत्याशियों के द्वारा ब्लॉक मुख्यालय पर ग्राम पंचायत भरसवां में 6 व शेखपुर अलीपुर में 1 तथा गोबरहा में 3 सहित कुल 10 नामांकन पत्र ख़रीदे गए। चुनाव आयोग के द्वारा निर्धारित उपचुनाव तिथि के अनुसार 22 जुलाई को नामांकन किया जाएगा। जिसकी जांच 23 को होगी। अगले दिन 24 जुलाई को पर्चे की वापसी के बाद चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। 6 अगस्त को मतदान होंगे तथा 8 अगस्त को मतगणना के बाद परिणाम घोषित किया जाएगा।

### किसानों को दौड़ा रहे तहसील और थाने के अधिकारी

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन अम्बावाता गुट की मासिक बैठक गन्ना संस्थान परिसर में जिलाध्यक्ष लवकुश यादव, जिला महामंत्री अमित सोनी व प्रदेश अध्यक्ष अमरेंद्र बहादुर सिंह की उपस्थिति में हुई। प्रदेश उपाध्यक्ष सफीक ने अवगत कराया कि 10 अगस्त को राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी रिशिपाल अंबावत चारबाग रेलवे स्टेशन स्थित रविंद्रालय में आना तय हुआ है। वहीं युवा प्रदेश अध्यक्ष धीरेन्द्र रावत ने कहा कि भ्रष्टाचार को लेकर किसानों की समस्याओं को न सुनकर तहसील और थानों पर से किसानों को दर्जनों बार अनसुना कर दौड़ाया जा रहा है। अमित सोनी ने कहा एआरटीओ कार्यालय के अंदर बाबुओं से सांठगांठ करके अपने पास प्राइवेट लड़कों को रखकर गाड़ी का लाइसेंस बनाने फिटनेस करने के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है आदि समेत कई मुद्दों को उठाया गा। बैठक के बाद 16 बिंदुओं पर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय में न्यायिक मजिस्ट्रेट को सौंपा गया। इस मौके पर तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### एमएलसी ने मेधावी छात्राओं को बांटे टैबलेट



छात्रा को टैबलेट देते एमएलसी अंगद सिंह। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी : अमृत विचार :** स्थानीय नाका पैसार स्थित श्री गंगा मेमोरियल गर्ल्स डिग्री कालेज में एमएलसी अंगद कुमार सिंह ने मेधावी छात्राओं को टैबलेट वितरित किए। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एमएलसी अंगद कुमार ने मां शारदे की प्रतिमापर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की एमएलसी ने मौजूद छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करते हुए किसी भी सफलता को आसानी से अर्जित किया जा सकता है । उन्होंने छात्राओं से नियमित स्वाध्याय करने की बात कही । महाविघालय के प्रबन्धक चन्द्र किशोर वर्मा ने छात्रों को इसी ऊर्जा के साथ अध्ययन करते हुए आगामी प्रतियोगिताओं में सफलता अर्जित करने की बात कही व आये हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर टैबलेट प्रकार छात्रों के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई। इस एसके वर्मा महाविघालय की प्रशासनिक प्रमुख मानसी यादव प्रवक्तागण डॉ .अंजलि सिंह, डा .पूनम वर्मा, विमलेश वर्मा, अनुराग वर्मा, ओमकार वर्मा और नितिन वर्मा रहे।

### कारगिल विजय दिवस पर भाजयुमो निकालेगी मशाल जुलूस

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी : अमृत विचार :** भारतीय जनता युवा मोर्चा की जिला कार्यकारिणी की बैठक भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री शिवेंद्र विक्रम शाही ने की। बैठक को संबोधित करते हुए बताया कि कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर भाजयुमो के जिला पदाधिकारियों द्वारा लगभग ढाई हजार कार्यकर्ताओं को जोड़कर मसाल जुलूस निकालेगी। मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि लगभग 3 महीने तक चले भारत –पाक कारगिल युद्ध के दौरान हमारे वीर सैनिकों ने 26 जुलाई 1999 को कारगिल में विजय प्राप्त की । यह हम सब देशवासियों के लिए ऐतिहासिक दिन रहा। इसलिए भाजुमो कार्यकर्ता कारगिल विजय की 25 वी वर्षगांठ पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता कर रहे भाजयुमो अध्यक्ष रोहित सिंह ने बताया कि कारगिल विजय की 25 वीं वर्षगांठ के अवसर पर 25 जुलाई को 2500 युवाओं के साथ मशाल जुलूस निकालकर वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। 26 जुलाई को शहीद वीर जवानों की प्रदर्शनी व देश भक्ति सभा का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान सर्वेश अवस्थी, अनुज वर्मा, शिव कुमार यादव, अरुण रावत, सुधाकर सोनी, कुलदीप सैनी, अनुज, विकास शुक्ला, दिनेश सिंह, रामजी आदि लोग मौजूद।

## कार्यालय ग्राम पंचायत भिटौरा विकासखंड रामनगर जिला बाराबंकी

पत्रांक :– ग्रा0पं0का0/2024–25 दिनांक – 20/07/2024

**निविदा आपूर्ति सूचना**

मनरेगा योजना अंतर्गत /15वां वित्त आयोग/पंचम राज्य वित्त आयोग/ स्वच्छ भारत मिशन अभियान/ ग्राम निधि/एस0बी0एम0 (आर0आर0सी0) अंतर्गत स्वीकृत कार्य योजनाओं आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण एवं मरम्मत, अन्नपूर्णा खाद्य भंडार निर्माण हेतु आवश्यक सामग्री, पंचायत भवन निर्माण एवं विद्यालयों का कायाकल्प, विद्यालय एवं पंचायत भवन चहरदीवार निर्माण, साजसज्जा, सामुदायिक शौचायलयों का निर्माण एवं मरम्मत, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, डेक्स बेंच आदि क्रय, अमृत सरोवर निर्माण,खडंजा, नाली,नाला, इंटरलॉकिंग निर्माण,आर0सी0सी0 रोड, पेयजल आपूर्ति, आरओ वाटर कूलर सिस्टम, फागिंग मशीन क्रय व मरम्मत, 2x2 वेटरीफाइट टाइल्स, व्यक्तिगत कार्य, साफ सफाई किट, हाई मास्क लाइट,स्ट्रीट लाइट,सोलर लाइट, गौ/पशु आश्रय स्थल निर्माण एवं मरम्मत, समतलीकरण,भूसा, हरा चारा,चोकर,पी एल सी, सी एस सी, प्रवेश द्वार निर्माण, अन्य आकस्मिक कार्य, इत्यादि विकास कार्यो के लिए सीमेंट ईंट प्रथम श्रेणी, सीधा तांबड़ा ईंट, मौरंग, बालू,सरिया,टाइल्स,रंगाई पुताई तथा वायरिंग, गिट्टी ह्यूम पाइप पत्थर गिट्टी, सीमेंट ईंट, हैंडपम्प मरम्मत एवं रिबोर सामग्री, पशु देखभाल एवं उपचार सामग्री, ठेलिया,ई0–रिक्शा अश्वटो इत्यादि आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा सूचना प्रकाशन के दिनांक 22 जुलाई से 29/7/2024 के अंदर सामग्री आपूर्ति हेतु अपने निविदा दर व वंचित पत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय के टेंडर बॉक्स में डालना सुनिश्चित करें।

नियम एवं शर्ते :–

